आज

आज ३.०० तीन रुपये मात्र

गौरवशाली परम्परा

गौरवशाली परम्परा का १०७ वर्ष

वाराणसी, गुरुवार १५ अक्तूबर, २०२६ सौर २९, आश्विन शुक्ल ५, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित * काशी संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये

मतदान कार्मिकों को दिया गया प्रशिक्षण

वाराणसी खंड शिक्षक-स्नातक निर्वाचन के लिए मतदान प्रक्रिया की दी गयी जानकारी

गाजीपुर। वाराणसी खंड शिक्षक-स्नातक निर्वाचन- 2026 को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए बुधवार को क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान (आरटीआई) सभागार में मतदान कार्मिकों और पीठासीन अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रोजेक्टर और लैपटॉप के माध्यम से पीपीटी प्रस्तुत कर निर्वाचन प्रक्रिया की सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक जानकारी दी गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य पीठासीन अधिकारियों और मतदान कार्मिकों को मतदान प्रक्रिया से जुड़ी सभी आवश्यक जानकारियों से अवगत कराना है, ताकि मतदान के दिन किसी प्रकार की असमंजस की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि कार्मिकों को प्रक्रिया की सही जानकारी होने से मतदान सुचारु, व्यवस्थित और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के उपरांत मतदान कार्मिकों का रैंडमाइजेशन किया जाएगा। इसके बाद 17 अक्टूबर को पुनः प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित होगा। निर्वाचन को निष्पक्ष एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए कार्मिकों को निर्धारित प्रक्रिया और निर्देशों की जानकारी दी गई।

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए १७ और २४ को विशेष कैंप

गाजीपुर। निर्वाचक नामावली के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के तहत छूटे हुए और पहली बार मतदान के योग्य युवाओं के नाम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए 17 और 24 अक्टूबर को विशेष कैंप लगाए जाएंगे। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपम शुक्ला ने बताया कि जनपद के सभी मतदान केंद्रों पर सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक बूथ लेवल अधिकारी यानि बीएलओ मौजूद रहेंगे। कैंप में फार्म-6 उपलब्ध कराने के साथ मतदाताओं की सहायता के लिए हेल्प डेस्क भी बनाई जाएगी। बीएलओ को अंतिम मतदाता सूची और पूरक सूचियां साथ रखने तथा प्राप्त आवेदनों का व्यवस्थित अभिलेखीकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। कैंप की जानकारी लोगों तक पहुंचाने के लिए शहरी क्षेत्रों में लाउडस्पीकर और ग्रामीण क्षेत्रों में डुगडुगी के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

मतदान कार्मिकों और पीठासीन अधिकारियों के प्रशिक्षण की समीक्षा करते डीएम। छाया:आज

दुर्गा के स्वरूपों की निकली भव्य झांकी का दृश्य। छाया:आज

मां कुष्मांडा सहित नौ दुर्गा के स्वरूपों की भव्य झांकी

श्रद्धालुओं ने किया पूजन-अर्चन

दुल्लहपुर, गाजीपुर। शारदीय नवरात्र के चौथे दिन बुधवार को शाम 4बजे जखनियां बाजार में भक्ति, श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। कुमकुम पार्लर मेकअप स्टूडियो की प्रोपराइटर मंजू गुप्ता के नेतृत्व में शाम चार बजे मां आदिशक्ति और नौ दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की भव्य झांकी के साथ जुलूस निकाला गया। बाजार के प्रमुख मार्गों से गुजरता हुआ यह जुलूस शिव मंदिर पहुंचा, जहां झांकी के माध्यम से मां दुर्गा के दिव्य स्वरूपों का दर्शन कराया गया।झांकी के दौरान बाजार में जगह-जगह महिलाओं ने मां आदिशक्ति और मां कुष्मांडा के स्वरूपों की विधिवत पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की। श्रद्धा और भक्ति से सराबोर इस आयोजन को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी। बाजारवासियों ने झांकी की सराहना करते हुए धार्मिक आयोजन के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की।इस धार्मिक आयोजन में दीपक गुप्ता, विशाल गुप्ता, आरसी गुप्ता, रंजना सिंह, रीना, अनीता, मालती चौहान, सोनी यादव, शिवानी सेठ, कुमकुम गुप्ता, दिशा और मोना पटवा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं। ताजपुर डेहमा प्रतिनिधि के अनुसार-. मुहम्मदाबाद से चितबडागांव मार्ग पर करीमुद्दीनपुर थाने के पास ईक्यावन शक्ति पीठों मे से एक प्रमुख पीठ और मां जगदम्बा का एक दिब्य स्वरूप है जो मां कष्टहरणी के नाम से जाना जाता है ,जो पल भर में अपने भक्तों के दैहिक दैविक एवम भौतिक सारे ताप व संताप को हर लेती है। अपने दरबार में पहुंचे भक्तों की सारी मनोकामनाएं एवम मुरादे पूर्ण कर देती है ।और भक्तों के सभी रोग शोक दुग्ख का शमन करके धन धान्य एवम आरोग्यता प्रदान करने वाली मां कष्टहरणी सदैव अपनें भक्तों के कष्टों को हरने वाली दया की सागर ममतामयी करूणामयी है, मां अपने दरबार में पहुंचे भक्तों की सारी मनोकामनाऐ एवम मुरादे पूर्ण कर देती है ।

भागड़नाले के गहरे पानी में डूबने से किशोर की मौत

भांवरकोल(गाजीपुर)। क्षेत्र के निकरोजपुर निवासी हरेराम राम के पुत्र अमन कुमार (17) की भागड़नाले के गहरे पानी में डूबने के कारण मौत हो गई। सूचना पाकर बुधवार को पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अमन कुमार अपने दो भाइयों में छोटा था। उसका परिवार दूसरे से पेशानी खेत लेकर मिर्च की खेती किया है। खेत के सामने कुछ ही दूरी पर भागड़ नाला है। मिट्टी निकालने के कारण उस स्थान पर भागड़नाला अधिक गहरा होने से बाढ़ का पानी अभी भी वहां भागड़नाले में जमा है। मंगलवार की रात घर से शौच के लिए निकला अमन कुमार वापस नहीं आया। स्वजन उसे खोजने लगे ।खोजबीन के दौरान बुधवार को दोपहर में अमन कुमार का शव भागड़ नाले में मिल गया। अमन के शरीर पर पैंट शर्ट तथा हाथ में घड़ी अनुमान लगाया जा रहा है कि अमन शौच के बाद भानगढ़ नाली के किनारे हाथ पैर धोते समय फिसल कर भगड़ नाले के गहरे पानी में चला गया होगा। स्वजन ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर थानाध्यक्ष राजीव कुमार पांडेय अपने सहयोगियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया।

एक नज़र इधर भी

मड़ई में सो रहे बुजुर्ग को सांप ने काटा, इलाज के दौरान मौत

बिरनो, गाजीपुर। थाना क्षेत्र के कहोतरी गांव में मंगलवार दोपहर मड़ई में सो रहे 85 वर्षीय बुजुर्ग को सांप ने काट लिया। परिजन उन्हें उपचार के लिए गाजीपुर मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां देर रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है। मृतक की पहचान रामकृत राम (85) पुत्र स्वर्गीय विशंभर राम, निवासी कहोतरी के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंगलवार दोपहर रामकृत राम अपनी मड़ई में चारपाई पर सो रहे थे। इसी दौरान मड़ई में लगे बांस से अचानक एक सांप उनकी चारपाई पर गिर पड़ा और उनके पैर में काट लिया। सांप के काटने पर उन्होंने शोर मचाया। आवाज सुनकर पहुंचे परिजन उन्हें तत्काल निजी वाहन से गाजीपुर मेडिकल कॉलेज ले गए। वहां चिकित्सकों ने उनका उपचार शुरू किया, लेकिन देर रात उनकी मौत हो गई। बिरनो थानाध्यक्ष पन्नेलाल यादव ने बताया कि मृतक के पुत्र श्रवण की ओर से प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बुजुर्ग की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

अंधऊ हवाई पट्टी के १० किमी दायरे में नो-फ्लाइंग जोन

गाजीपुर। भारतीय वायुसेना की 94वीं वर्षगांठ पर वाराणसी के नमो घाट पर 22, 24 और 25 अक्टूबर को प्रस्तावित हवाई प्रदर्शन के मद्देनजर गाजीपुर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने अंधऊ हवाई पट्टी और उसके 10 किलोमीटर के दायरे को 14 से 28 अक्टूबर तक नो-फ्लाइंग जोन घोषित किया है। प्रस्तावित हवाई प्रदर्शन में करीब 100 विमानों के शामिल होने की संभावना है। इसके लिए 15 से 27 अक्टूबर तक अंधऊ हवाई पट्टी पर चिनूक, अपाचे और एमआई-17 वी-5 हेलीकॉप्टर तैनात किए जाएंगे। प्रतिबंधित क्षेत्र में ड्रोन, यूएवी, पैराग्लाइडर, हॉट एयर बैलून और अन्य हल्के उड़ान यंत्रों का संचालन प्रतिबंधित रहेगा। हालांकि, सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति से अधिकृत एजेंसियों को छूट दी जा सकेगी। आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

बाइक पोल से टकरायी, चालक घायल

रेवतीपुर (गाजीपुर)। थाना क्षेत्र में बुधवार दोपहर में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार संजय शुक्ला गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। कुछ देर वहां पड़े रहने के बाद टैम्पो लेकर ताड़ीघाट बारा नेशनल हाईवे से गुजर रहे लालसाहब यादव निवासी गोपालपुर ने उठाकर वहां मौजूद लोगों के सहयोग से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेवतीपुर पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल गाजीपुर रेफर कर दिया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक धर्मदास सिद्धार्थ ने बताया कि सड़क हादसे की सूचना मिली है। बाइक अनियंत्रित होने के कारण दुर्घटना हुई। घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

तीन दिवसीय स्काउट-गाइड शिविर का हुआ शुभारंभ

मनिहारी, गाजीपुर। विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मनिर्भरता, नेतृत्व क्षमता एवं सेवाभाव विकसित करने के उद्देश्य से बुधवार, 14 अक्टूबर 2026 को उच्च प्राथमिक विद्यालय कन्या मनिहारी, शिक्षा क्षेत्र मनिहारी, जनपद गाजीपुर में तीन दिवसीय स्काउट-गाइड शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर में बच्चों को स्काउट-गाइड के सिद्धांतों के अनुरूप प्रगतिशील प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। शिविर के प्रथम दिन प्रशिक्षक सन्तोष कुशवाहा के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने ध्वज स्थापना, सीटी के संकेत, हाथ के संकेत, टोली निर्माण तथा रस्सी के विभिन्न उपयोगी कार्यों की जानकारी प्राप्त की। प्रशिक्षण के दौरान बच्चों को व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से अनुशासन, एकता, सहयोग, नेतृत्व और जिम्मेदारी का महत्व समझाया गया।प्रगतिशील प्रशिक्षण के अंतर्गत बच्चों को चरणबद्ध तरीके से नए कौशल सीखने, स्वयं कार्य करने, सामूहिक भावना विकसित करने तथा दैनिक जीवन में उपयोगी व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। शिविर में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

कार्यकर्ताओं ने मांगें पूरी होने तक काम न करने की दी चेतावनी

रेवतीपुर (गाजीपुर)। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आशा कार्यकर्ताओं और आशा संगिनियों ने स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के परिसर में हड़ताल शुरू कर दी है। कार्यकर्ताओं ने मांगें पूरी होने तक काम नहीं करने की चेतावनी दी है। उनका कहना है कि लंबे समय से उनकी समस्याओं की अनदेखी की जा रही है, जबकि स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने और ऑनलाइन कार्यों को पूरा करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है।हड़ताल पर बैठीं आशा कार्यकर्ताओं और संगिनियों ने छह सूत्रीय मांगपत्र के माध्यम से शासन से मानदेय और प्रोत्साहन राशि में बढ़ोतरी करने सहित कई मांगें उठाई हैं। उनका कहना है कि महंगाई लगातार बढ़ रही है, लेकिन उन्हें मिलने वाली प्रोत्साहन राशि में उसी अनुपात में बढ़ोतरी नहीं की गई है। उन्होंने प्रत्येक मद में मिलने वाली प्रोत्साहन राशि को महंगाई को ध्यान में रखते हुए तीन गुना बढ़ाने अथवा निश्चित न्यूनतम वेतनमान निर्धारित करने की मांग की।साथ ही कार्यकर्ताओं ने कहा कि उन्हें सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में मान्यता प्राप्त है, लेकिन उनसे कर्मचारियों की तरह काम लिया जाता है। यदि उनसे इसी प्रकार नियमित कर्मचारी की तरह कार्य कराया जाना है तो उन्हें राज्य कर्मचारी घोषित कर ईपीएफ और ईएसआई जैसी सुविधाओं के दायरे में लाया जाए।

राम-भरत मिलन देख भावुक हुए दर्शक, चरण पादुका लेकर लौटे भरत

गाजीपुर। अतिप्राचीन श्रीरामलीला कमेटी हरिशंकरी के तत्वावधान में मंगलवार की शाम रामलीला के आठवें दिन सकलेनाबाद स्थित भारद्वाज मुनि के आश्रम पर भरत आगमन, मनावन एवं विदाई लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। पं. राजा भैया तिवारी आदर्श श्रीरामलीला मंडल के कलाकारों ने राम-भरत मिलन और भ्रातृप्रेम के प्रसंगों का सजीव चित्रण कर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। लीला से पूर्व कमेटी के मंत्री ओमप्रकाश तिवारी सहित अन्यपदाधिकारियों ने सिंहासन पर विराजमान प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण और माता सीता के स्वरूपों की आरती की।लीला में दिखाया गया कि निषादराज के साथ गंगा पार करने के बाद प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण और माता सीता महर्षि भारद्वाज एवं महर्षि वाल्मीकि के आश्रम पहुंचते हैं। महर्षि वाल्मीकि के सुझाव पर प्रभु श्रीराम चित्रकूट में निवास करने लगते हैं। उधर, गुरु वशिष्ठ की आज्ञा से अपने ननिहाल कैकेय देश से अयोध्या लौटे भरत को पिता महाराज दशरथ की मृत्यु और बड़े भाई श्रीराम के वनवास का समाचार मिलता है। माता कैकेयी से वनवास और राजतिलक के लिए मांगे गए वरदानों की जानकारी होने पर भरत व्यथित हो उठते हैं और श्रीराम को वापस अयोध्या लाने का संकल्प लेते हैं। इसके बाद भरत, शत्रुघ्न, गुरु वशिष्ठ, तीनों माताओं और चतुरंगिणी सेना के साथ चित्रकूट के लिए प्रस्थान करते हैं। दिलदारनगर प्रतिनिधि के अनुसार-नगर के रामलीला मंच पर श्री रामकथा दर्शन रामलीला समिति के तत्वाधान में बह रही धर्म, आस्था और लोक संस्कृति के त्रिवेणी में श्रद्धालु डूबकी लगा रहे हैं।स्थानीय कलाकारों ने ताड़का वध की जीवंत प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया।अध्यक्ष सत्यनारायण वर्मा ने बताया कि धार्मिक आयोजन से नगर में माहौल भक्तिमय हो गया।वही उसिया गांव स्थित लहंग बाबा पोखरा पर राघवेंद्र रामलीला समिति के तत्वावधान में आयोजित रामलीला के मंचन के दौरान भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के वनवास जाने के प्रसंग को कलाकारों ने जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। रामलीला के दौरान पूरा परिसर श्रद्धा और भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा।

हाईटेंशन तार टूटने से छह घंटे ठप रही बिजली

दिलदारनगर (गाजीपुर)। विद्युत उपकेंद्र के अमौरा फीडर की 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन विद्युत तार बाईपास रोड स्थित इनलैंड हॉस्पिटल के पास टूटकर गिरने से बुधवार भोर से दर्जनों गांवों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। करीब साढ़े छह घंटे तक बिजली गुल रहने से उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बुधवार भोर करीब 4 बजे आपूर्ति बाधित हुई थी, जिससे घरों में लगे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और पानी की मोटरें बंद रहीं। इससे लोगों को पेयजल संकट के साथ-साथ दैनिक कार्यों में भी काफी दिक्कतें उठानी पड़ीं। सूचना मिलने पर विद्युतकर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे और मरम्मत कार्य में जुट गए।

निर्वाचन प्रशिक्षण से १५ कार्मिक नदारद, वेतन रोकने और विभागीय काररवाई के निर्देश

गाजीपुर। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के वाराणसी खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन-2026 को निष्पक्ष, पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए बुधवार को क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान, गाजीपुर के सभागार में मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में 15 कार्मिक अनुपस्थित मिले। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने अनुपस्थित कार्मिकों का वेतन रोकने और उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, वाराणसी खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन 23 अक्टूबर को संपन्न होगा। जनपद में शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के 6,182 और स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के 49,652 मतदाता पंजीकृत हैं। निर्वाचन व्यवस्था के लिए जिले को सात जोन और 19 सेक्टर में विभाजित किया गया है। इसके लिए 36 मतदान केंद्रों पर 70 मतदेय स्थल निर्धारित किए गए हैं। प्रशिक्षण में कुल 200 मतदान कार्मिकों को शामिल होना था। इनमें 100 पीठासीन अधिकारी और 100 मतदान अधिकारी शामिल थे।

मिशन शक्ति के तहत कनक बनीं एक दिन की प्रधानाध्यापिका

गाजीपुर। महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सम्मान, स्वावलमंबन, सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से मिशन शक्ति अभियान (फेज-6.0) के अन्तर्गत पुलिस विभाग द्वारा थाना दिलदारनगर, थाना भुड़कुडा, थाना नोनहरा, सादात, थाना कोतवाली एवं जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में पड़ने वाले/कस्बो, बाजारों, स्कूल/कॉलेजों, सार्वजनिक स्थानों, धार्मिक स्थलों आदि के आस-पास मिशन-शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक किया गया। स्थानीय थाने पर मिशन शक्ति केन्द्र आदि के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए पंफलेट आदि के माध्यम से जागरुक किया गया तथा महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओँ (निराश्रित महिला पेंशन योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढाओ, आयुष्मान योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना आदि) के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए जागरुक किया गया। नगसर प्रतिनिधि के अनुसार- शासन के निर्देशों के क्रम में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय विशुनपुरा, विकासखंड रेवतीपुर, जनपद गाजीपुर में बुधवार को छात्रा कनक गुप्ता को एक दिन के लिए प्रधानाध्यापिका का दायित्व सौंपा गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, निर्णय लेने की योग्यता तथा जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। एक दिन की प्रधानाध्यापिका के रूप में कनक गुप्ता ने विद्यालय के दैनिक संचालन की जिम्मेदारी संभालते हुए शिक्षण कार्य, विद्यालय की स्वच्छता, सुरक्षा एवं साफ-सफाई की व्यवस्था तथा मध्याह्न भोजन के सुचारु संचालन पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन उत्साहपूर्वक एवं जिम्मेदारी के साथ किया।

चौहान समाज ने भाजपा में राजनीतिक भागीदारी की उठायी मांग

गाजीपुर। राष्ट्रीय चौहान महासंघ ने उत्तर प्रदेश में लोनिया-नोनिया चौहान समाज की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने और आगामी विधानसभा चुनाव में समाज को उचित प्रतिनिधित्व देने की मांग उठाई है। महासंघ की ओर से भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रभारी श्री विनोद तावड़े जी तथा उत्तर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी को पत्र भेजकर समाज की राजनीतिक सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की गई है। राष्ट्रीय चौहान महासंघ के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष चंद्र प्रकाश चौहान ने पत्र में कहा है कि लोनिया -नोनिया चौहान समाज लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी का समर्थक रहा है। समाज के लोगों ने पूर्वांचल से लेकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश तक विभिन्न चुनावों में पार्टी के पक्ष में मतदान किया है। महासंघ का कहना है कि समाज ने पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा और समर्थन लगातार बनाए रखा है, लेकिन इसके अनुरूप संगठन और सत्ता में प्रतिनिधित्व नहीं मिल पाने से समाज के लोगों में असंतोष है।

साइबर ठगी के २७०० रुपये कराये वापस

कठवामोड़, गाजीपुर। नोनहरा थाना पुलिस की साइबर हेल्प डेस्क ने ऑनलाइन ठगी के शिकार एक व्यक्ति के 2700 रुपये वापस कराने में सफलता हासिल की है। रुपये वापस मिलने पर शिकायतकर्ता ने पुलिस टीम के प्रति आभार जताया। पुलिस के अनुसार पारा गांव निवासी मोहम्मद रुस्तम पुत्र मोहम्मद जहीर के साथ यूपीआई के माध्यम से धोखाधड़ी हुई थी। पीड़ित ने एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत संख्या 23103250043438 दर्ज कराई थी। थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में साइबर हेल्प डेस्क प्रभारी उपनिरीक्षक अविनाश मणि तिवारी और उनकी टीम ने शिकायत पर कार्रवाई की। प्रयासों के बाद ठगी की गई 2700 रुपये की धनराशि शिकायतकर्ता के खाते में वापस करा दी गई।

इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD
ई-नीलामी
दिनांक - 26.11.2026

अंचल कार्यालयः पुतलीधर नटवां (जान्हवी होटल के पास), मिर्जापुर। फोन 05442-220334 ई-मेलः zomirzapur@indianbank.bank.in

अचल सम्पत्तियों के विक्रय का विक्रय सूचना
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रर्वतन अधिनियम, 2002 समपठित प्रतिभूति हित (प्रर्वतन) नियम, 2002 के नियम 8(6)के अंर्तगत अचल सम्पत्तियों के विक्रय का ई - नीलामी विक्रय सूचना।

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सामान्य रुप से एवं ऋणियों एवं जमानतकर्ताओं को विशेष रुप से सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अचल सम्पत्ति जो कि प्रतिभूति क्रेडिटर के द्वारा ऋण सुविधा को सुरक्षित करने के लिए बैंक के पास बंधक/प्रभार के अधीन रखी गई है और जिसका इण्डियन बैंक, के प्राधिकृत अधिकारी/प्रतिभूति क्रेडिटर के द्वारा सांकेतिक कब्जा भी लिया जा चुका है, जिसकी वसूली हेतु "जो है जहां है", "जो है जैसे है" तथा "जो कुछ भी है" के आधार पर इण्डियन बैंक, के सुरक्षित लेनदार/प्रधिकृत अधिकारी द्वारा

दिनांक - 26.11.2026 समय प्रातः 10.00 से सांय 04.00 बजे तक

सम्पत्ति की ई-नीलामी बिक्री की जाएगी। ई-नीलामी के द्वारा बिक्री के लिए लाई जाने वाली सम्पत्ति का विशिष्ट विवरण निम्नलिखित हैः

1. शाखा- मरिहान, मो0- 9431678411 — खाता - स्व0 मोहम्मद हकीम

ऋणी/बंधककर्ता/जमानतदार का विवरण -1. मृतक की सम्पत्ति स्व0 मोहम्मद हकीम पुत्र मोहम्मद शरीफ, पता- गाँव- देवरी कला, मरिहान, जिला - मिर्जापुर उत्तर प्रदेश (ऋणी) कानूनी उत्तराधिकारी द्वारा प्रतिनिधित्व क) श्रीमती नगीना बेगम पत्नी स्व0 श्री मोहम्मद हकीम, पता : ग्राम समसुदपुर, जिला चन्दौली 221115, 2. श्रीमती नगीना बेगम पत्नी स्व0 श्री मोहम्मद हकीम, पता : ग्राम समसुदपुर, जिला चन्दौली 221115 (ऋणी/बंधककर्ता)
बकाया राशि -रू. 15,20,595.00 (रूपये पन्द्रह लाख बीस हजार पाँच सौ पनचान्बे मात्र) दिनांक- 09.10.2026 से प्रभावी ब्याज, लागत तथा अन्य खर्च)
बंधक सम्पत्ति का विवरण - सम्पत्ति का सभी भाग स्थित अराजी नम्बर 582/1615, क्षेत्रफल 0.025 हैक्टेयर, मौजा - देवरी कला, टप्पा- 84, परगना- कान्तित, तहसील- मरिहान, मिर्जापुर जो उप निबन्धक मरिहान के यहाँ विलेख सं0 5173, बही नं0 1, जिल्द नं0 1018, पृष्ठ सं0 279 से 298 दिनांकित 26.12.2014 पर पंजीकृत है, जो कि श्रीमती नगीना बेगम पत्नी स्व0 मोहम्मद हाकिम के नाम में है,
चौहद्दी (विलेख के अनुसार) : पूर्व- विक्रेता की शेष जमीन, पश्चिम- जीरा देवी और मोती और अन्य की जमीन, उत्तर- मिर्जापुर से राबर्टसगंज रोड, दक्षिण - छोटी मीनार

सम्पत्ति पर ऋणभारः	नहीं	बिड बढ़ोत्तरी राशिः	रू. 10,000.00
आरक्षित मूल्यः	रू. 56,00,000.00	ई- नीलामी की तिथि व समयः	26.11.2026, प्रातः10.00 से सायं 04.00 बजे तक
धरोहर जमा राशिः	रू. 5,60,000.00	सम्पत्ति आईडी सं0	IDIB30512373911

ऑनलाइन बिड में भाग लेने के लिए बोलीदाताओं को यह सलाह दिया जाता है कि वे हमारे ई-नीलामी सेवाप्रदाता पी एस बी एलायंस प्रा0 लिमिटेड की वेबसाइट (http://baanknet.com) का अवलोकन करें। तकनीकि सहायता के लिये कृपया पी एस बी एलायंस प्रा0 लिमिटेड हेल्प डेस्क नं0- 8291220220 एवं सर्विस प्रदाताओं के हेल्प डेस्क में उपलब्ध अन्य हेल्पलाइन नं0 पर कॉल करें। पी एस बी एलायंस प्रा0 लिमिटेड में रजिस्ट्रेशन के स्थिति की जानकारी के लिए, support.BAANKNET@psballiance.com पर सम्पर्क करें एवं धरोहर धनराशि की स्थिति के लिए कृपया support.BAANKNET@psballiance.com पर सम्पर्क करे।
सम्पत्ति एवं सम्पत्ति का फोटोग्राफ तथा नीलामी के नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया http://baanknet.com तथा इस पोर्टल से सम्बन्धित स्पष्टिकरण के लिए कृपया हेल्पलाइन नंम्बर 8291220220 पर सम्पर्क करें।
बोलीदाताओं का सलाह दी जाती है कि वेबसाइटhttp://baanknet.com पर जब सम्पत्ति के लिए जानकारी प्राप्त कर रहें हों तो उपरोक्त उल्लिखित सम्पत्ति आईडी नंम्बर का प्रयोग करें।
baanknet
कृपया नोट करें कि बैंक का उर्पयुक्त सम्पत्तियों पर सांकेतिक कब्जा हैं न कि भौतिक कब्जा।

दिनांकित- 09.10.2026, स्थान- मिर्जापुर | त्रुटि के स्थिति में अग्रेजी पाठ्य मान्य होगा। | प्राधिकृत नोडल अधिकारी (मो0 8433693774) इंडियन बैंक

आज
३.००
तीन रुपये मात्र
गौरवशाली परम्परा
१०७ वर्ष

वाराणसी, गुरुवार १५ अक्तूबर, २०२६ सौर २९, आश्विन शुक्ल ५, २०८३ वि.। | वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित | * काशी संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये

यूपीमें तीन महीनेमें करायें पंचायत चुनाव-हाईकोर्ट

लखनऊ (आससे.)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बुधवार को ग्राम पंचायत चुनाव मामले में एक अहम फैसला सुनाते हुए राज्य सरकार को तीन महीने के भीतर चुनाव कराने का निर्देश दिया है। कोर्ट के आदेश के अनुसार, जब तक नए चुनाव संपन्न नहीं हो जाते, तब तक सभी निवर्तमान ग्राम प्रधान प्रशासक के रूप में अपने पदों पर कार्य करते रहेंगे। यह फैसला न्यायमूर्ति जस्टिस अजीत कुमार और जस्टिस गरिमा प्रसाद की

पिछड़ा वर्ग आयोगको लेकर कोर्टमें जायेगी सरकार

डिवीजन बेंच ने शाम 4ः00 बजे खुली अदालत में सुनाया। यह याचिका प्रयागराज के इम्तियाज हुसैन और अन्य द्वारा समय पर चुनाव कराने की मांग को लेकर दायर की गई थी।इस मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में अलग से सुनवाई चल रही है। सरकार एक से अधिक बार चुनाव कराने को लेकर अपना रुख स्पष्ट कर चुकी है। सरकार द्वारा पहले प्रशासक नियुक्त किए जा चुके हैं। इसके अलावा कुछ अन्य वजहें हैं जिसके चलते यह चुनाव अभी करा पाना संभव नहीं है। नियमानुसार पंचायत चुनाव से पहले सरकार को पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट (शेष पृष्ठ ९ पर)

पीडीए' नहीं, परिवारवादको बढ़ावा दे रही सपा-योगी

राज्यसभामें यादव, दलित और मुस्लिम समाज की जगह चचाजान व धन्ना सेठ को तरजीह, यूपी पुलिस के 32 हजार पदों का परिणाम घोषित

वाराणसी (का.प्र.)। वाराणसी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर परिवारवाद और तुष्टीकरण को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि उसका पीडीए सिर्फ छलावा है। राज्यसभा चुनाव में सपा ने काशी, गाजीपुर और बलिया के यादवों को नहीं, बल्कि अपने परिवार के चचाजान को भेजा। दलित और मुस्लिम समाज को भी प्रतिनिधित्व देने के बजाय दूसरी सीट धन्ना सेठ को दे दी। मुख्यमंत्री बुधवार को संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में वाराणसी खंड के शिक्षक-स्नातक विधान परिषद चुनाव सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी डॉ. प्रमोद कुमार मिश्र और केदारनाथ सिंह के

पक्ष में समर्थन मांगा।

योगी ने कहा कि सपा के पीडीए का मतलब 'परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी' और 'पराया धन अपना' है। सपा रूपी गिरगिटों से सावधान रहने की जरूरत है। मगरमच्छ की तरह ये पास आकर नदी पार कराने का भरोसा देते हैं, लेकिन इन पर विश्वास नहीं करना चाहिए। पाप करने वाले सपाई हमें उपदेश न दें।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में साढ़े नौ साल में साढ़े नौ लाख युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। अगले छह महीने में एक लाख और युवाओं को नौकरी मिलेगी। बुधवार को यूपी पुलिस में 32 हजार पदों पर भर्ती का परिणाम घोषित हुआ है। होमगार्ड के 42 हजार पदों पर भर्ती भी पूरी हो चुकी है। सभी चयनित अभ्यर्थियों को जल्द नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे।श्री योगी ने आरोप लगाया कि सपा सरकार में भर्ती आयोगों और बोर्डों पर सैफई सिंडिकेट का कब्जा था। चाचा-भतीजे की (शेष पृष्ठ ९ पर)

जंतर-मंतरपर तिरंगा लहराना अपराध नहीं-राहुल

नयी दिल्ली (आससे)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान तिरंगा लहराने के मामले में कॉकरोच जनता पार्टी सीजेपी के नेताओं की गिरफ्तारी की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन के दौरान तिरंगा लहराना अपराध नहीं है और इसके लिए युवाओं को जेल भेजना कायरतापूर्ण है। राहुल ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि छात्र, युवा, पत्रकार, नागरिक समाज और विपक्षी दल अलग-अलग बैनर के तहत प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन (शेष पृष्ठ ९ पर)

छात्रों की आवाज दबाने वालों को सजा दिलायेंगे

नयी दिल्ली (आससे)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री (शेष पृष्ठ ९ पर)

रेल कर्मचारियोंको मिलेगा ७८ दिन का बोनस, कैबिनेटकी मंजूरी

नयी दिल्ली (आससे)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में रेलवे के लगभग 11.4 लाख अराजपत्रित कर्मचारियों को 78 दिनों का उत्पादकता आधारित बोनस पीएलबी देने की मंजूरी दी गई। बैठक के बाद केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसकी

जानकारी देते हुए बताया कि इस फैसले से 11,40,770 रेल कर्मचारियों को लाभ होगा। बोनस के भुगतान पर कुल 2,009.61 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। सरकार के मुताबिक, पात्र रेल कर्मचारियों को 78 दिनों के वेतन के बराबर बोनस दिया जाएगा। इसकी गणना 7,000 रुपये की मासिक वेतन सीमा के आधार पर होती है। इस हिसाब से प्रत्येक पात्र कर्मचारी को अधिकतम 17,951 रुपये मिलेंगे। बोनस का भुगतान आम तौर पर दुर्गा पूजा और दशहरा से पहले किया जाता है। इस फैसले से ट्रैक मेंटेनर, लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर गार्ड,

११.४ लाख कर्मियों को होगा लाभ

स्टेशन मास्टर, पर्यवेक्षक, तकनीशियन, सहायक तकनीशियन, पॉइंट्समैन, मंत्रालयिक कर्मचारियों और ग्रुप सी के अन्य पात्र रेलकर्मियों को लाभ मिलेगा। सरकार ने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में रेलवे ने 1,670 मिलियन टन माल की रिकॉर्ड ढुलाई की और करीब 7.41 अरब यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया। सरकार ने बोनस को रेल कर्मचारियों के योगदान की सराहना और रेलवे के कामकाज में सुधार के लिए उन्हें प्रोत्साहित करने वाला कदम बताया है।

यूपी : ३२,६७९ पुलिस पदों पर भर्तीका अंतिम परिणाम जारी

लखनऊ (आससे.)। उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाही नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा का अंतिम परिणाम जारी कर दिया गया है। इस भर्ती प्रक्रिया के तहत कुल 32,679 पदों पर चयन किया जाना है। परीक्षा में शामिल अभ्यर्थी उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना परिणाम देख सकते हैं। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे परिणाम से संबंधित जानकारी और आगे की प्रक्रिया के लिए बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी निर्देशों का अवलोकन करें।

सिद्धार्थनगर : मार्ग दुर्घटना में तीन की मौत

सिद्धार्थनगर (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जिले में भवानीगंज थानाक्षेत्र स्थित ब्यारा चौराहे पर मंगलवार देर रात को अज्ञात वाहन और बाइक की टक्कर हो गई। बाइक पर सवार दो किशोर समेत तीन की मौत हो गई। वे सभी दुर्गा पूजा देखकर घर वापस लौट रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़क हादसे का संज्ञान लेते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजन के प्रति संवेदना की व्यक्त की है। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल मौके पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही मृतकों के परिजनों से संवाद कर हर संभव सहायता उपलब्ध करवाने के भी निर्देश दिए है। (शेष पृष्ठ ९ पर)

यूपीमें सात आईएएस अफसरोंका तबादला

लखनऊ (आससे.)। उत्तर प्रदेश में प्रशासनिक फेरबदल के तहत सात आईएएस अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। धीरेंद्र सिंह सचान को निदेशक पंचायतीराज, उत्तर प्रदेश बनाया गया है। वहीं, आजमगढ़ और आगरा के मुख्य विकास अधिकारियों (सीडीओ) समेत कई अन्य अधिकारियों की तैनाती में बदलाव किया गया है। राकेश कुमार पटेल- मुख्य विकास अधिकारी, आजमगढ़ से विशेष सचिव, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग बनाए गए हैं। (शेष पृष्ठ ९ पर)

पशुपालन विभागके भर्ती घोटालें पूर्व प्रमुख सचिव गिरफ्तार

लखनऊ (आससे.)। आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने चर्चित पशुपालन भर्ती घोटाले में बड़ी कार्रवाई करते हुए लखनऊ से पूर्व प्रमुख सचिव योगेश कुमार को गिरफ्तार किया गया है। वह 1980 बैच रिटायर्ड आईएएस अधिकारी है। ईओडब्ल्यू के डायरेक्टर जनरल जेएन सिंह ने बताया कि पूर्व आईएएस योगेश कुमार को इकोनॉमिक ऑफेंस विंग ने लखनऊ के गोमती नगर से गिरफ्तार किया है। साल 2014 में पूर्व की समाजवादी पार्टी की सरकार में उत्तर प्रदेश के 17 मंडलों में 1198 पदों पर पशुधन प्रसार अधिकारियों की भर्ती हुई थी। (शेष पृष्ठ ९ पर)

मुस्कान-साहिलको मृत्युदंड

मेरठ (एजेंसी)।मेरठ के सौरभ राजपूत हत्याकांड में मुस्कान रस्तोगी ने अपनी बेटियों का हवाला देकर कम सजा की अपील की, जबकि साहिल शुक्ला ने भी नरमी की मांग की। अदालत ने दोनों को मृत्युदंड सुनाया। मेरठ में जिस पति को बेदर्दी से मौत के घाट उतारकर लाश के पांच टुकड़े किए और नीले ड्रम में ठूंसकर सील कर दिया, आज उसी हैवानियत की मुख्य सूत्रधार अदालत के सामने अपनी जान और सजा की भीख मांगती नजर आई। मेरठ के बहुचर्चित और रूह कंपा देने वाले ब्रह्मपुरी सौरभ राजपूत हत्याकांड में आखिरकार इंसाफ की घड़ी आ गई। अदालत ने कातिल पत्नी मुस्कान और उसके आशिक साहिल को सौरभ की नृशंस हत्या का मुजरिम ठहरा दिया है। अब दोनों को मृत्युदंड की सजा दी गई है। सजा के ऐलान से ठीक पहले जज अरविंद कुमार मिश्रा की अदालत में जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए दोनों मुजरिमों को पेश किया गया। जब अदालत ने मुस्कान की आंखों में आंखें डालकर (शेष पृष्ठ ९ पर)

प्रेमी संग पति की हत्या करनेका मामला

एक नजर इधर भी

राजकीय वृद्धाश्रम में वितरण की गयी खाद्य एवं आवश्यक सामग्री

शारदीय नवरात्रि के अवसर पर महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तीकरण के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति अभियान-६.० के अंतर्गत बुधवार को जनपद के राजकीय वृद्धाश्रम, दुर्गाकुंड, भेलूपुर में भ्रमण कर दीपावली पर्व के दृष्टिगत खाद्य सामग्री एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों का वितरण कराया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य वृद्धजनों के साथ त्योहार की खुशियां साझा करना, उनके प्रति सम्मान एवं संवेदनशीलता की भावना को प्रोत्साहित करना तथा समाज में सेवा, सहयोग और मानवीय मूल्यों का संदेश प्रसारित करना रहा। उक्त कार्यक्रम में अपर पुलिस उपायुक्त, महिला अपराध श्रीमती नम्रिता श्रीवास्तवा एवं सहायक पुलिस आयुक्त, भेलूपुर गौरव कुमार सहित, थाना प्रभारी भेलूपुर व मिशन शक्ति प्रभारी तथा रोटरी क्लब बनारस शाइन के सदस्य विवेक मेहरा, हर्षित केसरवानी, शुभम जालान, रवीश गुप्ता, अम्बर भाटिया, अनुज केसरी, अमृत टंडन, रिचा मेहरा, कोमल केसरवानी, काजल जालान, सुम्मी गुप्ता, सुधीर वाधवानी व अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

मिर्जामुराद में मकान से लाखों का आभूषण चोरी

मिर्जामुराद। क्षेत्र के खालिसपुर (नहरापर) गांव में चोरों ने बंद मकान में सेंध लगाकर नकदी, सोने-चांदी के आभूषण, बर्तन और कपड़े समेत लगभग साढे तीन लाख रुपये मूल्य पर हाथ साफ कर दिया।। बुधवार को दोपहर मुंबई से घर पहुंची गृहस्वामिनी को घटना की जानकारी हुई। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। खालिसपुर निवासी सुबोधनी देवी पत्नी स्व. शंकर गुप्ता अपने बेटों के साथ मुंबई के गोरेगांव में रहती हैं। गांव स्थित उनके आठ कमरों के मकान में ताला बंद था। बुधवार को घर पहुंचने पर मकान के पीछे सेंध लगी मिली। अंदर सभी कमरों में सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी व बक्सों के ताले टूटे हुए थे। पीड़िता के मुताबिक, चोर १५ हजार रुपये नकद, करधनी, सोने की चेन, कान के झुमके, बर्तन, कपड़े और सुपर स्प्लेंडर बाइक समेत अन्य सामान उठा ले गये। चोरी गये सामान की कीमत करीब साढे तीन लाख रुपये बतायी गयी है। थाना प्रभारी गोपाल जी कुशवाहा ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जमीन पर कब्जे का प्रयास और फर्जी सट्टा इकरारनामा कराने के आरोप में मुकदमा दर्ज

जमीन पर कथित कब्जे के प्रयास और फर्जी सट्टा इकरारनामा कराने के आरोप में लालपुर पांडेयपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। ऐढ़े गांव निवासी विजयशंकर पांडेय ने आरोपितों पर कूटरचना, धोखाधड़ी और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित के मुताबिक, विवादित भूमि के संबंध में चकबंदी अधिकारी ने १४ जुलाई २०२५ को उनके और उनके भतीजे के पक्ष में फैसला सुनाते हुए नाम दर्ज करने का आदेश दिया था। आरोप है कि इसके बावजूद १६ और ३० जुलाई २०२५ को धोखाधड़ी और कूटरचना के जरिए जमीन से संबंधित दो सट्टा इकरारनामे निष्पादित कराये गये। विजयशंकर पांडेय का कहना है कि इसी भूमि के विवाद में पहले भी मुकदमा दर्ज हो चुका है और मामले में आरोपपत्र न्यायालय में दाखिल किया जा चुका है। इसके बावजूद आरोपितों ने ३० अगस्त २०२६ को विवादित जमीन पर पहुंचकर कब्जा करने का प्रयास किया और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

धोखाधड़ी के मामले में जौनपुर की इंटरप्राइजेज की प्रोपराइटर के दंपति के खिलाफ मुकदमा दर्ज

बैटरी-इनवर्टर का सामान देने के नाम पर १३.६७ लाख रुपये की धोखाधड़ी के मामले में न्यायालय के आदेश पर कैंट पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। भोजूबीर निवासी स्वास्तिक इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर असीम सिंह ने जौनपुर की जेएमडी इंटरप्राइजेज की प्रोपराइटर नीतू श्रीवास्तव उर्फ चिंटी और उनके पति आशीष श्रीवास्तव को आरोपित किया है। असीम सिंह के मुताबिक, उन्होंने सामान के कारोबार के सिलसिले में विभिन्न माध्यमों से विपक्षियों को कुल २९.७५ लाख रुपये दिए थे। आरोप है कि इसके बदले पूरी रकम का हिसाब नहीं किया गया। विपक्षियों ने १६.०८ लाख रुपये वापस किये, जबकि शेष १३.६७ लाख रुपये अब भी बकाया हैं। बकाया रकम मांगने पर कथित तौर पर गाली-गलौज करने के साथ धमकी भी दी गयी। इसके बाद पीड़ित ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर काररवाई की मांग की। न्यायालय के आदेश पर कैंट पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

केदार घाट पर गंगा में डूब रहे दो युवको को देवदूत बनकर पहुंचे दो आरक्षी ने बचाया

काशी के केदार घाट पर गंगा में डूब रहे दो युवकों के लिये दो आरक्षीयो ने तत्परता से जान बचायी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, केदार घाट पर पीसी श्री संजय कुमार पटेल के हमराह ड्यूटी पर आरक्षी रोहित कुमार कन्नौजिया और आरक्षी अरशद खान तैनात थे। इसी दौरान गंगा में दो युवक डूबने लगे। खतरे को भांपते हुए दोनों आरक्षियों ने तत्काल बचाव का प्रयास किया और संयुक्त प्रयास से युवकों को सुरक्षित बचाने में सफलता हासिल की। बचाये गये युवकों की पहचान अंशुल गुप्ता (२९ वर्ष) और ओम शर्मा (३०वर्ष), निवासी करगैना, बरेली के रूप में हुई है। गंगा में डूबते युवकों को बचाकर दोनों आरक्षियों ने साबित कर दिया कि पुलिस की वर्दी सिर्फ कानून-व्यवस्था की पहचान नहीं, बल्कि जरूरत पड़ने पर जिंदगी बचाने का भरोसा भी है। रोहित कुमार कन्नौजिया के साहस और अरशद खान के सहयोग ने दो परिवारों की खुशियां उजड़ने से बचा लीं।

चीनी मांझा बेचने वाले पर जैतपुरा पुलिस की काररवाई, एक गिरफ्तार

टाटा कंपनी के पास से चौकी प्रभारी चौकाघाट संदीप सिंह ने ३१.२०० किलो चीनी मांझा किया बरामद

चीनी मांझे की चपेट में आने से लोगों की मौत और गंभीर रूप से घायल होने की घटनाओं के बीच जैतपुरा पुलिस ने प्रतिबंधित मांझे के खिलाफ कार्रवाई की है। चौकाघाट स्थित टाटा कंपनी के पास चेकिंग के दौरान पुलिस ने ३१ किलो २०० ग्राम प्रतिबंधित मांझे के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। एसओ जैतपुरा उपेंद्र प्रताप सिंह के अनुसार पकड़े गए युवक की पहचान ढेलवरिया निवासी प्रीतम कुमार मौर्या (२३) के रूप में हुई है। प्रीतम ढेवरिया इलाके में पतंगबाजों को चीनी मांझा बेचता था। चौकाघाट चौकी प्रभारी संदीप कुमार सिंह को मुखबीर के द्वारा सूचना मिली कि एक युवक चीनी मांझा बेच रहा है। सूचना पर चौकी प्रभारी संदीप सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपी को पकड़ लिया। उसके पास से भारी मात्रा में प्रतिबंधित मांझा बरामद हुआ। इस मामले में जैतपुरा थाने में धारा २९३, १२५ और २२३ तथा पर्यावरण संरक्षण अधिनियम की धारा ५/१५ में मुकदमा दर्ज किया गया है। कार्रवाई करने वाली टीम में चौकी प्रभारी संदीप कुमार सिंह के साथ कांस्टेबल मंगला प्रसाद, रजनीश कुमार गुप्ता और सुदीश कुमार शर्मा शामिल थें।

इन्श्योरेन्स पालिसी अपडेट कराने और लाभ दिलाने के नाम साइबर ठगी करने वाले गैंग का भंडाफोड

इन्श्योरेन्स पालिसी अपडेट कराने व लाभ दिलाने के नाम साइबर ठगी करने वाले गैंग का साइबर क्राइम टीम ने दिल्ली के विभिन्न स्थानों पर छापा मारकर भंडाफोड़ करते सरगना सहित दो ठग को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त दो मोबाइल और ४५ हजार रुपये नकद बरामद किया है। साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक उदयवीर सिह ने बताया कि आठ जुलाई को रमेश (काल्पनिक नाम) निवासी वाराणसी द्वारा थाना साइबर क्राइम पर प्रार्थना पत्र इस आशय से प्रस्तुत किया गया कि उनके साथ किन्ही अज्ञात साइबर अपराधियो द्वारा पीएनबी बैंक में क्क्हक्क स्ध्द्दह्ल लाइफ पर किये गये इंश्योरेंस पर अत्यधिक बोनस देने व अधिक पैसो का लाभ देने की बात बताकर अलग-२ खातो में अलग-अलग दिनांक पर कई बार में कुल ११ लाख ७२ हजार १९० रूपये की साइबर ठगी कर ली गयी। जिसपर अपर पुलिस उपायुक्त अपराध नृपेन्द्र द्वारा टीम गठित कर त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देश किया गया जिसके पश्चात

सरगना सहित दो गिरफ्तार

थाना साइबर क्राइम से सहायक पुलिस आयुक्त साइबर अपराध अपूर्व पाण्डेय के नेतृत्व मे एक टीम गठन कर उक्त घटना के अनावरण हेतु, आगरा उत्तर प्रदेश व दिल्ली के विभिन्न स्थानों पर पतारसी सुरागरसी व गिरफ्तारी हेतु टीम रवाना किया गया, उक्त टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मंगलवार को दो शातिर अपराधी को आगरा से गिरफ्तार किया गया है जिनके पास से मोबाइल फोन व नकदी बरामद की गयी है।

अपराध करने का तरीका

घटना में शामिल साइबर अपराधियों द्वारा विभिन्न व्यक्तियों जिनका पूर्व में कभी पालिसी धारक होते है उनसे रैंडमली कांल कर द्व पालिसी का प्रिमियम भरने, अपडेट कराने व लाभ दिलाने के लिये अपने झांसे मे फसाकर इंश्योरेंस का कर्मचारी एवं अधिकारी बताकर प्रिमियम का ज्यादा लाभ दिलवाने हेतु प्रिमियम धारको को अपने झांसे में लेकर अवैध साइबर ठगी कर ली जाती है और इन पैसो को यह लोग अपने अन्य सिंडिकेट के माध्यम से खुलवाये गये फर्जी म्यूल बैंक खातो मे भेजकर रोटेट कराते हुए विभिन्न माध्यम से कैश निकाल लिया जाता है।

राजातालाब में आधा दर्जन से अधिक जुआड़ी गिरफ्तार

आठ हजार चार सौ ५० रुपये नकद और ताश के पत्ते बरामद

राजातालाब पुलिस मंगलवार को सायंकल मुखबिर की सूचना पर ग्राम गौरा के सीवान स्थित भट्ठे के पास पेड़ के नीचे जुआ अड्डे पर छापा मारकर आधा दर्जन से अधिक जुआड़ियो को गिरफ्तार कर मौके से आठ हजार चार सौ ५० रुपये नकद और ताश के पत्ते बरामद किया है। सभी के खिलाफ धारा १३ सार्वजनिक जुआ अधिनियम, १८६७ के मुकदमा दर्ज के जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार पकड़े गये लोगों में ढोलापुर राजातालाब निवासी धर्मेन्द्र पटेल,अजय कुमार, राजा बाबू, सोनू कुमार, राहुल शर्मा, कमलेश, रोहनिया के अजीत पटेल, धर्मेन्द्र कुमार और लंका के अजय कुमार है।

सिगरा में गांजा तस्कर गिरफ्तार

पुलिस आयुक्त ने अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत सिगरा पुलिस ने बुधवार कोआपरेशन चक्रव्यूह के तहत लोहे की पुरानी पानी की टंकी पचपेडवा के पास से एक गज तस्कर को गिरफ्तार कर ३१ किलो २७५ ग्रा0 ,घटना में प्रयुक्त चार पहिये ,एक मोबाइल और नकदी बरामद,अनुमानित कीमत करीब १५ लाख रूपये बताई गयी। सिगरा थाना प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत मिश्रा ने बताया कि पकड़ा गया तस्कर भोजपुर थाना भोजपुर जिला बक्सर निवासी राज किशोर गोड पुत्र स्व0 राज नारायण गोंड नि0 सिगरा पर धारा ८/२० एनडीपीएस एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर उसे जेल भेज दिया।

मालवीय पुल से गंगा में कूदे युवक को पुलिस ने बचाया

आदमपुर थाना क्षेत्र के मालवीय पुल से बुधवार की दोपहर विशाल कुमार नामक ३० वर्षीय युवक मालवीय पुल से गंगा नदी में छलांग लगा दिया वही पानी में गस्त कर रहे जल पुलिस के जवान नदी में कूद कर उसे बचाकर आदमपुर पुलिस के हवाले किया जहाँ पूछताछ के दौरान बताया कि व्यापार में घाटा होने पर यह कदम उठाया और अपने आप को रोहतास बिहार का रहने वाला बताया। पुलिस ने परिजनों को मोबाईल पर सूचित कर वाराणसी बुलाया।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैं:-

क्रम सं.-1, कार्य का नाम: छपरा-गोरखपुर छावनी अनुभाग के अंतर्गत सभी प्रकार के रेल पैनलों [60Kg/52Kg आर 260/72/90 यूटीएस, न्यू/इन सर्विस] की मोबाइल फ्लैश बट वेल्डिंग। ई-निविदा सूचना सं: एनईआर-बीएसबी-2026-145, अनुमानित लागत (₹): ₹ 1,39,54,896/-, अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी) (₹): ₹ 2,79,100/-,निविदा बन्द होने की तिथि: 11-11-2026, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि: 12 माह। क्रम सं.-2, कार्य का नाम: प्रयागराज रामबाग, झूसी एवं बनारस-माघ मेला/2027 से सम्बन्धित विविध सिविल कार्य। ई-निविदा सूचना सं.: एनईआर-बीएसबी-2026-146, अनुमानित लागत (₹): ₹ 79,49,176/-, अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी) (₹): ₹ 1,59,000/-,निविदा बन्द होने की तिथि: 05-11-2026, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि: 04 माह।

• निविदा सूचना संख्या एनईआर-बीएसबी-2026-145 दिनांक 11-11-2026 को 11:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे। • निविदा सूचना संख्या एनईआर-बीएसबी-2026-146 दिनांक 05-11-2026 को 11:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखे। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

मण्डल रेल प्रबन्धक/(इन्जी.), वाराणसी
मुजाधि/डब्लू-377

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

गजट का प्रारूप
न्यायालय प्रधान न्यायाधीश
(परिवार न्यायालय)
मोकाम-बक्सर
वैवाहिक वाद संख्या 107/2025

रेयाज खान पिता स्व. मोती खान उर्फ मुर्तुजा खान साकिन-नई बाजार, वार्ड नं.-09 बक्सर, पोस्ट - बक्सर थाना-बक्सर नगर, जिला-बक्सर, बिहार 802101 -------------------------आवेदक

बनाम

फौजिया परवीन पिता अयूब खान पति रेयाज खान, साकिन-नई बाजार, वार्ड नं.-09 बक्सर, पोस्ट-बक्सर, थाना-बक्सर नगर, जिला-बक्सर, बिहार 802101, हाल मोकाम-फुलचकियाँ (चक फुल) पोस्ट-बड़सरी जागीर, थाना मनियर, जिला बलिया, उत्तर प्रदेश-- ------- विपक्षी

नोटिस बनाम:-

फौजिया परवीन पिता अयूब खान पति रेयाज खान, हाल मोकाम-फुलचकियाँ (चक फुल) पोस्ट- बड़सरी जागीर, थाना मनियर, जिला बलिया, उत्तर प्रदेश

चूँ बजरिये गजट प्रकाशन के आपको सूचित किया जाता है कि आपके उपस्थिति हेतु सम्मन भेजने के बावजूद जान बुझकर उपस्थित नहीं हो रहे है तथा वाद को अनावश्यक रूप से विलम्ब कर रहे है। अत: बजरिये प्रकाशन के आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 03.11.2026 को समय 10.30 बजे सुबह में मेरे न्यायालय में अपने या अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाजिर होकर जो कुछ भी उजुर/एतराज करना है करें, अन्यथा आपके खिलाफ मोकदमा में एकपक्षीय सुनवाई का आदेश पारित कर दिया जाएगा।

इसे सख्त ताकिद समझे।

न्यायालय प्रधान न्यायाधीश
(परिवार न्यायालय)
बक्सर

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना

खुली ई-निविदा सूचना संख्या: SrDEE-TRD-BSB-2026-27-T38, दि.- 14.10.2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु 'खुली' ई निविदा आमंत्रित करते हैं। कार्य का नाम : पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के अंतर्गत गौरी बाजार, भटनी और चौरी-चौरा स्टेशनों (भाग-ए) पर में 24 कोच के लिए प्लेटफॉर्म के विस्तार और ऊंचाई बढ़ाने के संबंध में 25 के.वी. विद्युतीकरण कार्य। टेंडर रिफरेंश नं. SrDEE-TRD-BSB-2026-27-T38, कार्य का अनुमानित लागत रूपया में: ₹ 10558090.47, धरोहर राशि रूपया में : ₹ 211200/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपया में : शून्य, निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 05.11.2026 upto 14:45 hrs, कार्य पुरा करने की अवधि : 9 माह

• खुली ई-निविदा दिनांक 05.11.2026 को 14:45 बजे तक जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी/वाराणसी
मुजाधि/विद्युत – 221

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

वर्गीकृत विज्ञापन आज

सूचना

सूचना-सूचित किया जाता है कि मेरी पत्नी का नाम रीना देवी है, त्रुटिवश पासपोर्ट पर सोनी देवी हो गया है। **देवमुनी चौहान** ग्राम - खंडवारी, पोस्ट - चहनियां, जिला -चंदौली।

सूचना-हम शपथकर्ता का पासपोर्ट रजिस्ट्रेशन नंबर L3117637 में त्रुटिवश जन्मतिथि 05-09-1990 दर्ज है। जबकि मेरी सही जन्मतिथि 10-05-1990 है। सही जन्मतिथि रिकॉर्ड में दर्ज किया जाय। **मो. शहनवाज** पुत्र मोहम्मद मुमताज मोहल्ला नूरुद्दीनपुरा, थाना कोतवाली तहसील व जिला गाजीपुर, उ.प्र.

सूचना-सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि MOHAMMAD SHARIK KHAN को अब से **MOHAMMAD SHARIQ KHAN** S/o ATIQ AHMAD KHAN के नाम जाना व पहचाना जाये। Add- A-20/84 Zergular, Aadampur, Varanasi

सूचना-मेरे आधार सं0 439373014763 में मेरा नाम बिनय कुमार अंकित है जबकि मेरा वास्तविक नाम बिनय मान है मुझे बिनय मान के नाम से जाना व पहचाना जाय। **बिनय मान** पुत्र बाबूराम ग्राम- मानापुर पो0- रामनगर तह0 आलापुर, अम्बेडकरनगर उ0प्र0

सूचना

सूचना-सूचित किया जाता है कि मेरा बीए तृतीय वर्ष अनुक्रमांक 171202480135 वर्ष 2019-20 का अंकपत्र जो जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय से जारी हुआ था वास्तव में खो गया है। **नेहा यादव** पुत्री विजय बहादुर यादव, रजवाड़, करनई, बलिया, उ.प्र.

सूचना-सूचित किया जाता है कि मैं मुन्नी कुमारी तथा जन्मतिथि 02-07-1986 पत्नी धनजी यादव ग्राम व पोस्ट हल्दी, जिला-बलिया, उ.प्र. की हूं। मेरे पति के आर्मी नंबर 15203355M रैंक हवलदार धनजी यादव यूनिट 328 मीडियम रेजीमेंट के दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम मुन्नी कुमारी तथा जन्मतिथि 02-07-1986 अंकित है। जबकि मेरा सही नाम **मुन्नी देवी** व जन्मतिथि 01-05-1986 होना चाहिए।

आवश्यकता है

अवध बिहारी सिंह महाविद्यालय श्रीकान्तपुर उर्फ नारायणगढ़ पोस्ट- करमानपुर जिला- बलिया, उ.प्र. में प्राचार्य की आवश्यकता है। योग्यता व वेतनमान यूजीसी व विश्व. विद्यालय परिनियमावली के अनुसार अभ्यर्थी अपने शैक्षणिक प्रमाणपत्रों की छायाप्रति एवं फोटो सहित विज्ञापन तिथि से 15 दिन के अंदर महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें। **सुनील कुमार सिंह प्रबंधक मो.** 9234680621, 9838412911

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके सम्बन्ध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।

प्रबन्धक

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
बलिया वृत्त, लो.नि.वि., बलिया

पत्रांक- 4409(i)/निविदा (नि0ख0)-बलिया वृत्त/2026 — दिनांक-07.10.2026

ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

1 महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया द्वारा जनपद बलिया में निम्नलिखित कार्य की आइटम दर आधारित (SBD Mode) पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी निविदा अपलोड करने से पूर्व निविदा प्रपत्र के क्लॉज सं0-4 में अंकित न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में शर्तों का भली-भाँति अध्ययन कर लें।

2 कार्य का विवरण:-

क्र0 सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू0लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)	कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता	सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता का पता	सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का पता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के कार्य स्वीकृति के प्रत्याशा में। (बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार)									
1	बलिया	एस0एच0-1बी पचरूखिया देवी चांदपुर (बिहार बार्डर) एप्रोच मार्ग से छपरा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक विद्यालय तुलसी छपरा होते हुए रेवती दतहां मार्ग तक (अन्य जिला मार्ग) के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। (05वर्षीय अनुरक्षण लागत सहित) (लम्बाई-3.500 कि0मी0)	निर्माण (722.21) + अनुरक्षण (18.06) कुल लागत 740.27	14.81	(स्टेशनरी चार्जेज +निविदा मूल्य+जी.एस.टी. रू0 5590.00	10 माह वर्षा ऋतु सहित	निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, बलिया	बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया	मुख्य अभियन्ता, आ0क्षे0, लो0नि0वि0, आजमगढ़

3. निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर दिनांक-30.10.2026 को 10.00 बजे पूर्वान्ह से दिनांक-07.11.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है।
4. ई-टेन्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर सबमिट करने की अंतिम तिथि- 07.11.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक है तथा तकनीकी बिड दिनांक-07.11.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया में खोली जायेंगी। यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि को कार्यालय बन्द होता है तो उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में ऑनलाईन खोली जायेंगी तथा निविदा खोलने का समय तथा वैधता पूर्ववत होगा। ऑनलाईन फाईनेन्शियल बिड खोलने हेतु समय एवं तिथि वेबसाईट पर बाद में दर्शायी जायेगी।
5. शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा।
6. शासनादेश सं0-1/2018-3070/78-2-2018/42आई0टी0/2017(22) दिनांक-03.01.2018 मे निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय मे प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा मे शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

नोट - निविदा की समस्त शर्तें वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(केशरी प्रकाश) अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0,बलिया
(राजेश चौधरी) अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त,लो0नि0वि0,बलिया

उ.प्र.-258120, दिनांक-13.10.2026
वेबसाइट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना संख्या:- 24-विद्युत/सा0/प्रयागराज/2627 — दिनांक-13.10.2026

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य) उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज निर्धारित प्रपत्र पर निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा दिनांक-04.11.2026 समय 15:00 बजे तक आमंत्रित करते हैं निविदा सम्बंधित विस्तृत विवरण निम्नलिखित है -

निविदा सूचना संख्या : ELG-57-2627	**काम की लागत (रू में)** : 96,55,651.15
कार्य का नाम : माघ मेला 2026-27 के दौरान यात्रियों की सुविधाओं की जरूरतों के साथ-साथ संगम क्षेत्र, NYN, PCOI, PRYJ, SFG और BDL में अंदरूनी अस्थायी लाइटिंग की व्यवस्था करना।	
बिड सिक्योरिटी (रू. में) : 1,93,100.00	**कार्य समाप्त करने की समयावधि** : 04 माह
निविदा खुलने की तिथि : 04.11.2026, समय - 15:00 बजे।	

नोट:- उपरोक्त ई-टेंडर के साथ पूरी जानकारी (निविदा दस्तावेज के साथ) वेबसाइट www.ireps.gov.in पर 15:00 बजे निविदा खोलने की तिथि तक उपलब्ध है। 2336/26 (AS)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना सं. 8920262027 — दिनांक: 13.10.2026

ई-निविदा सूचना

मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्यों के लिये ई-निविदाएं प्रपत्र पर **दिनांक 05.11.2026 को 13:30 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। कार्यों का विवरण निम्न प्रकार है:-

क्र.सं: 1	निविदा नं. 187	अनुमानित मूल्य (रू): 1,02,70,870.93	बयाने की रकम (रू): 2,05,400.00
कार्यों का विवरण: कानपुर सेन्ट्रल:- सहायक मण्डल अभियन्ता/मु0/द्वितीय/कानपुर के अन्तर्गत कानपुर सेन्ट्रल स्टेशन पर ट्रेन लाइटिंग कार्यालय के लिए नई बिल्डिंग के निर्माण का कार्य।			
कार्य समापन की अवधि: 12 माह		**निविदा खुलने की तिथि**: 05.11.2026	
इलिजिबिलिटी क्राइटएरिया के अन्तर्गत सिमिलर कार्य: कन्स्ट्रक्शन ऑफ बिल्डिंग			
क्र.सं: 2	निविदा नं. 188	अनुमानित मूल्य (रू): 4,81,04,601.22	बयाने की रकम (रू): 9,62,100.00
कार्यों का विवरण: गोविन्दपुरी:- सहायक मण्डल अभियन्ता/मु0/द्वितीय/कानपुर के अन्तर्गत गोविन्दपुरी रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं में सुधार का कार्य।			
कार्य समापन की अवधि: 12 माह		**निविदा खुलने की तिथि**: 05.11.2026	
इलिजिबिलिटी क्राइटएरिया के अन्तर्गत सिमिलर कार्य: कोई सिविल इंजीनियरिंग कार्य			

नोट:-1. आन लाइन निविदा **दिनांक 05.11.2026 को 13:30 बजे** तक प्रस्तुत की जा सकती है। 2. उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर **समय 13:30 बजे** टेण्डर खुलने की तिथि **05.11.2026** तक उपलब्ध है। 2332/26(K)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों के लिये "खुली" निविदा वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सा0 पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है:-

क्रम सं.-1, निविदा संख्या: वमंविइ-लजं0-38-2026, कार्य का विवरण: LJN-DIV-लखनऊ डिवीजन में 07 पैसेंजर प्लेटफार्म को लो-लेवल से हाई-लेवल तक ऊंचा करना। GKP, महमूदाबाद अवध और GKC में डीप ट्यूब वेल की व्यवस्था और LMP में 160 KVA DG सेट से सम्बन्धित केबलिंग का कार्य। अनुमानित लागत: ₹ 1,32,06,742.09, बयाना राशि: ₹ 2,64,100/-, निविदा मूल्य: ₹ 00.00, कार्य सम्पादन की अवधि: 06 माह। क्रम सं.-1, निविदा संख्या: वमंविइ-लजं0-39-2026, कार्य का विवरण: JKNI हॉल्ट स्टेशन पर यात्रियों की सुविधाओं में सुधार से जुड़ा इलेक्ट्रिकल काम बड़े सुधार कार्यों में PF नंबर 2 और प्लेटफॉर्म शेल्टर को ऊंचा करना, BLP में 1 डीप ट्यूबवेल के साथ RCC OHT (50,000 गैलन) की व्यवस्था, वैगन ROH डिपो के इंफ्रास्ट्रक्चर को अपग्रेड करना, GD एरिया में सर्विस बिल्डिंग की री-वायरिंग, गोण्डा जंक्शन पर ROH शेड का विस्तार, GD में 40 बेड वाले नए रनिंग रूम का निर्माण, मनकापुर में 20 बेड वाली RPF बैरक का निर्माण, BNY में नए क्रू लॉबी का निर्माण और बढ़नी में प्लेटफॉर्म नंबर 1 और 2 को ऊंचा करने, वॉटर हाइड्रेंट, पानी की सप्लाई आदि जैसे बड़े सुधार कार्य शामिल हैं अनुमानित लागत: ₹ 2,62,21,580.12, बयाना राशि: ₹ 5,24,400/-, निविदा मूल्य: ₹ 00.00, कार्य सम्पादन की अवधि: 06 माह।

• उक्त निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समय: 10-11-2026 को 15:00 बजे।

नोट: इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु, कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in को देखें। • निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित शुद्धि पत्र (यदि कोई हो) को वेबसाईट पर संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सामान्य, लखनऊ
मुजाधि/विद्युत-218

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
बलिया वृत्त,लो०नि०वि०,बलिया

पत्रांक- 4428(i)/निविदा (प्रा0ख0)-बलिया वृत्त/2026 — दिनांक-08.10.2026

ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

1 महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया द्वारा जनपद बलिया में निम्नलिखित कार्य की आइटम दर आधारित (SBD Mode) पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी निविदा अपलोड करने से पूर्व निविदा प्रपत्र के क्लॉज सं0-4 में अंकित न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में शर्तों का भली-भाँति अध्ययन कर लें।

2 कार्य का विवरण:-

क्र0 सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रुपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)	कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता	सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता का पता	सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का पता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के स्वीकृत कार्य। (बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार)									
1	बलिया	जनपद बलिया में नगरा बरौली घोसी मार्ग से इब्राहिमपुर पट्टी चकरा हाल्ट मार्ग(अन्य जिला मार्ग) का (चैनेज 0.000 से 4.000 तक) चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। (05वर्षीय अनुरक्षण लागत सहित)	(निर्माण (875.89) + अनुरक्षण (21.90) कुल लागत 897.79	17.96	(स्टेशनरी चार्जेज +निविदा मूल्य+जी.एस.टी. रू0 5590.00	10 माह वर्षा ऋतु सहित	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बलिया	बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया	मुख्य अभियन्ता, आ0क्षे0, लो0नि0वि0, आजमगढ़

3. निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर दिनांक-30.10.2026 को 10.00 पूर्वान्ह से दिनांक-07.11.2026 के अपरान्ह 12.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है।
4. ई-टेन्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर सबमिट करने की अंतिम तिथि -07.11.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक है तथा तकनीकी बिड दिनांक-07.11.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया में खोली जायेंगी। यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि को कार्यालय बन्द होता है तो उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में ऑनलाईन खोली जायेगी तथा निविदा खोलने का समय तथा वैधता पूर्ववत होगा। ऑनलाईन फाईनेन्शियल बिड खोलने हेतु समय एवं तिथि वेबसाईट पर बाद में दर्शायी जायेगी।
5. शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा।
6. शासनादेश सं0-1/2018-3070/78-2-2018/42आई0टी0/2017(22) दिनांक-03.01.2018 मे निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय मे प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा मे शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

नोट - निविदा की समस्त शर्तें वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(कमला कांत) अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बलिया
(राजेश चौधरी) अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त,लो0नि0वि0,बलिया

उ.प्र.-258110, दिनांक-13.10.2026
वेबसाइट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
बलिया वृत्त,लो०नि०वि०,बलिया

पत्रांक-4410(i)/निविदा (नि0ख0)-बलिया वृत्त/2026 — दिनांक-07.10.2026

ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

1 महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया द्वारा जनपद बलिया में निम्नलिखित कार्य की आइटम दर आधारित (SBD Mode) पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी निविदा अपलोड करने से पूर्व निविदा प्रपत्र के क्लॉज सं0-4 में अंकित न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में शर्तों का भली-भाँति अध्ययन कर लें।

2. कार्य का विवरण:-

क्र0 सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रुपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)	कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता	सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता का पता	सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का पता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के स्वीकृत कार्य।(बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार)									
1	बलिया	जनपद बलिया में एन0एच0 (वैना) से बलिया-बांसडीह मार्ग (एस0एच0-107) तक बलिया बाईपास मार्ग का निर्माण कार्य। (05वर्षीय अनुरक्षण लागत सहित) (लम्बाई-17.500 कि0मी0)	(निर्माण 10450.95) + अनुरक्षण (268.05) कुल लागत 10719.00	107.19	(स्टेशनरी चार्जेज +निविदा मूल्य+जी.एस.टी. रू0 5590.00	18 माह वर्षा ऋतु सहित	निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, बलिया	बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया	मुख्य अभियन्ता, आ0क्षे0, लो0नि0वि0 आजमगढ़

3. निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाईट http://etender.up.nic.in से दिनांक-30.10.2026 से को 10.00 बजे से दिनांक-07.11.2026 तक अपरान्ह 12.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है।
4. ई-टेन्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर सबमिट करने की अंतिम तिथि- 07.11.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक है तथा तकनीकी बिड दिनांक-07.11.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया में खोली जायेंगी। यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि को कार्यालय बन्द होता है तो उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में ऑनलाईन खोली जायेगी तथा निविदा खोलने का समय तथा वैधता पूर्ववत होगा। ऑनलाईन फाईनेन्शियल बिड खोलने हेतु समय एवं तिथि वेबसाईट पर बाद में दर्शायी जायेगी।
5. शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा।
6. शासनादेश सं0-1/2018-3070/78-2-2018/42आई0टी0/2017(22) दिनांक-03.01.2018 मे निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

नोट - निविदा की समस्त शर्तें वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(केशरी प्रकाश) अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0,बलिया
(राजेश चौधरी) अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त,लो0नि0वि0,बलिया

उ.प्र.:-258111
दिनांक-13.10.2026
वेबसाईट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार छात्रा की मौत, भाई घायल

मुबारकपुर कस्बे के कटरा मोहल्ले में स्कूल जाते समय हुआ हादसा

मुबारकपुर, आजमगढ़। मुबारकपुर कस्बे के कटरा में बुधवार की सुबह ट्रेलर की चपेट में आने से

दुःखद

दुर्घटना के बाद ट्रेलर छोड़कर चालक फरार, तलाश में जुटी पुलिस

बाइक सवार छात्रा की मौत हो गई, जबकि उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छात्रा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने ट्रेलर को कब्जे में लेकर फरार चालक की तलाश में जुट गई है। मुबारकपुर कस्बे के पूरा रानी मोहल्ला निवासी 16 वर्षीय तहजीब पुत्री गुलरेज अजीजी अपने चचेरे भाई 15 वर्षीय रेयाज पुत्र हुमायूं कबीर के

साथ बाइक से सेंट्रल पब्लिक स्कूल जा रही थी। दोनों मुस्तफाबाद स्थित सेंट्रल पब्लिक स्कूल में पढ़ते है। बुधवार की सुबह करीब आठ बजे रेहान बाइक से अपनी चचेरी बहन तहजीब को लेकर स्कूल जा रहा था। दोनों अभी मुबारकपुर कस्बे के कटरा के पास पहुंचे थे कि पीछे से आ रहे ट्रेलर की चपेट में आ गए।

हादसे में तहजीब बाइक से उछलकर सड़क पर गिर गई और ट्रेलर के पहिए के नीचे आ गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, रेहान बाइक से दूर जा गिरा। उसके पैर में गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों की मदद से उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

ट्रैक्टर की चपेट में आने से महिला घायल

सगड़ी, आजमगढ़। रौनापार थाना क्षेत्र के बनकटा-अंजान शहीद मार्ग पर अजूबा पेट्रोल पंप के पास बुधवार सुबह करीब 8 बजे ट्रैक्टर और बस के आमने-सामने गुजरने के दौरान ट्रैक्टर की चपेट में आने से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद स्वजन और ग्रामीणों ने बस व ट्रैक्टर रोककर सड़क पर जाम लगा दिया। बताया जाता है कि बातन गांव निवासिनी 48 वर्षीय प्रमिला अपनी पुत्री गरिमा के साथ स्कूटी से जा रही थीं। स्कूटी में पेट्रोल खत्म होने पर वह पैदल पेट्रोल लेने जा रही थीं। इसी दौरान आजमगढ़ से आ रही निजी बस और बनकटा की तरफ से जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली आमने-सामने क्रॉस कर रही थीं। तभी ट्रैक्टर की चपेट में महिला आ गई और गंभीर रूप से घायल हो गई।ग्रामीणों ने घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरैया पहुंचाया, जहां हालत गंभीर देखते हुए डाक्टरों ने सदर अस्पताल और फिर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष सुनील कुमार दुबे ने बताया कि ट्रैक्टर ट्रॉली और बस कब्जे में लेकर घायल महिला की पुत्री हेमा की तहरीर पर ट्रैक्टर और बस दोनों पर मुकदमा लिखकर विधिक करवाई की जा रही है।

उत्कृष्ट कार्य के लिए सौ महिला, बालिकाओं का सम्मान

आजमगढ़। शारदीय नवरात्रि एवं मिशन शक्ति फेज-6.0 अभियान के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली 100 महिलाओं एवं बालिकाओं को पुलिस लाइन सभागार में डीआईजी एवं एसपी द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाली महिलाओं एवं बालिकाओं, प्रतिष्ठित महिला खिलाड़ियों, विद्यालयों एवं महाविद्यालयों की प्रतिभाशाली छात्राओं, दिव्यांग महिलाओं एवं बालिकाओं, महिला चिकित्सकों, नर्सों, शिक्षिकाओं तथा गैर-सरकारी संगठनों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने, अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा अन्य महिलाओं एवं बालिकाओं को भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने का संदेश दिया गया।

मैरेज हाल में करेंट लगने से होटल कर्मचारी की मौत

बलरामपुर, आजमगढ़। शहर कोतवाली क्षेत्र के बागेश्वर नगर मोहल्ला स्थित एक मैरेज हाल में करेंट लगने से

परिसर में गिरे बिजली के तार की चपेट में आया युवक, सुबह हुई घटना की जानकारी

होटल कर्मचारी की मौत हो गई। मंगलवार की रात परिसर में गिरे बिजली के तार की चपेट में आने से हादसा हुआ। बुधवार की सुबह घटना की जानकारी होने पर लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बिलरियागंज थाना क्षेत्र के गांगेपुर गांव निवासी 32 वर्षीय सुशील राय रोडवेज के पास स्थित एक होटल में काम करते थे। वह पास के ही एक मैरेज हाल में रहते थे। मंगलवार की शाम होटल में ड्यूटी करने के बाद वह मैरेज हाल स्थित अपने कमरे में चले गए। माना

फाइल फोटो-सुशील राय

जा रहा है कि रात में परिसर में गिरे बिजली के तार की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। उनका शव जमीन पर पड़ा था और हाथ में बिजली का तार था।

बुधवार की सुबह लोगों को घटना की जानकारी हुई तो पुलिस को सूचना दी गई। हादसे की खबर गांव पहुंचने पर परिवार में कोहराम मच गया। सुशील चार भाइयों और दो बहनों में चौथे नंबर पर थे। उनकी मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

बलरामपुर, आजमगढ़।। अतरौलिया थाना क्षेत्र के पियरिया धर्मशाला बाजार में मंगलवार की शाम

अतरौलिया क्षेत्र के पियरिया धर्मशाला बाजार में हुआ हादसा

पिकअप की टक्कर से 46 वर्षीय युवक की मौत हो गई। वह बाइक खड़ी कर सड़क पार कर रहे थे, तभी तेज रफ्तार पिकअप ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। अतरौलिया थाना क्षेत्र के पोखरपुर मुतलके जयरामपुर गांव निवासी विनोद विश्वकर्मा मंगलवार की शाम बाइक से बाजार के लिए निकले थे। वह पियरिया धर्मशाला बाजार पहुंचे और बाइक खड़ी कर सड़क पार करने

फाइल फोटो-विनोद

लगे। इसी दौरान पिकअप ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से विनोद की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई।

ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच की। विनोद की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई।

जनता की फरियाद सुन एसपी ने दिये निस्तारण के निर्देश

आजमगढ़। पुलिस अधीक्षक डा. अनिल कुमार द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक यातायात पंकज श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी सगड़ी देशराज सिंह उपस्थित रहे। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों द्वारा प्रस्तुत शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। साथ ही निर्देशित किया गया कि शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता बनाए रखते हुए पीड़ित पक्ष को प्रभावी न्याय दिलाया जाए।

बेड पर सोते समय सर्पदंश से युवक की मौत

बलरामपुर, आजमगढ़। मेंहनगर थाना क्षेत्र के जवाहर नगर मोहल्ले में मंगलवार की रात बेड पर सो रहे

मेंहनगर क्षेत्र के जवाहर नगर मोहल्ले में हुई घटना, परिवार में कोहराम

युवक को सांप ने डंस लिया। उपचार के दौरान बुधवार की सुबह उसकी मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के एक पुत्र है और पत्नी आठ माह की गर्भवती बताई गई है। जवाहर नगर मोहल्ला निवासी 32 वर्षीय सुनील चौहान मंगलवार की रात बेड पर सो रहे थे। रात करीब दो बजे सांप ने उन्हें डंस लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें लेकर मंडलीय अस्पताल पहुंचे। वहां

फाइल फोटो-सुनील चौहान

स्थिति गंभीर देखते हुए डाक्टर ने रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन उन्हें शहर के एक निजी अस्पताल ले गए। वहां भी आराम नहीं मिलने पर परिजन झाड़-फूंक कराने लगे। बुधवार की सुबह सुनील की मौत हो गई। युवक की मौत के बाद परिजन शव लेकर घर चले गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

एसडीएम ने विवादित पोखरी की नीलामी रोकी

सगड़ी, आजमगढ़। अजमतगढ़ खंड विकास के ग्राम पंचायत बरडीहा निवासी अब्दुल रहमान व ग्राम प्रधान वसीम खान ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर मत्स्य पट्टा पोखरी की नीलामी को रोकने की मांग की, जिस पर उपजिलाधिकारी ने विवादित पोखरी की नीलामी को रोक दिया। बुधवार को बरडीहा निवासी अब्दुल रहमान व ग्राम प्रधान वसीम खान ने उपजिलाधिकारी सगड़ी संजीव राय को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि बरडीहा ग्राम पंचायत में गाटा संख्या 31 मी, जुमला नम्बर पर पोखरी स्थिति है। पोखरी को लेकर पूर्व से उपजिलाधिकारी न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन है। उच्च न्यायालय में भी मामला लम्बित है। इस पर एसडीएम संजीव राय ने पट्टा नीलामी रोकने का आदेश दिया।

मां कूष्मांडा के स्वरूप की आराधना में लीन रहे भक्त

आजमगढ़। शारदीय नवरात्र में जनमानस मां भगवती की आराधना में लीन हो गया है। नवरात्र के चौथे दिन बुधवार को देवी के कूष्मांडा स्वरूप की आराधना में भक्त लीन रहे, तो मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही। कूष्मांडा को ब्रह्मांड का रचनाकार कहा जाता है। माना जाता है कि जब इस संसार का अस्तित्व नहीं था और चारों ओर अंधेरा छाया हुआ था तब इस सृष्टि को उत्पन्न करने के कारण देवी के चौथे स्वरूप को मां कूष्मांडा के नाम से जाना गया। इनकी आठ भुजाएं हैं। सात हाथों में कमंडल, धनुष, बाण, कमल पुष्प, कलश, चक्र और गदा है, जबकि आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली माला है। देवी के हाथों में जो अमृत कलश है वह अपने भक्तों को दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य का वर देती हैं। मां सिंह की सवारी करती हैं जो धर्म का प्रतीक है। इस रूप में देवी सम्पूर्ण सृष्टि को धारण करने वाली हैं। मान्यता है कि संतान की इच्छा रखने वाले भक्तों को भी मां की उपासना करनी चाहिए। इनकी उपासना से भक्तों के समस्त रोग, शोक नष्ट हो जाते हैं।

लोहरा में कांशीराम की प्रतिमा का अनावरण

अतरौलिया, आजमगढ़। क्षेत्र के लोहरा ग्राम पंचायत स्थित डॉ. आंबेडकर पार्क में बुधवार को बहुजन आंदोलन के संस्थापक एवं सामाजिक परिवर्तन के अग्रदूत मान्यवर कांशीराम की प्रतिमा का अनावरण किया गया। मुख्य अतिथि सारनाथ, वाराणसी स्थित धम्मा लर्निंग सेंटर के संस्थापक एवं अध्यक्ष भिक्खु चन्द्रिमा महाथेरो, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रमोद कुमार और इंजीनियर शिव मूरत बौद्ध उपस्थित रहे। संचालन संजय कुमार बौद्ध ने किया। ग्राम प्रधान राजकपूर पूर्वांचल ने बताया कि कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर प्रतिमा स्थापित कराई गई थी। उस समय समाज के कई प्रमुख लोग लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। इसके चलते सर्वसम्मति से प्रतिमा अनावरण के लिए 14 अक्टूबर की तिथि निर्धारित की गई। उन्होंने कहा कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य मान्यवर कांशीराम के योगदान को याद करना और उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाना है।

डिजिटल अरेस्ट कर २६.७० लाख की ठगी का आरोपी लखनऊ से गिरफ्तार

आजमगढ़। थाना साइबर क्राइम पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट कर 26.70 लाख की साइबर ठगी करने के आरोपी को लखनऊ से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए उमान अली पुत्र चांद अली निवासी तालाब गगनी शुक्ल, लखनऊ के पास से मोबाइल फोन, 4 फर्जी सिम, 3 एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं 1,770 नकद बरामद किया गया। राधेश्याम यादव निवासी ग्राम/पोस्ट गंभीरपुर ने शिकायत की थी कि विभिन्न मोबाइल नंबरों से व्हाट्सएप कॉल कर स्वयं को सीआईओ अधिकारी बताने वाले व्यक्तियों ने उनके बैंक खाते से गलत लेनदेन होने तथा उनके विरुद्ध देशद्रोह का मुकदमा दर्ज होने की बात कहकर भयभीत किया और डिजिटल अरेस्ट कर 26.70 लाख अपने खातों में ट्रांसफर करा लिए। विवेचना के दौरान पूर्व में जहांगीर आलम पुत्र मोहम्मद रईस निवासी मछली माहौल, लालकुर्ती, अमीनाबाद, लखनऊ को दिनांक 20.08.2026 को गिरफ्तार किया गया था। उसके बयान एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त उमान अली का नाम प्रकाश में आया। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह व एसआई रजत सिंह की टीम शामिल रही।

नारी संरक्षण गृह में वितरित की गयीं खाद्य, अन्य सामग्री

आजमगढ़। शारदीय नवरात्रि एवं मिशन शक्ति फेज-6.0 अभियान के अंतर्गत क्षेत्राधिकारी सदर ईश्वर लाल गुर्जर, क्षेत्राधिकारी नगर शुभम तोदी एवं थाना प्रभारी निजामाबाद द्वारा थाना निजामाबाद स्थित नारी संरक्षण गृह/आश्रय गृह का भ्रमण किया गया। इस दौरान पर्व के दृष्टिगत वहां रह रही महिलाओं एवं अन्य लोगों के लिए खाद्य सामग्री, फल एवं अन्य संबंधित आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया। इसके उपरांत अधिकारियों द्वारा थाना सिधारी स्थित वन स्टॉप सेंटर का भी भ्रमण किया गया तथा महिला सुरक्षा, संरक्षण एवं सहायता से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

शिक्षक निर्वाचन के लिए प्रशिक्षित किये गये ११२ मतदान कार्मिक

आजमगढ़। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में आगामी 23 अक्टूबर को होने वाले गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शी, निर्विघ्न एवं सकुशल कराने के उद्देश्य से बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में हरिऔध कला केंद्र में मतदान कार्मिकों को प्रथम प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट, माइक्रो आब्जर्वर, पीठासीन अधिकारी एवं प्रथम मतदान अधिकारी सहित कुल 112 मतदान कार्मिकों ने प्रतिभाग किया। जिल निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जनपद में निर्धारित 23 मतदेय स्थलों पर 23 अक्टूबर को सुबह आठ से चार बजे तक मतदान कराया जाएगा। मतदान प्रक्रिया को सुचारु एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए 22 अक्टूबर को निर्धारित पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल से सभी पोलिंग पार्टियों को उनके आवंटित मतदेय स्थलों के लिए रवाना किया जाएगा। सीडीओ राकेश कुमार पटेल ने भी आवश्यक निर्देश दिए। स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर इंजीनियर कुलभूषण सिंह ने पीपीटी के माध्यम से मतदान प्रक्रिया एवं निर्वाचन संबंधी प्रपत्रों का प्रशिक्षण दिया। डीडीओ संजय कुमार सिंह, मास्टर ट्रेनर धर्मेन्द्र सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

लेके पूजा की थाली ज्योत मन की जला दी ...

मुबारकपुर, आजमगढ़। श्रीराम-जानकी हिन्दू मंदिर पंचायत ट्रस्ट एवं श्रीराम सेवा समिति के तत्वावधान में नगर पालिका मुबारकपुर के पास स्थित बड़ी महारानी के पंडाल में मां भगवती का जागरण व भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम रात्रि 8 बजे से प्रारंभ होकर आधी रात बाद 1 बजे तक चला। जागरण में वाराणसी से पधारे प्रसिद्ध भजन गायक धीरज तिवारी ने 'विंध्याचल मंदिर में होला माई दर्शनवा हो' भजन प्रस्तुत कर सभी भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। वाराणसी से ही आईं भजन गायिका प्रियंका पाण्डेय ने 'लेके पूजा की थाली ज्योत मन की जला दी, तेरी आरती उतारू देवी मां' भजन से ऐसा समा बांधा कि पूरा पंडाल मां के जयकारों से गूंज उठा। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष मन्नू लाल वर्मा, विद्यासागर, विजय वर्मा, विपिन ओझा सहित आयोजक सुशील जायसवाल, गोलू जायसवाल सहित सैकड़ों भक्त उपस्थित रहे।

एनएचएम कर्मियों पर सीएमओ की सख्ती, वेतन रोका

बलरामपुर, आजमगढ़। लखनऊ में धरने में शामिल होने और कार्य बाधित करने के मामले में

लखनऊ में धरने और कार्य बाधित होने पर तीन पदाधिकारियों को नोटिस

स्वास्थ्य विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। विभाग ने एनएचएम के तहत आउटसोर्सिंग पर तैनात चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों का वेतन रोक दिया है। वहीं, तीन पदाधिकारियों डा. नरेंद्र कुमार, पंकज श्रीवास्तव और कृष्णा मौर्या को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। इस कार्रवाई से स्वास्थ्य विभाग में हलचल मची हुई है।

जनपद में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत आउटसोर्सिंग के माध्यम से करीब 1500 चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी जिला अस्पताल, महिला अस्पताल, 100 शैय्या अस्पताल और सीएचसी-पीएचसी में तैनात हैं। ये कर्मी लखनऊ के आह्वान पर चार अक्तूबर से कार्य बाधित कर

डा. एनआर वर्मा

सीएमओ कार्यालय में धरना दे रहे हैं। इसके चलते कई अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों को समय से उपचार नहीं मिल पा रहा है। कुछ स्थानों पर स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं। इससे मरीजों और उनके तीमारदारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सीएमओ डा. नन्हकू राम वर्मा का कहना है कि सरकारी अस्पतालों में मरीजों को उपचार उपलब्ध कराना चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। ड्यूटी के दौरान कार्य बाधित होने से स्वास्थ्य सेवाओं पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। इसी को आधार बनाकर सीएमओ ने संबंधित कर्मियों का वेतन रोकने के साथ तीन पदाधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि मरीजों के उपचार और सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं में बाधा बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कांग्रेस नेता ने तहसीलदार को सौंपा राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन

लालगंज, आजमगढ़। कांग्रेस जिला पिछड़ा वर्ग के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश यादव के नेतृत्व में राष्ट्रपति को संबोधित सात

जनगणना-२०२७ में ओबीसी वर्ग का भी कालम जोड़ने की मांग

सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी की अनुपस्थिति में तहलीलदार शिव प्रकाश सरोज को सौंपा गया। ज्ञापन में जनगणना-2027 में ओबीसी वर्ग का भी कालम जोड़ने और पहले से मौजूद एससी/एसटी की तरह उनकी भी गिनती कराने की मांग की गई है। सात सूत्रीय मांगों में जातीय जनगणना कराने, 40 प्रतिशत पदों पर ओबीसी शिक्षक बनाने, पिछड़ा वर्ग अत्याचार निवारण अधिनियम लाने, ईडब्ल्यूएस और मंडल का मुद्दा बनाने, सोना और चांदी के गहनों में हॉलमार्क शुद्धता वृद्धि पर विचार कर बिल्कुल मुफ्त निर्धारित करने, गरीब बिहारी को 300 यूनिट बिजली फ्री करने, एसआईआर के नाम पर वोट कटा जाना बंद करने आदि की मांग की गई है। इस अवसर पर सन्तोष कुमार राय एडवोकेट पूर्व ब्लाक अध्यक्ष, राकेश गुप्ता प्रदेश महासचिव ओबीसी, रामानंद सागर पीसीसी, अनिल गुप्ता ब्लॉक अध्यक्ष ओबीसी, अहमद वकार पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष, अवधेश सेठ युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष, गोल्डी राय, प्रीतम सिंह, इरफान, धीरज राय, अब्दुल कलाम, राकेश, सोहराब, मोटू चौहान, उपेंद्र गिरी, प्रवीण गिरी जिला महासचिव, तेज बहादुर यादव, राजू गुप्ता, मुन्ना गुप्ता, मैनेजर यादव, कमलेश पहाड़िया, इकबाल अहमद , बबलू, जोगिंदर यादव, शिव राय, किस सोनकर, अंकुश सोनकर, मेवा सोनकर व अमन सोनकर आदि उपस्थित रहे ।

बाढ़ का पानी घटने के बाद संक्रामक रोगों से बचाव के लिए सतर्कता जरूरी

आजमगढ़। मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एनआर वर्मा ने कहा कि बाढ़ का पानी घटने के बाद प्रभावित क्षेत्रों में संक्रामक

रोगों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए सीएमओ ने की समीक्षा बैठक

एवं मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के लिए विशेष सतर्कता आवश्यक है। इस अवधि में जनस्वास्थ्य की दृष्टि से निरंतर निगरानी, जागरूकता और बचाव संबंधी गतिविधियों का विशेष महत्व है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को क्षेत्रीय परिस्थितियों के अनुरूप आवश्यक कदम उठाने तथा स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर नियमित नजर रखने के निर्देश दिए। बुधवार को मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति पर चर्चा की गई। सीएमओ ने सभी एडिशनल एवं डिप्टी सीएमओ को अपने-अपने कार्यक्षेत्र में नियमित भ्रमण कर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लेने तथा संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय बनाए रखने को कहा। उन्होंने मौसमी बीमारियों की रोकथाम, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता और जांच सुविधाओं से जुड़े बिंदुओं की समीक्षा करते हुए व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने पर जोर दिया। देवारा क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित इलाकों के संदर्भ में हरैया, अजमतगढ़ और महराजगंज ब्लॉकों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही सर्पदंश और कुत्ते के काटने जैसी आपात स्थितियों में उपयोगी एंटी स्नेक वेनम एवं एंटी रैबीज वैक्सीन की उपलब्धता की समीक्षा करने पर जोर दिया गया।

भाजपा में नयी नियुक्तियों से संघटन को और अधिक मिलेगी मजबूती

मगढ़। भारतीय जनता पार्टी में संगठनात्मक फेरबदल के बाद बुधवार को जिलाध्यक्ष ध्रुव कुमार सिंह के

नवनियुक्त पदाधिकारियों का ढोल-नगाड़ों के साथ किया गया स्वागत

नेतृत्व में जिला कार्यालय पर ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष ध्रुव कुमार सिंह, एससी-एसटी आयोग सदस्य तीजाराम समेत अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों सत्येंद्र गौड़ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा, तारकेश्वर सिंह जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा, सौदागर भारती जिलाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा, नंदलाल गोंड जिलाध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा, अलका सिंह जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा का

माल्यार्पण, अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ध्रुव कुमार सिंह ने कहा कि इन नियुक्तियों से पार्टी को और अधिक मजबूती मिलेगी तथा आगामी अभियानों को नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। आह्वान किया कि वे देश में एक बार फिर से कमल खिलाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार की जनहितकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं और आगामी चुनौतियों के लिए पूरी ताकत से जुट जाएं। संचालन ऋषिकेश दुबे ने किया। इस दौरान भीम प्रसाद गोंड, सुजीत सिंह टीका, विपिन राय, सत्यप्रकाश सिंह, मनोज गिरी, जयप्रकाश सिंह, विनय उपाध्याय, जोहान सोनकर, विभा बरनवाल, सुमन राठौर संतोष गोंड आदि मौजूद रहे।

विहिम के प्रदेश मंत्री गौरक्षा के प्रदेश उपाध्यक्ष का स्वागत

लालगंज, आजमगढ़। क्षेत्र के अहिरौली गांव में बुधवार को इंद्रेश मिश्रा एवं अंजनी मिश्रा के नेतृत्व में समारोह के दौरान विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश मंत्री धर्मराज सिंह और गौरक्षा के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश सिंह का माल्यार्पण कर तथा अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया। अध्यक्षता बृजभान सिंह व संचालन ब्राह्मण सभा के प्रदेश महामंत्री राजेश शुक्ला ने किया। प्रदेश मंत्री धर्मराज सिंह ने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य सामाजिक सौहार्द्र को बढ़ावा देना और क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य कर रहे पदाधिकारियों का सम्मान करना था। अंत में वक्ताओं ने समाज में एकता, भाईचारा और सांस्कृतिक मूल्यों को संरक्षित रखने के लिए मिलकर काम करने पर जोर दिया। इस अवसर पर योगेश विश्वकर्मा, विक्की प्रधान, आनंद सिंह, महेंद्र तिवारी, शकील अहमद, शुभम, राकेश सिंह, ओमप्रकाश तिवारी आदि शामिल रहे।

पूजा के समय ही काल के गाल में समा गया लाल, फिर कायम रही आस्था

माहुल के शिवा जी मेन चौक पर ५६ वर्ष से एक ही परिवार कर रहा मूर्ति की स्थापना

माहुल, आजमगढ़। माहुल बाजार के शिवाजी मेन चौक पर 56 वर्षों से बिना किसी के सहयोग से

अटूट भक्ति

दादा के आदेश का होता पालन, पूजा के लिए नहीं काटी जाती चंदे की रसीद

एक ही परिवार द्वारा पंडाल में मां की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की जाती है, लेकिन इसके पीछे एक पक्ष ऐसा भी, जिसे सुन लोग दंग रह जाते हैं। एक समय ऐसा भी आया कि पूजा के समय ही आयोजक के आठ वर्षीय पुत्र की आकस्मिक मौत हो गई, लेकिन पूजा जारी रही। इससे भी खास यह कि दादा की परंपरा का निर्वाह पौत्र करते हैं और

किसी से एक पैसा चंदा नहीं लेते। पंडाल में मां के दर्शन के लिए आस-पास के गांवों के अलावा दूर-दराज से काफी लोग आते रहते है। वर्ष 1971 में यहां के वॉर्ड न तीन निवासी केदारनाथ जायसवाल ने पांडाल में मां की प्रतिमा स्थापित कर मां की पूजा का शुभारंभ किया। 1998 में जब उनकी तबीयत ज्यादा खराब हो गई, तो इकलौते पुत्र ओमप्रकाश जायसवाल से कहा कि मेरे न रहने पर भी पूजा बंद नहीं होनी चाहिए और न ही किसी से चंदा आदि लेना है। पिता के आदेशों का पालन करते हुए ओमप्रकाश ने पंडाल को और भव्यता देते हुए मां की पूजा को जारी रखा। वर्ष 2008 में पंडाल में मां की आरती के समय उनका आठ वर्षीय पुत्र राजन छत से गिरकर काल के गाल में समा गया, लेकिन पूजा नहीं रुकी। उनका कहना था कि जो भी होता है सब मां की इच्छा से होता है।

ओमप्रकाश के स्वास्थ खराब होने पर उनके मझले पुत्र सुजीत जायसवाल आंसू पिछले 10 वर्षों से आयोजन कर रहे हैं। इसमें दादा के आदेशों का पालन करते हुए किसी का आर्थिक सहयोग नहीं लेते। कहते हैं कि जब परिवार के पास कुछ नहीं था, तमाम विपत्तियां थीं और पूजा नहीं रुकी, तो आज मां की कृपा से परिवार के पास बहुत कुछ है।

प्रतिमा स्थापना के साथ शहर से गांव तक दिखने लगी रौनक

लालगंज, आजमगढ़। शारदीय नवरात्र में प्रतिमा स्थापना के साथ शहर से लेकर गांव तक में रौनक दिखने लगी है। लोग मां की प्रतिमा के समक्ष शीशी झुकाकर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। पंडालों ने बजने वाले भक्ति गीत लोगों को देवी के आगमन का अहसास करा रहे हैं। क्षेत्र के अमिलिया गांव में मुख्य पूजा पंडाल में रमेश गुप्ता और उनकी धर्मपत्नी गीता गुप्ता द्वारा मां दुर्गा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान पूरा गांव माता के जयकारों और भक्ति गीतों से गूंज उठा। इस धार्मिक आयोजन में भाजपा के लालगंज मंडल अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने विशेष रूप से शिरकत की। नवयुवक मंगल दल के अध्यक्ष आशुतोष सिंह उर्फ चिंटू, उपाध्यक्ष शिवम सिंह, व्यवस्थापक प्रशांत सिंह व संयोजक राहुल गुप्ता ने मंडल अध्यक्ष को माला पहनाकर व अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने पूरे विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ मां दुर्गा की आरती उतारकर क्षेत्र की सुख, शांति, और समृद्धि के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया।

विज्ञान, प्रौद्योगिकी भारत के आर्थिक विकास, तकनीकी आत्मनिर्भरता का आधार

आजमगढ़। डीएवी के प्राचार्य प्रो. प्रेमचन्द्र के निर्देशन में द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज इंडिया,

विकसित भारत-२०४७ के निर्माण में विज्ञान, प्रौद्योगिकी की भूमिका पर व्याख्यान

वाराणसी चैप्टर काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के तत्वावधान में तथा डीएवी पीजी कॉलेज के विज्ञान संकाय के सहयोग से व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकीय प्रगति के माध्यम से विकसित भारत-2047 के निर्माण तथा प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण जीवन की अवधारणा पर विशेषज्ञों ने अपने विचार व्यक्त किए। प्रथम व्याख्यान में प्रो. मधुलिका अग्रवाल ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को भारत के आर्थिक विकास, तकनीकी आत्मनिर्भरता और वैश्विक नेतृत्व का आधार बताया। उन्होंने वैज्ञानिक अनुसंधान, नवाचार,

प्रभावी नीतिगत सहयोग तथा वैज्ञानिक संस्थाओं की भूमिका को विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने विज्ञान के माध्यम से सामाजिक चुनौतियों के समाधान और युवा वैज्ञानिकों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। द्वितीय व्याख्यान में डॉ. पीसी अभिलाष ने कहा कि मनुष्य और प्रकृति एक-दूसरे के पूरक हैं। पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता की रक्षा, जल एवं प्राकृतिक संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग तथा सतत जीवनशैली अपनाकर ही स्वस्थ और संतुलित भविष्य का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने वृक्षारोपण, प्लास्टिक के सीमित उपयोग, पुनर्चक्रण तथा स्थानीय एवं मौसमी उत्पादों को अपनाने जैसे व्यावहारिक उपायों पर जोर दिया। कार्यक्रम ने विज्ञान, सतत विकास और पर्यावरणीय चेतना के पारस्परिक संबंधों को रेखांकित करते हुए विकसित भारत के निर्माण में वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व की महत्ता को स्पष्ट किया। अतिथियों के प्रति आभार ज्ञापन प्रभारी प्राचार्य प्रो. शिल्पा त्रिपाठी ने किया।

पिता की मौत के मामले में मुकदमा दर्ज करने का आदेश

रेणुकूट(सोनभद्र)। पिपरी निवासी दीपक कुमार ने अपने पिता ओमप्रकाश की मौत के मामले में जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। दीपक की ओर से प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना करने का आदेश दिया है। इस आदेश के बाद अब मामले में पुलिस जांच का रास्ता साफ हो गया है। दीपक कुमार ने न्यायालय को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि बीते 13 मई को पिपरी क्षेत्र में आई तेज आंधी और तूफान के कारण बिजली के तार और खंभे क्षतिग्रस्त हो गए थे। आरोप है कि बिजली विभाग के अवर अभियंता के कहने पर पवन, जहीर, श्यामलाल, रामकुमार और विजय बहादुर उनके पिता ओमप्रकाश को क्षतिग्रस्त बिजली के तारों और खंभों की मरम्मत के लिए अपने साथ ले गए थे। दीपक के अनुसार मरम्मत कार्य के दौरान ओमप्रकाश खंभे पर चढ़कर काम कर रहे थे। इसी दौरान वह खंभे से नीचे गिर गए, जिससे उनकी मौत हो गई। इस मामले में पिपरी थाना प्रभारी अजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि न्यायालय का आदेश मिला है जल्द ही मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जाएगी।

ट्रैक्टर पलटा, दबने से बालक घायल

दुद्धी(सोनभद्र)। विंढमगंज थाना क्षेत्र के बासिन गांव में ट्रैक्टर से खेत जुताई करते समय अचानक ट्रैक्टर पलटने से उसे पर बैठे 13 वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी लाया गया। जहां मौजूद चिकित्सक डा. सुनील ने बालक कों प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। घायल बालक की पहचान 13 वर्षीय संगम कुमार पुत्र संजय कुमार निवासी बासिन गांव के रूप में हुई। परिजनों ने बताया कि गांव के ही सीताराम अगरिया का खेत ट्रैक्टर द्वारा जुताई किया जा रहा था। इसी दौरान संगम कुमार आया और ट्रैक्टर पर बैठ गया कुछ देर के बाद ट्रैक्टर अचानक पलट गया।

आनलाइन आवेदनों के निस्तारण बैठक में चार चिकित्सक रहे अनुपस्थित

सोनभद्र। मुख्य चिकित्साधिकारी रमेश मिश्रा ने अवगत कराया कि पीसीपीएनडीटी अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों के निस्तारण हेतु बुधवार को मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में आवेदनों के सापेक्ष मात्र 04 केंद्रों के चिकित्सक ही उपस्थित हुए। इस पर मुख्य चिकित्साधिकारी ने संबंधित प्रतिष्ठान स्वामियों को निर्देशित किया कि आगामी बैठक में अपने-अपने केंद्रों के चिकित्सकों की उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें।

अगली बैठक में चिकित्सकों की उपस्थिति अनिवार्य, अनुपस्थित रहने पर आवेदन निरस्त करने की चेतावनी

पोर्टल के माध्यम से प्राप्त आवेदनों के क्रम में संबंधित संस्थानों के प्रबंधकों, स्वामियों एवं चिकित्सकों को उपस्थित होने के लिए बुलाया गया था। पोर्टल पर कुल 09 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें 08 आवेदन पंजीकरण तथा 01 आवेदन नवीनीकरण से संबंधित था। बैठक में कुल 09 उन्होंने स्पष्ट किया कि आगामी बैठक में चिकित्सक के उपस्थित न होने की स्थिति में संबंधित आवेदन को नियमानुसार निरस्त कर दिया जाएगा। उन्होंने सभी संबंधित संस्थानों को निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने तथा आवेदन निस्तारण की प्रक्रिया में आवश्यक सहयोग प्रदान करने को कहा।

विधान परिषद चुनाव कराने के लिए सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेटों को दिया गया प्रशिक्षण

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश विधान परिषद निर्वाचन-2026 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट उन्होंने कहा कि मतदान दिवस पर सेक्टर एवं जोनल मजिस्ट्रेट लगातार भ्रमणशील रहकर निर्वाचन प्रक्रिया का जायजा लेते रहें तथा मतदान से संबंधित सभी व्यवस्थाओं पर सतत निगरानी बनाए रखें। जिला निर्वाचन मतदान प्रक्रिया के विभिन्न चरणों, पोलिंग एजेंटों को प्रवेश पास जारी करने, उनकी उपस्थिति में मतपेटी तैयार करने तथा मतदान अभिकर्ताओं के बैठने की निर्धारित प्राथमिकता के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ

प्रशिक्षण में दी गयी निर्वाचन संबंधित विस्तार से जानकारी

सभागार में सेक्टर मजिस्ट्रेटों एवं जोनल मजिस्ट्रेटों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे मतदान दिवस से पूर्व अपने निर्धारित क्षेत्रों एवं मतदेय स्थलों का भ्रमण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण सुनिश्चित कर लें, ताकि मतदान के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। अधिकारी ने अवगत कराया कि सभी मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की व्यवस्था की गई है। उन्होंने निर्देशित किया कि मतदान से संबंधित सभी आवश्यक औपचारिकताएं समय से पूर्ण कराते हुए निर्धारित समय पर मतदान प्रारंभ कराया जाए तथा मतदान प्रारंभ होने की सूचना तत्काल कंट्रोल रूम को उपलब्ध कराई जाए। प्रशिक्षण के दौरान ही निर्देशित किया गया कि पोलिंग एजेंट निर्वाचक नामावली की चिन्हित प्रति मतदान समाप्ति तक मतदेय स्थल से बाहर नहीं ले जाएंगे। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी वागीश कुमार शुक्ला, सहायक निर्वाचन अधिकारी जगरूप पटेल, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे रोहित यादव, अपर जिलाधिकारी न्यायिक रमेश चंद्र सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

शिव धनुष के टूटते ही श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा पंडाल

लिलासी(सोनभद्र)। म्योरपुर रामलीला स्टेज पर मंचन के 5वे दिन का लीला धनुष यज्ञ (सीता स्वयंवर) रामलीला का मंचन किया गया। मिथिला नरेश राजा जनक ने अपनी पुत्री माता सीता के स्वयंवर के लिए यह प्रण (प्रतिज्ञा) किया था कि जो भी वीर भगवान शिव के विशाल धनुष (शिवधनुष) पर प्रत्यंचा चढ़ाएगा, उसी के साथ सीता का विवाह होगा। स्वयंबर में देश-विदेश से कई राजा और महाराजा आए। सबने शिवधनुष उठाने और उस पर प्रत्यंचा चढ़ाने की कोशिश की, लेकिन कोई उसे हिला तक नहीं सका। इसी दौरान रावण भी शिव धनुष को तोड़ने आता हैँ एव बाड़ासुर भी धनुष को प्रणाम करने आते है दोनों मे बहुत ही रोचक संवाद होता है बाड़ासुर धनुष को प्रणाम कर अपने घर को लौट जाते हैँ उधर रावण धनुष तोड़ने के लिए जैसे आगे बाढ़ता है देवताओं मे हलचल मच जाता है जैसे रोबोट धनुष को तोड़ने आगे बढ़ता है आकाशवाणी होता है रावण तुम्हारी भगिनी को मैदानो हरण करके ले जा रहा है जा उसे बचा आकाशवाणी सुन रावण अपनी भागनी को बचाने जाता है और भरी सभा में प्रण करता है सिते तुझे एक बार लंका का दर्शन अवश्य करूंगा यह कहा रावण वापस हो जाता है रावण के जाने के बाद देश देश से आये कोई राजा धनुष तोड़ना तो दूर उसे हिला ना सके राजा जनक ने निराश होकर सभा में वचन कहे, तब गुरु विश्वामित्र की आज्ञा पाकर भगवान श्रीराम आसन से उठे। श्रीराम ने आदरपूर्वक शिवधनुष को उठाया और जैसे ही प्रत्यंचा चढ़ाई, वह भारी धनुष बीच से टूट गया।

मिथिला में गूंजी मंगल ध्वनि, श्रीराम ने तोड़ा शिव धनुष

रेणुकूट(सोनभद्र)। हिंडाल्को रामलीला परिषद के तत्वावधान में रामलीला के तीसरे दिन की लीला ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। सीताजी द्वारा गौरी पूजन, धनुष यज्ञ, लक्ष्मण-परशुराम संवाद व राम-सीता विवाह आदि का मंचन सजीवता से किया गया। धनुष यज्ञ के प्रसंग में मिथिला नरेश राजा जनक की घोषणा पर शिव धनुष को भंग करने के लिए कई देश के राजकुमार मिथिला पहुंचते हैं। रावण भी स्वयंवर में पहुंचता है, परन्तु अपने आराध्य शिवजी की धनुष तोड़ने की बात पर वह स्वयंवर से हट जाता है। श्रीराम शिव धनुष को उठा प्रत्यंचा चढ़ाकर भंग कर देते हैं। इस पर शिव भक्त परशुराम अपने आराध्य के धनुष को भंग होता देखकर अत्यन्त क्रोधित हो जाते हैं। जिसके बाद परशुराम और लक्ष्मण में संवाद तीखे संवाद होते हैं। अंत में श्रीराम अपनी मधुर वाणी से परशुरामजी के क्रोध को शांत करने में सफल होते हैं। इसके बाद गाजे-बाजे के साथ श्रीरामजी अपनी बारात लेकर मिथिला पहुंचते हैं और मंगल गीतों के बीच सीताजी से उनका विवाह संपन्न होता है। इससे पूर्व एसडीएम दुद्धी अशोक गुप्ता, एबीजी लर्निंग (ज्ञानोदय) हेड नीलमणि सिंह, हिण्डाल्को के मुखिया समीर नायक, क्लस्टर एचआर हेड जसबीर सिंह, एचआर हेड अजय सिन्हा ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गणेश पूजन किया।

विधान परिषद निर्वाचन के दिन पात्र कर्मचारियों को मिलेगा विशेष आकस्मिक अवकाश

सोनभद्र। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी चर्चित गौड़ ने अवगत कराया है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ एवं सामान्य प्रशासन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के अनुपालन में उत्तर प्रदेश विधान परिषद के खण्ड स्नातक के 05 एवं खण्ड शिक्षक के 06 निर्वाचन क्षेत्रों के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 के दृष्टिगत मतदान दिवस 23 अक्टूबर को विशेष आकस्मिक अवकाश अनुमन्य किया गया है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के ऐसे सभी कर्मचारी, जो विश्वविद्यालय से स्नातक हैं तथा विधान परिषद के खण्ड स्नातक एवं खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचन में मतदान करने के लिए बोनाफाइड मतदाता हैं, उन्हें अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु मतदान दिवस 23 अक्टूबर को विशेष आकस्मिक अवकाश स्वीकृत किया गया है। इस व्यवस्था का उद्देश्य पात्र कर्मचारियों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सहभागिता करने तथा अपने मताधिकार का प्रयोग करने का अवसर प्रदान करना है।

खेलकूद में कंपोजिट विद्यालय मझौली का शानदार प्रदर्शन

बभनी(सोनभद्र)। बभनी विकास खण्ड के कंपोजिट विद्यालय बिछियारी के प्रांगण में बुधवार को न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एआरपी चंद्रशेखर, अमित कुमार और भानू प्रताप सिंह ने दीप प्रज्जवलित करके किया। कंपोजिट विद्यालय मझौली के प्रतिभागियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपना परचम लहराया। प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे। कबड्डी (प्राथमिक बालक वर्ग) कंपोजिट विद्यालय मझौली प्रथम और कंपोजिट विद्यालय भंवर द्वितीय स्थान पर रहा। कबड्डी (बालिका वर्ग) प्राथमिक विद्यालय जिगनहवा ने प्रथम तथा कंपोजिट विद्यालय मझौली ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पीटी प्रतियोगिता कंपोजिट विद्यालय मझौली प्रथम स्थान पर रहा। खो-खो (उच्च प्राथमिक बालिका वर्ग) कंपोजिट विद्यालय मझौली प्रथम और कंपोजिट विद्यालय महुआदोहार द्वितीय स्थान पर रहा। खो-खो (उच्च प्राथमिक बालक वर्ग) कंपोजिट विद्यालय मझौली प्रथम तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय जिगनहवा द्वितीय स्थान पर रहा। कबड्डी (उच्च प्राथमिक बालिका वर्ग) कंपोजिट विद्यालय मझौली प्रथम और कंपोजिट विद्यालय बिछियारी द्वितीय स्थान पर रहा। संचालन संदीप कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर संतोष यादव, राम नयन, रमेश गुप्ता, राजेश कुमार, प्रवीण सिंह, राजेश यादव, राजीव, प्रदीप यादव, मुईन अख्तर मौजूद रहे।

वेतन भुगतान न होने पर मजदूरों ने रोका काम

बीना(सोनभद्र)। नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की बीना कोयला परियोजना में कार्यरत मधुकॉन कम्पनी के कोल हैंडलिंग प्लांट में वेतन भुगतान में देरी और अनियमितता के विरोध में आपरेटरों व मजदूरों ने काम बंद कर दिया। श्रमिकों ने शाम चार बजे तक काम पूरी तरह ठप रखा। प्रदर्शन कर रहे मजदूरों का आरोप है कि कंपनी और ठेकेदार की ओर से समय पर वेतन नहीं दिया जा रहा है। साथ ही उन्हें केंद्र सरकार और कोल इंडिया के नियमों के तहत हाई पावर कमेटी द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी भी नहीं मिल रही है। श्रमिकों ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ मजदूरों को ठेकेदार नकद भुगतान करते हैं। उन्होंने वेतन व्यवस्था में पारदर्शिता लाने, निर्धारित मजदूरी का भुगतान करने और समय पर सैलरी सुनिश्चित करने की मांग की। काम बंद होने से प्लांट का संचालन प्रभावित हुआ। मामले में संबंधित कंपनी प्रबंधन का पक्ष सामने नहीं आया है।

मां चंद्रघंटा की आरती में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

विंढमगंज(सोनभद्र)। शारदीय नवरात्र के तीसरे दिन मंगलवार को क्षेत्र में स्थित दिगंबर अखाड़ा अयोध्या से संवत श्री राम-जानकी मंदिर और मां काली शक्ति पीठ मंदिर में मां दुर्गा के तीसरे स्वरूप मां चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान दोनों मंदिरों में आरती के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। माता के जयकारों से मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। राम-जानकी मंदिर में नंदलाल तिवारी और वेद मोहन दास ब्रह्मचारी सहित श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से मां चंद्रघंटा की आरती की।

अवैध बालू परिवहन करते हुए ट्रैक्टर-ट्राली पकड़ाया

विंढमगंज(सोनभद्र)। अवैध बालू के खनन व परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत वन रेंजर रत्नेश कुमार की टीम ने मुखबीर की सूचना पर अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर-ट्राली को पकड़ लिया। रेंजर रत्नेश कुमार ने बताया कि वन रेंज के अंतर्गत ग्राम घिवही में वन विभाग की टीम गश्त पर थी। इसी दौरान एक ट्रैक्टर-ट्राली में लगभग एक घन मीटर बालू का अवैध परिवहन करते हुए पाया गया। टीम ने मौके पर ही ट्रैक्टर-ट्राली को कब्जे में ले लिया। पकड़े गए आरोपी नन्दलाल कुशवाहा पुत्र शिवधारी निवासी ग्राम घिवही थाना विंढमगंज के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

मांगों को लेकर संविदा कर्मचारियों का कार्य बहिष्कार

दुद्धी(सोनभद्र)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी में बुधवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार कर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। अस्पताल परिसर में एकजुट हुए कर्मचारियों ने मांगों के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। कर्मचारियों ने स्पष्ट किया कि लंबे समय से सेवाएं देने के बावजूद उन्हें नियमित कर्मचारियों के समान सुविधाएं और सेवा सुरक्षा नहीं मिल रही हैं। अब मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रखने का निर्णय लिया गया है। प्रदर्शन के दौरान डा. गौरव सिंह, डा. संजय गुप्ता, डा. मुस्कान गुप्ता, संदीप सिंह, अरुणिमा यादव, संदीप सिंह, डा. दिलीप, अतुल कुमार सिंह, विवेकानंद शुक्ला, जयशंकर पांडेय, रूबी कुमारी, सुरेश गुप्ता मौजूद रहे।

हर घर जल-नल योजना से नहीं मिल रहा पानी

करमा(सोनभद्र)। विकास खंड में आने वाले ग्राम पंचायत में हर घर जल योजना के तहत पानी की व्यवस्था कर उनको पीने का साधन सरकार द्वारा दिया गया है। जिसका लाभ कुछ ग्राम पंचायत में तो लाभार्थी ले रहे हैं। परंतु कुछ ग्राम पंचायत में अभी तक पूर्ण रूप से तैयारी नहीं हुई। डिलाही, बहेरा ,भरूहा, ऐलाही, खैराही, भदोही, पटेहरा, जुड़ वट सहित अन्य गांव में हर घर जल नल योजना के तहत सरकार द्वारा लोगों को पीने के लिए पानी देने की व्यवस्था की गई है लेकिन वर्तमान समय में यह योजना बिलकुल बेकार साबित हो रही है।

पुलिस ने बच्चों को सिखाया सुरक्षा के गुर

बीजपुर(सोनभद्र)। डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों से विद्यार्थियों को बचाने के लिए बीजपुर पुलिस ने बुधवार को एनटीपीसी रिहंद नगर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में साइबर जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को साइबर ठगी के विभिन्न तरीकों की जानकारी देते हुए ऑनलाइन सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में ऑनलाइन निवेश के नाम पर ठगी सोशल मीडिया फ्रॉड, साइबर ग्रूमिंग,फेसबुक फ्रॉड, क्रिप्टोकरेंसी घोटाले और फिशिंग लिंक के जरिए होने वाली धोखाधड़ी के बारे में बताया गया। इस मौके पर कृष्ण कुमार गुप्ता, सुनैना, सरोज, अमित कुमार, श्रीकृष्ण मौजूद रहे।

इनामी आरोपी चिकित्सक को पुलिस ने कस्टडी रिमांड पर लिया

कोन(सोनभद्र)। स्थानीय पुलिस ने 25 हजार रुपये के इनामी आरोपी डा. नसीम अहमद को कस्टडी रिमांड पर लेकर घटना में प्रयुक्त चिकित्सकीय उपकरण बरामद किया हैं। पुलिस ने बुधवार को आरोपी की निशानदेही पर कोन कस्बा स्थित ग्लोबल हास्पिटल से छह प्रकार के उपकरण बरामद कर लिया। आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद आरोपी को पुनः जिला कारागार भेज दिया गया है।

कनछ में राम-सीता विवाह का मंचन

मारकुंडी(सोनभद्र)। कभी नक्सली गतिविधियों के लिए चर्चा में रहने वाले कनछ-कन्हौरा क्षेत्र में अब धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों की रौनक देखने को मिल रही है। चोपन थाना क्षेत्र के कनछ में नवयुवकों के तत्वावधान में आयोजित रामलीला में धनुष यज्ञ और भगवान श्रीराम-सीता विवाह का भव्य मंचन किया गया। शिवधनुष टूटते ही 'जय श्रीराम' के जयकारों से रामलीला परिसर गूंज उठा। कनछ के ग्राम प्रधान राजेश गौड़ ने पुलिस प्रशासन से आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग की है। इस मौके पर बृज किशोर, नरेंद्र गुप्ता, अमृत विश्वास, विवेक गुप्ता, अखिलेश, शिवनाथ, अयोध्या, संजय मद्धेशिया, अविनाश मौजूद रहे।

२५ यूनिट रक्तदान कर दिया मानव सेवा का संदेश

चोपन(सोनभद्र)। चोपन के प्रीत नगर में रविवार को संत रामपाल जी महाराज के सान्निध्य में विशाल आध्यात्मिक सत्संग एवं निःशुल्क नामदीक्षा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सत्संग में वेद, श्रीमद्भगवद्गीता, गुरु ग्रंथ साहिब, बाइबल और कुरान के प्रमाणों के आधार पर शास्त्रानुकूल भक्ति, सदाचार, शांति और मानवता का संदेश दिया गया। साथ ही नशाखोरी, दहेज प्रथा, भ्रुण हत्या, जातिवाद और छुआछूत जैसी सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने का आह्वान किया गया।

कनहर विस्थापितों ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

दुद्धी(सोनभद्र)। कनहर बांध के डूब क्षेत्र के निवासियों ने जिलाधिकारी सोनभद्र को ज्ञापन सौंपकर अमवार स्थित पुनर्वास कालोनी में प्रधानमंत्री आवास की मांग की है। विस्थापितों ने सर्वे से

प्रधानमंत्री आवास दिलाने की मांग

छूटे विस्थापितों के लिए दोबारा सर्वे की मांग कर न्याय पंचायत कोरची, सुंदरी, भीसुर, लम्बी, और गोहड़ा गांवों के विस्थापित परिवारों का प्रधानमंत्री आवास के लिए सर्वे किया जा चुका है। कई जरूरतमंद परिवार अभी भी इस सर्वे से वंचित रह गए हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि छूटे हुए विस्थापितों का पुनरू सर्वे कराकर सभी को एक साथ तत्काल आवास आवंटित किया जाए। विस्थापितों ने अपनी मांग करते हुए बताया कि कनहर परियोजना के कारण उजड़ने के बाद उनकी आजीविका और जीवन स्थिति बहुत खराब हो चुकी है। वर्तमान में बेरोजगार, भूमिहीन और बेघर होकर जीवन यापन करने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने कहा कि विस्थापितों का यह दर्द और संकट शासन-प्रशासन के स्तर पर गंभीरता से साझा किया जाना आवश्यक है। इस मौके पर पूर्व प्रधान फणिश्वर जायसवाल, इम्तियाज अहमद, अशोक कुमार, धनेश्वर कुमार, शिवशंकर, जमुना, रामचन्द्र, संजय कुमार, सुमित कुमार, मजहर हुसैन, हामिद अली, असजद, पारसनाथ मौजूद रहे।

सीआईएसएफने चलाया अग्नि सुरक्षा जागरुकता अभियान

शक्तिनगर(सोनभद्र)। दीपावली के त्योहार को सुरक्षित बनाने और आगजनी की घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से बुधवार को लायंस सीनियर सेकेंडरी स्कूल, एनटीपीसी शक्तिनगर में सीआईएसएफ यूनिट एनटीपीसी शक्तिनगर के फायर विंग द्वारा अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के करीब 350 छात्र-छात्राओं और 20 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन सीआईएसएफ के सहायक कमांडेंट, अग्नि तरुण दत्ता, कंपनी कमांडर,अग्नि अजीत आनंद ने किया। इस मौके पर विद्यार्थियों को आग लगने के प्रमुख कारणों, आग पर काबू पाने के आधुनिक उपकरणों, विभिन्न प्रकार के

लायंस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अग्निशामक यंत्रों का प्रदर्शन

अग्निशामक यंत्रों और उनके सही इस्तेमाल के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सीआईएसएफ फायर विंग की टीम ने विद्यार्थियों के सामने अग्निशामक यंत्रों का व्यवहारिक प्रदर्शन भी किया। साथ ही आपात स्थिति में सुरक्षित स्थान तक पहुंचने और निकास के सही तरीकों की जानकारी दी गई। आगामी दीपावली त्योहार को ध्यान में रखते हुए पटाखे जलाते समय आवश्यक सावधानियां बरतने, आग से बचाव करने तथा दुर्घटना की स्थिति में सतर्कता के साथ कार्रवाई करने के बारे में जागरूक किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. नवल किशोर ने कहा कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रमों से बच्चों में अग्नि सुरक्षा के प्रति समझ विकसित होती है और वे आपात परिस्थितियों में सावधानी बरतने के लिए तैयार होते हैं।

क्षेत्राधिकारी,चौकी इंचार्ज ने राजकीय विद्यालय में चलाया जागरुकता अभियान

ओबरा(सोनभद्र)। थाना ओबरा अंतर्गत पीएम श्री राजकीय विद्यालय ओबरा में श्रीमान क्षेत्राधिकारी ओबरा व चौकी प्रभारी कस्बा द्वारा विद्यालय प्रशासन,मिशन शक्ति कर्मचारी व साइबर हेल्प डेक्स के कर्मचारी की उपस्थिति में मिशन शक्ति 6.0 के अंतर्गत उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन तथा उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए महिलाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। जिसमें महिलाओं के प्रति सम्मानजनक व्यवहार और लैंगिक समानता को बढ़ावा देना,महिलाओं को शिक्षा, रोजगार एवं स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करना ,महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों और सहायता सेवाओं की जानकारी देना।बाल विवाह, बाल शोषण तथा बालिकाओं के साथ होने वाले अपराधों की रोकथाम के प्रति जागरूक करना।ऑनलाइन धोखाधड़ी, साइबर उत्पीड़न और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के बारे में जानकारी देना तथा महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर हेल्पलाइन नंबर पुलिस आपातकालीन सहायता 112 वनमहिला हेल्पलाइन 181चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 आपातकालीन स्वास्थ्य सेवा 108 के विषय में बताते हुए किसी भी प्रकार की हिंसा, उत्पीड़न या छेड़छाड़ की स्थिति में सहायता लेने के लिए प्रेरित किया गया। तथा बाल विवाह और दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों को रोकने का संदेश दिया गया।

रोजगार मेले में १८ छात्रों का चयन

चोपन(सोनभद्र)। राबिया रोशन प्राइवेट आईटीआई सलखन में मंगलवार को आयोजित अप्रेंटिसशिप एवं रोजगार मेले में 18 छात्रों का चयन किया गया। मेले में चयन होने से अभ्यर्थियों में खुशी का माहौल रहा। रोजगार मेले का उद्देश्य आईटीआई उत्तीर्ण युवाओं को रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के अवसर उपलब्ध कराना है। इस पहल से युवाओं को अपने कौशल के अनुरूप कार्य करने और आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिला। संस्थान के प्रबंधक रिजवान अहमद ने चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही युवाओं से तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर रोजगार के अवसरों का लाभ उठाने की अपील की। इस मौके पर प्रधानाचार्य सद्दाम कुरैशी, कालेज स्टाफ उत्तम सिंह, शिवम सेठ, शाहिल, सुनील कुमार, विमलेश देवी, आफरीन शबा आदि मौजूद रहीं।

पंचायत महोत्सव में ग्राम स्वावलंबन और शिक्षा पर जोर

बीजपुर(सोनभद्र)। म्योरपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत जरहा के ग्राम निर्माण केंद्र चेतवा परिसर में मंगलवार को पंचायत महोत्सव एवं क्षेत्रीय ग्राम स्वराज्य सम्मेलन का आयोजन हुआ। सम्मेलन में ग्राम स्वराज्य से स्वावलंबन, शिक्षा के माध्यम से बौद्धिक विकास, स्थानीय समस्याओं तथा राष्ट्रीय हरित अधिकरण के दिशा-निर्देशों पर विस्तार से मंथन किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व जिला पंचायत सदस्य केदार यादव ने कहा कि किसी भी समाज के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा और बौद्धिक ज्ञान पहली शर्त है। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से संपन्न होने के बावजूद यदि व्यक्ति बौद्धिक रूप से जागरूक नहीं है तो वह सही मायनों में समृद्ध नहीं माना जा सकता। शिक्षा ही आमजन को जागरूक और आत्मनिर्भर बनाती है। वहीं जगत भाई और प्रदीप पांडेय ने एनजीटी के 22 सितंबर के आदेश की जानकारी साझा करते हुए बताया कि अधिकरण ने प्रदूषण पीड़ितों को मुआवजा दिलाने और प्रभावित क्षेत्र में आधुनिक अस्पताल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए उच्चस्तरीय टीम गठित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने प्रदूषण से प्रभावित ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने उपचार से संबंधित सभी पर्चियां व दस्तावेज सुरक्षित रखें ताकि मुआवजे की प्रक्रिया के दौरान साक्ष्य के तौर पर उनका उपयोग किया जा सके।

प्रभुश्री राम का वनवास होते ही अयोध्यावासी हुए भावुक

दुद्धी(सोनभद्र)। मंगलवार की रात तहसील परिसर में श्री रामलीला मंचन के दौरान श्री राम वनवास की लीला का अत्यंत ही सजीव और भावुक मंचन किया गया। कलाकारों के सजीव अभिनय ने ऐसा समां बांधा कि पूरा पंडाल भक्तिमय हो गया और दृश्य देखकर कई दर्शकों की आंखें नम हो गईं। लीला की शुरुआत अयोध्या के महलों में उत्सव के माहौल से हुई, जहां भगवान श्री राम के राज्याभिषेक की तैयारियां चल रही थीं। इसके बाद कथा ने मन्थरा के कुचक्र और महारानी कैकेयी के प्रवेश के साथ नाटकीय मोड़ लिया। कैकेयी द्वारा राजा दशरथ से अपने दो वरदान मांगने श्री राम के लिए चौदह वर्ष का वनवास और भरत के लिए राजसिंहासन के प्रसंग ने दर्शकों को झकझोर कर रख दिया। राजा दशरथ के रूप में कलाकार ने पुत्र मोह और अपने वचनों के धर्म संकट के बीच की पीड़ा का ऐसा जीवंत प्रदर्शन किया कि दर्शक भावुक हो गए। दशरथ विलाप के दृश्यों ने पंडाल में मौजूद हर व्यक्ति को रुआंसा कर दिया। पिता की आज्ञा और कैकेयी के वचनों का पता चला, तो उनके चेहरे पर जो संतोष और पितृभक्ति का भाव था, उसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

६५६ किलो अवैध पटाखा बरामद, पिता-पुत्र समेत तीन गिरफ्तार

दुकान और डीसीएम से मिला विस्फोटक सामान, त्योहारों से पहले कोतवाली पुलिस की बड़ी कारर‌वाई

बलिया। आगामी त्योहारों के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और संभावित हादसों को रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने अवैध पटाखों के भंडारण और आपूर्ति के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने मवेशी अस्पताल के पास गुदरी बाजार स्थित एक दुकान और डीसीएम वाहन से कुल 656.800 किलोग्राम पटाखे बरामद किए हैं। मौके से पिता-पुत्र समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने पटाखों की ढुलाई में इस्तेमाल डीसीएम वाहन को भी कब्जे में ले लिया है। पुलिस के अनुसार, उपनिरीक्षक श्याम प्रकाश मिश्र पुलिस बल के साथ चितू पांडेय चौराहे पर मौजूद थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि मवेशी अस्पताल के पास गुदरी बाजार में एक दुकान, मकान और उसके बेसमेंट में भारी मात्रा में पटाखे रखे गए हैं। इन पटाखों को जिले के विभिन्न स्थानों पर आपूर्ति करने की तैयारी थी। सूचना पर पुलिस टीम ने दुकान पर पहुंचकर जांच की। तलाशी के दौरान बेसमेंट से विभिन्न प्रकार के पटाखों के नौ कार्टून बरामद हुए। इसके बाद दुकान के बाहर खड़ी डीसीएम वाहन संख्या यूपी 65 सीटी 7919 की तलाशी ली गई। वाहन से भी विभिन्न प्रकार के पटाखों के 16 कार्टून मिले। इलेक्ट्रॉनिक कांटे से वजन कराने पर बरामद पटाखों की कुल मात्रा 656.800 किलोग्राम पाई गई। पुलिस के मुताबिक, पूछताछ में चेतन गुप्ता ने बताया कि वह वाराणसी की जय यूपी ट्रांसपोर्ट कंपनी के माध्यम से पटाखे मंगवाकर अपनी एजेंसी में रखता था और फिर बलिया के अलग-अलग स्थानों पर उनकी आपूर्ति करता था। इस काम में उसके पिता शशिमोहन गुप्ता भी शामिल थे। पुलिस ने बरामद पटाखों के साथ डीसीएम वाहन को संबंधित मुकदमे में दाखिल कर दिया है। बरामदगी के संबंध में क्षेत्राधिकारी नगर सतीश कुमार शर्मा ने बताया कि विस्फोटक अधिनियम, संबंधित नियमों और भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

अश्लील टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार

बैरिया (बलिया)। दोकटी थाना क्षेत्र के सेमरिया ढाला के पास सड़क से गुजरने वाली महिलाओं, युवतियों और छात्राओं पर अश्लील टिप्पणी करने तथा अश्लील इशारे करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार सोमवार को मुखबिर से सूचना मिली कि सेमरिया ढाला के पास एक युवक सड़क से गुजरने वाली महिलाओं और छात्राओं को देखकर अश्लील गाने गा रहा है तथा अश्लील इशारे कर रहा है। पुलिसकर्मियों ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी की पहचान विकेश रजक उर्फ शेरू निवासी दोकटी,थाना दोकटी के रूप में हुई। दोकटी थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गई।

युवक का पेड़ से लटकता मिला शव, दोनों हाथ भी रस्सी से बंधे होने पर उठे सवाल

रतसड़ (बलिया)। गड़वार थाना क्षेत्र के अमडरिया गांव स्थित बागीचे में बुधवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव पेड़ से लटकता मिला। उसके दोनों हाथ भी रस्सी से बंधे हुए थे। इसको लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं होने लगीं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मृतक की पहचान अमडरिया गांव निवासी अभिषेक उर्फ गोलू (21) पुत्र शैलेष राम के रूप में हुई। वह ई-रिक्शा चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता था और तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। बुधवार की सुबह शौच के लिए गए एक ग्रामीण ने बागीचे में रस्सी के सहारे शव लटकता देखा। इसके बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और पुलिस को सूचना दी गई। मृतक की मां आशा देवी और छोटे भाई हंस कुमार के अनुसार, अभिषेक का गांव की ही एक युवती से प्रेम संबंध था। उनका कहना है कि बीते कुछ दिनों से युवती अभिषेक के घर पर रह रही थी। इस संबंध में युवती के परिजनों ने पुलिस से लिखित शिकायत की थी। इसके बाद मंगलवार को अभिषेक और उसके परिजनों को पूछताछ के लिए पुलिस चौकी बुलाया गया था। परिजनों के मुताबिक, वहां कथित तौर पर समझौता कराने के बाद उन्हें घर भेज दिया गया था। इसके अगले दिन अभिषेक का शव पेड़ से लटकता मिला। परिजनों ने आरोप लगाया कि जिस रस्सी से अभिषेक के गले में फंदा लगा था, उसी से उसके दोनों हाथ भी बंधे हुए थे। उन्होंने पुलिस चौकी पर तैनात एक सिपाही पर मामले में सुलह कराने के लिए रुपये लेने का भी आरोप लगाया है। इस संबंध में थाना प्रभारी हितेश कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के निष्कर्षों के बाद ही घटना की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

दहेज में बुलेट, जमीन की मांग, विवाहिता को घर से निकाला

पूर (बलिया)। पकड़ी थाना क्षेत्र के चकजलाल गांव की एक विवाहिता ने अपने पति और ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल और मायके की पांच बिस्वा जमीन की रजिस्ट्री कराने का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। मांग पूरी नहीं होने पर मारपीट कर घर से निकालने का भी आरोप है। पीड़िता ने 13 अक्टूबर को पकड़ी थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता शैल कुमारी की शादी 11 जून 2023 को नगरा थाना क्षेत्र के ककरी गांव निवासी सुमेर यादव पुत्र ददन यादव के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के अगले दिन से ही ससुराल पक्ष के लोग आर्थिक तंगी का ताना देने लगे। पति सुमेर यादव, सास फुलमती देवी, ससुर ददन यादव, ननद पायल यादव और देवर राकेश यादव पर बुलेट मोटरसाइकिल की मांग को लेकर मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया गया है। पीड़िता के अनुसार, बुलेट की मांग पूरी नहीं होने पर उसके पिता की पांच बिस्वा जमीन ससुराल पक्ष के नाम रजिस्ट्री कराने का दबाव बनाया जाने लगा। मामले को सुलझाने के लिए नगरा थाना, पकड़ी थाना और महिला थाना बलिया में कई बार पंचायत हुई, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। पीड़िता का आरोप है कि 11 जुलाई 2026 को पकड़ी थाने में हुई पंचायत में पांच अगस्त को विदाई कराने की तारीख तय हुई थी। हालांकि, पति और ससुर पांच बिस्वा जमीन की रजिस्ट्री कराए बिना उसे घर ले जाने को तैयार नहीं हुए। पकड़ी थाना प्रभारी रंजीत कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर प्राथमिक की दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच की जा रही है।

ई-रिक्शा को चोरों ने बनाया निशाना, बैटरी-मोटर चोरी

बेल्थरारोड (बलिया)। उभांव थाना क्षेत्र के बिगह जमीन बिगह ग्राम पंचायत स्थित आरआरसी सेंटर परिसर में खड़े सरकारी ई-रिक्शा को अज्ञात चोरों ने निशाना बना लिया। चोर ई-रिक्शा की बैटरी, मोटर, हेडलाइट सहित कई महत्वपूर्ण उपकरण खोलकर ले गए। सरकारी वाहन से उपकरण चोरी होने की जानकारी मिलते ही पंचायत स्तर पर हड़कंप मच गया। इसकी सूचना ग्राम प्रधान देवानन्द और ग्राम पंचायत सचिव राज किशोर भारद्वाज को दी गई। मामले की जानकारी होने के बाद ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव ने उभांव थाने पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी। उन्होंने पुलिस से चोरी गए सामान की बरामदगी के साथ ही घटना का जल्द खुलासा कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

कांग्रेस कार्यालय में हंगामे के विरोध में सौंपा ज्ञापन

७२ घंटे का अल्टीमेटम, पुलिस की भूमिका की जांच और कोतवाल के निलंबन की मांग

बलिया। जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष उमाशंकर पाठक के नेतृत्व में बुधवार को कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा से मुलाकात की। इस दौरान कांग्रेस कार्यालय में मंगलवार को हुई घटना और कथित अराजकता के संबंध में पूरे मामले की जानकारी देते हुए विरोध में ज्ञापन सौंपा गया। प्रतिनिधिमंडल ने मामले में कार्रवाई के लिए 72 घंटे का अल्टीमेटम दिया। कांग्रेस नेताओं ने घटना में पुलिस की भूमिका की जांच कराने और संबंधित कोतवाल को निलंबित करने की मांग की। इसके साथ ही पूर्व मंत्री नारद राय और भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष श्वेता राय के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की मांग भी उठाई। जिलाध्यक्ष उमाशंकर पाठक के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक के समक्ष घटना से जुड़े विभिन्न पहलुओं को रखा और निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि निर्धारित समय सीमा में कार्रवाई नहीं होने पर आगे की रणनीति तय की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व जिलाध्यक्ष सच्चिदानंद तिवारी, जैनेंद्र पांडेय मिंटू, संतोष चौबे, फूलबदन तिवारी, अशोक सिंह, रुपेश चौबे, सिद्धनाथ तिवारी, महिला जिलाध्यक्ष अनुपमा सिंह, अल्पसंख्यक अध्यक्ष आरिफ खान, विजेंद्र पांडेय मुखिया, रामेश्वर तिवारी पगड़ी, विवेक ओझा और रश्मि सिंह सहित अन्य कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

विद्युत पोल के स्टे वायर में उतरे करेण्ट से किसान की मौत

बैरिया (बलिया)। दोकटी थाना क्षेत्र के रामनगर गांव में बुधवार सुबह खेत में घास-फूस की साफ-सफाई कर रहे 56 वर्षीय किसान की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया, जबकि गांव में शोक की लहर दौड़ गई। स्टे वायर में करंट उतरने की घटना से ग्रामीणों में बिजली विभाग के प्रति नाराजगी है। रामनगर निवासी भोला वर्मा (56) वर्ष खेती-किसानी का काम देखते थे। रवी की बुआई के लिए बुधवार सुबह वह खेत में लगे घास-फूस की सफाई कर रहे थे। इसी दौरान खेत के पास बिजली के पोल में लगे स्टे वायर में प्रवाहित हो रहे करंट की चपेट में आ गए। घटना के बाद परिजन आनन-फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। भोला वर्मा अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र और एक पुत्री छोड़ गए हैं।उनकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली विभाग की लापरवाही के चलते क्षेत्र में आए दिन विद्युत दुर्घटनाएं हो रही हैं। इसके बावजूद व्यवस्था में अपेक्षित सुधार नहीं हो रहा है। स्टे वायर में करंट उतरने से किसान की मौत के बाद ग्रामीणों ने विद्युत व्यवस्था की जांच कराने, खामियों को तत्काल दूर करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है। लगातार हो रही विद्युत दुर्घटनाओं को लेकर क्षेत्रीय लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में ८३ जोड़ों ने लिए सात फेरे

डीएम ने नवविवाहित जोड़ों को विवाह प्रमाण पत्र किया प्रदान

बेल्थरा रोड (बलिया)। समाज कल्याण विभाग की ओर से मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत बुधवार को स्थानीय पशुहारी मार्ग स्थित एक होटल में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। सीयर और नगरा ब्लॉक के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित समारोह में कुल 98 जोड़ों ने विवाह के लिए रजिस्ट्रेशन कराया था। इनमें से 15 जोड़े समारोह में उपस्थित नहीं हो सके, जबकि 83 जोड़ों का विवाह वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ संपन्न कराया गया। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम सीडीओ आलोक कुमार एवं डीडीओ आनंद प्रकाश की देखरेख में संपन्न हुआ। जिलाधिकारी ने नवविवाहित जोड़ों को विवाह प्रमाण पत्र प्रदान किया और उन पर पुष्प वर्षा कर सुखमय दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत समारोह में शामिल वर-वधुओं का बायोमेट्रिक सत्यापन भी कराया गया। कार्यक्रम में एसडीएम शरद चौधरी, बीडीओ सूर्य प्रकाश, एडीओ पंचायत मनोज सिंह, इरशाद अहमद, सीयर ब्लॉक प्रमुख आलोक कुमार सिंह आदि मौजूद रहे। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह में सहायता प्रदान की जाती है।

ट्रक के चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत

फेफना (बलिया)। क्षेत्र में फेफना-बलिया राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार के देर रात को फेफना के तरफ़ से बलिया जा रहे अभी खोड़ीपाकड़ गांव के सामने धर्मन बाबा के समीप पहुचे ही थे कि पीछे से आ रही तेज रफ़्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। ट्रक की चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फ़ानन में युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेने के साथ ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम फटपर थाना खेजुरी निवासी गुड्डू यादव पुत्र रघुनाथ यादव 24 वर्ष मंगलवार के देर रात को मोटरसाइकिल से फेफना से बलिया के तरफ़ जा रहे थे तभी खोड़ीपाकड़ गांव के सामने धर्मन बाबा के समीप पीछे से जा रहे तेज रफ़्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप घायल हो गया। लोगों ने जिला अस्पताल पहुंचाय जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। इधर, पुलिस ने ट्रक और बाइक को कब्जे में लेकर थाने आ गयी और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष अखिलेश चंद्र पांडेय ने बताया की ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है। मृतक के परिजनों को जिला अस्पताल आने की सूचना दे दी गयी है। तहरीर प्राप्त होने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

पुलिस की जनसुनवाई में लागू हुआ पर्ची सिस्टम

फरियादियों को मिलेगा टोकन, संबंधित अधिकारी तक सीधे पहुंचेगी शिकायत

बलिया। जनशिकायतों के त्वरित, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए बलिया पुलिस ने जनसुनवाई व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा के निर्देशन में पुलिस कार्यालय में होने वाली दैनिक जनसुनवाई में पर्ची सिस्टम लागू किया गया है। नई व्यवस्था के तहत फरियादियों की शिकायतों को व्यवस्थित तरीके से संबंधित अधिकारी तक पहुंचाने के साथ ही उनके निस्तारण की निगरानी भी की जाएगी। नई व्यवस्था के तहत पुलिस कार्यालय आने वाले प्रत्येक फरियादी के प्रार्थना पत्र का पूरा विवरण दर्ज किया जाएगा। इसके बाद उसे एक पर्ची यानी टोकन दिया जाएगा। वहीं, फरियादी के नाम, पते, संबंधित थाने और समस्या का विवरण दर्ज दूसरी पर्ची मूल प्रार्थना पत्र के साथ संलग्न कर संबंधित पुलिस अधिकारी के पास भेजी जाएगी। इससे शिकायत की पहचान करने और उसके निस्तारण की स्थिति पर नजर रखने में आसानी होगी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जनपद के सभी थानों के अलावा प्रत्येक सर्किल के क्षेत्राधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी एवं दक्षिणी और अन्य राजपत्रित अधिकारी अपने निर्धारित कार्यालयों में तय समय पर बैठकर जनता की समस्याएं सुनेंगे। इससे फरियादियों को अपनी शिकायत लेकर अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। विवेचना से संबंधित शिकायतों के मामलों में संबंधित उच्चाधिकारियों से जांच कराई जाएगी। पुलिस के अनुसार, पर्ची सिस्टम लागू करने का उद्देश्य फरियादियों को भटकने से बचाना, बिचौलियों की भूमिका समाप्त करना और प्रत्येक शिकायत के निस्तारण की समयबद्ध एवं निष्पक्ष मॉनिटरिंग सुनिश्चित करना है। इस पहल से जनसुनवाई व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ने और पीड़ितों को अपनी समस्याओं के समाधान में सहूलियत मिलने की उम्मीद है।

पीडीए वर्ग का आरक्षण लूट रही भाजपा सरकार-मो.रिजवी

पूर (बलिया)। समाजवादी पार्टी सिकंदरपुर द्वारा विधान सभा क्षेत्र के एकईल गांव में बुधवार को पीडीए जनचौपाल का आयोजन किया गया। जनचौपाल को संबोधित करते हुए विधायक मो. जियाउद्दीन रिजवी ने कहा कि वर्तमान समय में भाजपा सरकार निरंकुश हो गई है। चारों तरफ अफरा तफरी का माहौल है। भ्रष्टाचार चरम सीमा पार कर चुका है। पीडीए वर्ग का आरक्षण को भाजपा सरकार द्वारा लूटा जा रहा है। हमारे बेटियों के साथ दिल्ली में भाजपा के लोग बदसलूकी प्रशासन के संरक्षण में कर रहे हैं जो अक्षम्य है। भाजपाइयों के इस कृत्य से विश्व में देश की मर्यादा तार तार हुई है। किंतु भाजपा इस कृत्य करने वालों लोगों को सम्मानित कर रही है जो बहुत शर्म की बात है। पीडीए वर्ग अब जग चुका है। अपना अधिकार लेने के लिए 2027 के चुनाव में वर्तमान सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगा। पीडीए जनचौपाल को मंजय ठाकुर, रामाशीष वर्मा, बबलू यादव, अमर नाथ यादव, जवाहर राम, सुभाष राम, ताराचंद कन्नौजिया, सुखारी वर्मा आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता तारा चंद कन्नौजिया एवं संचालन रामजी यादव ने किया।

पत्थरों से टकराकर बाइक सवार तीन घायल

नरहीं (बलिया)। भरौली गोलम्बर से चार सौ मीटर की दूरी पर निर्माणाधीन ग्रीन फील्ड लिंक एक्सप्रेस वे पर साथी ट्रक चालक को बक्सर छोड़ने जा रहें तीन बाइक सवार सड़क पर रखें पत्थर से टकरा कर गंभीर रूप से घायल हो गए। नरहीं थानाध्यक्ष अनुपम जायसवाल ने बताया कि मंगलवार की रात गाजीपुर जिले के थाना भांवरकोल रवसड़ा गांव निवासी अक्षय लाल 27 पुत्र दीना जायसवाल अखिलेश यादव 34 पुत्र मल्लू दीना राम 24 पुत्र मुन्द्रीका एक बाइक पर सवार होकर बक्सर आ रहें थे कि भरौली गोलम्बर से चार मीटर दूर निर्माणाधीन सड़क पर पत्थर रख दिया गया है उसी पत्थर में बाइक टकरा गई जिससे तीनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी घायलों को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। घायल दीना ने बताया कि मैं ट्रक चलाता हूं मुझे बक्सर छोड़ने के लिए आ रहें थे कि सड़क पर रखें पत्थर से बाइक टकरा गई।

प्रतिध्वनि २.० में सनबीम देवरिया ओवरहाल विजेता

बलिया। अगरसंडा स्थित सनबीम विद्यालय में आयोजित मॉडल यूनाइटेड नेशंस के दूसरे संस्करण एमयूएन प्रतिध्वनि 2.0 के दूसरे दिन सनबीम स्कूल बलिया के साथ-साथ सनबीम समूह की अन्य शाखाएं सनबीम अयोध्या, देवरिया, एवं सुल्तानपुर के मेधावी छात्र-छात्राओं ने वैश्विक कूटनीति, तर्कयुक्त संवाद व कौशल पूर्ण प्रत्युत्तर द्वारा प्रभावी ढंग से अपने भूमिका को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के कथक नृत्य की मनोहारी प्रस्तुति ने हर किसी को हतप्रभ कर दिया। तीन कैटेगरी में विभक्त 6 प्रमुख समितियों के अंतर्गत युवा डेलिगेट्स ने अखिल भारतीय राजनीतिक दल, महिला स्त्री पर संयुक्त राष्ट्र आयोग, संयुक्त राष्ट्र महासभा, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, अंतर्राष्ट्रीय प्रेस एवं मीडिया तथा इन्फ्लुएंसर शिखर सम्मेलन में भाग लिया था। ओवरहेड डेलिगेशन अवार्ड सनबीम स्कूल देवरिया ने प्राप्त किया। इसके अंतर्गत 5000 प्रदान किए गए। बेस्ट डेलिगेशन हेतु 2100 एवं हाई कमेंडेशन हेतु 1500 रुपए दिए गए। विद्यालय के निदेशक डॉ कुंवर अरुण सिंह ने कहा कि आज के विद्यार्थी वैश्विक सोच की भावना रखते हैं। भारतीय प्रतिभाएं विश्व के विकसित देशों में भी अपने हुनर का परचम बुलंद किए हुए हैं। हम वधुदेव कुटुंबकम का संदेश देते हैं। प्रधानाचार्या डॉ अर्पिता सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

निजी कार में हूटर बजाते पकड़ा गया युवक, पुलिस ने छोड़ा

नगरा (बलिया)। निजी वाहनों में अवैध हूटर लगाकर रौब दिखाने का मामला नगरा में चर्चा का विषय बना हुआ है। बुधवार को वाहन जांच के दौरान पुलिस और एक युवक के बीच तीखी बहस का वीडियो अब वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार, युवक की पहचान अनुप यादव के रूप में हुई है। बताया जाता है कि पुलिस बुधवार को विशुनपुरा चट्टी पर वाहन जांच कर रही थी। इसी दौरान तुर्की दौलतपुर की तरफ से निजी कार में हूटर बजाते हुए जा रहे युवक को पुलिस ने जांच के लिए रोक दिया। आरोप है कि वाहन रोके जाने के बाद युवक की एसआई दिनेश यादव से बहस होने लगी। हंगामा बढ़ने पर पुलिस ने युवक को उसी हूटर बजाती कार में बैठाकर अपने साथ थाने ले गई। बाद में पुलिस ने देर रात युवक व वाहन को छोड़ दिया। युवक को थाने ले जाकर पूछताछ करने और फिर छोड़ देने को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। थानाध्यक्ष संजय कुमार मिश्रा ने बताया कि युवक नशे की हालत में था और मामले में कार्रवाई की जा रही है।

सीएचसी का सीएमओ ने किया निरीक्षण

हल्दी (बलिया)। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभय नारायण राय, डीपीएम राजा शेखर ने बुधवार को सीएचसी सोनवानी का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने मरीजों से बातचीत कर उन्हें मिल रही चिकित्सा सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया। उपस्थित पंजिका का फोटो खिंचकर ले गए। सीएमओ ने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही दवाओं के स्टॉक की जानकारी ली और स्वास्थ्य केंद्र पर उपलब्ध सुविधाओं व अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने तथा अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने पर जोर दिया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. मोकर्रम अहमद आदि मौजूद रहे।

शिक्षक-स्नातक निर्वाचन की तैयारी में जुटे सपाई

जिला अध्यक्ष सुनील कुमार मौर्य की अध्यक्षता में हुई पहली मासिक बैठक

बलिया। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर बुधवार को जिलाध्यक्ष सुनील कुमार मौर्य की अध्यक्षता में मासिक बैठक हुई। जिलाध्यक्ष बनने के बाद उनके नेतृत्व में आयोजित यह पहली मासिक बैठक थी। बैठक में वाराणसी खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी लाल बिहारी यादव तथा वाराणसी खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी आशुतोष सिन्हा को चुनाव में जीत दिलाने की रणनीति बनाई गई। दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाताओं से संपर्क बढ़ाने, पार्टी की नीतियों और प्रत्याशियों के विचारों को उन तक पहुंचाने तथा जनसंपर्क अभियान को प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। पूर्व विधायक मंजू सिंह ने कहा कि शिक्षक और स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव आगामी विधानसभा चुनाव की दिशा तय करेंगे। इसलिए पार्टी के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को इन चुनावों को गंभीरता से लेते हुए आपसी समन्वय के साथ अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। जिलाध्यक्ष सुनील कुमार मौर्य ने कार्यकर्ताओं से दोनों अधिकृत प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी निष्ठा और सक्रियता से जुटने की अपील की। इस अवसर पर रंजीत चौधरी, डॉ. विश्राम यादव, यशपाल सिंह, संजय उपाध्याय, सुशील पांडेय कान्हजी, रामजी गुप्ता, सुनील सर्राफ, शशिकांत चतुर्वेदी, संजय मिश्र, राजेश गौड़, अकमल नईम खान, राजन कन्नौजिया मदन राय आदि मौजूद रहे।

पूजा घी के नाम पर अखाद्य उत्पादों पर प्रतिबंध

बलिया। कुछ विनिर्माण इकाइयों द्वारा वनस्पति, रिफाइंड तेल, एसेंस, पैराफिन, मिनरल ऑयल व अन्य रासायनिक पदार्थों अथवा अखाद्य वसा का उपयोग करके पूजा, हवन एवं दीपक जलाने हेतु उत्पाद निर्मित कर उसे घी के नाम से बाजार में बेचने पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग सख्त हो गया हैं। खाद्य विक्रेता ऐसे उत्पादों को घी के नाम से बेचते हुए पाए जाते है तो विभाग सख्त कार्रवाई करेगा। सहायक आयुक्त द्वितीय जेपी सिंह ने बताया कि आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ ने आदेश जारी कर पूजा घी के नाम पर अखाद्य उत्पादों के निर्माण एवं विक्री को जनस्वास्थ्य की सुरक्षा को देखते हुए प्रतिबंध लगाया है। उन्होने बताया कि रंग, गंध, पैकेजिंग, प्रस्तुति एवं ब्रांड नाम खाद्य घी के समान होने के कारण उपभोक्ता द्वारा भ्रमवश उसे खाद्य पदार्थ समझकर उपयोग किए जाने की आशंका रहती है। इसके अतिरिक्त, कुछ इकाइयों में खाद्य घी, तेल एवं अन्य खाद्य पदार्थों के निर्माण अथवा पैकेजिंग वाले परिसर में ही अखाद्य उत्पादों का निर्माण एवं भंडारण किए जाने से खाद्य पदार्थों में मिश्रण, संदूषण तथा अखाद्य उत्पादों के खाद्य आपूर्ति श्रृंखला में प्रवेश का जोखिम उत्पन्न हो सकता है। जनस्वास्थ्य एवं उपभोक्ता हितों की सुरक्षा के देखते हुए आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश पूजा घी का खाद्य कारोबार प्रतिबंधित कर दिया है। निर्माण, भंडारण एवं विक्रय 'पूजा घी' के नाम से नही किया जायेगा। खाद्य निर्माण परिसर में अखाद्य रसायनों का भंडारण, अखाद्य उत्पाद पर 'घी' शब्द का प्रयोग नही होगा। सहायक आयुक्त श्री सिंह ने बताया कि पैकेजिंग पर स्पष्ट चेतावनी एवं निर्धारित चिह्न अनिवार्य रूप से निर्धारित आकार में वर्ग के अंदर काले रंग का क्रॉस चिह्न अंकित किया जाएगा। साथ ही, उत्पाद पर हिंदी एवं अंग्रेजी में स्पष्ट रूप से 'मानव उपयोग हेतु अनुपयुक्त' लिखा होना आवश्यक है ताकि उपभोक्ता इसे खाद्य पदार्थ न समझें।

रामलीला में जयंत के अंग भंग का हुआ सजीव मंचन

रसड़ा (बलिया)। रामलीला मैदान में छोटी काशी से विख्यात ऐतिहासिक रामलीला में पांचवें दिन प्रभु श्रीराम का जंगल मे ऋषि भारद्वाज, अत्री, मतंग आदि ऋषियों से उनके आश्रम मे मिलन एवं जयंत का अंग भंग का सजीव वर्णन किया। अपने अपने आश्रम में त्रिलोक के स्वामी प्रभु श्रीराम के साथ जगत जननी माता सीता को पाकर ऋषि मुनि अपने आप को धन्य मानते है। माता जानकी को ऋषि पत्नियो द्वारा फूलों से श्रंगार किया जाता है। जिसे देख इन्द्र का पुत्र जयंत के मन मे कलुषित विचार जागृत हो उठते है। ऐसा सोच वह छद्म कौवा का रूप धारण कर वहां पहुच जाता है और माता जानकी के पैरां पर चोंच मार देता है। चोंच लगते ही माता जानकी के पैरो से खून निकलने लगता है। क्रोधित प्रभु श्रीराम जयंत का प्राण हरने के लिये बाण छोड़ देते है। कालरूपी बाण को आता देख जयंत रूपी कौवा वहा से भागता है। बाण उसका पीछा तीनों त्रिलोक में करता है जयंत हर जगह अपने प्राण बचाने की गुहार लगाता है। सभी ने उसे प्रभु श्रीराम के शरण में जाने की बात कहते है। घबराये जयंत से नारद जी की मुलाकात होती है। उनसे भी अपने प्राण बचाने की गुहार लगाते है। वह भी उसे प्रभु श्रीराम के शरण मे जाने की बात कहते है। तब जाकर कौवा रूपी जयंत प्रभु श्रीराम के शरण मे जाकर गिर जाता है। शरण मे गिरे जयंत को देखकर प्रभु श्रीराम उसके प्राण तो छोड़ देते है, लेकिन इस कार्य के लिये दंण्ड स्वरूप उसके एक आंख को फोड़ देते है।

संदिग्ध परिस्थिति में किशोर की मौत

परिजनों के घर लौटने पर कमरे में मिला शव, दाह संस्कार से पहले पुलिस ने कब्जे में लिया शव

गोपीगंज। थाना क्षेत्र के अमवा गांव की सरोज बस्ती में मंगलवार की रात में 17 वर्षीय किशोर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से परिवार में कोहराम मच गया। किशोर का शव घर के एक कमरे में खिड़की से गमछे के सहारे लटका मिला। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दाह संस्कार से पहले शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले में विधिक कार्रवाई में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार, अमवा गांव की सरोज बस्ती निवासी शंभूनाथ सरोज का 17 वर्षीय पुत्र अमित सरोज अपने परिवार के साथ रहता था। बताया जाता है कि घटना के समय परिवार के लोग और पट्टीदार गोद भराई के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए दूसरे गांव गए हुए थे। घर पर कोई मौजूद नहीं था। इसी दौरान किशोर ने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। वह किस समय कमरे में गया और घटना

किन परिस्थितियों में हुई, इसकी जानकारी नहीं हो सकी। बताया जाता है कि शाम करीब सात बजे जब परिजन घर लौटे तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। किशोर की मां अनीता देवी ने दरवाजा खुलवाने के लिए आवाज लगाई, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। अंधेरा होने के कारण टॉर्च की रोशनी में दरवाजे की स्थिति देखने के बाद परिजनों ने दरवाजा तोड़ दिया। अंदर का दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए। किशोर खिड़की में गमछे के सहारे लटका हुआ था। परिजन उसे तत्काल नीचे उतारकर देखने लगे, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। परिजन आनन-फानन में शव को अंतिम संस्कार के लिए जहांगीराबाद घाट ले गए। इसी बीच किसी अज्ञात व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दे दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दाह संस्कार से पहले ही शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच करते हुए आवश्यक विधिक कार्रवाई कर रही है। बताया जाता है कि मृतक दो भाइयों में बड़ा था और उसकी एक बहन भी है, जो अभी अविवाहित है। उसके माता-पिता मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। जवान बेटे की असामयिक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं गांव में शोक की लहर व्याप्त है।

लंबित आवेदनों के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश

ज्ञानपुर। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति को लेकर जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित बैंकर्स और वेंडर्स के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने बैंक पोर्टल पर लंबित आवेदनों का तत्काल निस्तारण करने और ऋण स्वीकृत लाभार्थियों के घरों पर सोलर रूफटॉप संयंत्रों की स्थापना जल्द पूरी कराने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि पात्र लाभार्थियों को समय से योजना का लाभ दिलाने के लिए सभी संबंधित विभागों, बैंकों और वेंडर्स के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है। उन्होंने बैंकर्स को अपने-अपने पोर्टल पर लंबित आवेदनों और अन्य प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा, ताकि लाभार्थियों को ऋण और अन्य जरूरी सुविधाएं समय से मिल सकें।

आगामी परीक्षाओं को नकलविहीन और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने पर जोर

ज्ञानपुर। मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के क्रम में जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी की अध्यक्षता में बुधवार को एनआईसी सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी परीक्षाओं को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं नकलविहीन ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की गई। साथ ही परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा परीक्षार्थियों को सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, नकल अथवा अनुचित गतिविधियों को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने पर जोर दिया गया। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं तथा परीक्षा प्रक्रिया से जुड़े सभी दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी और सतर्कता के साथ किया जाए। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शासन के दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए परीक्षा प्रक्रिया को पारदर्शी, व्यवस्थित और नकलविहीन बनाने के लिए प्रभावी कार्रवाई की जाए।

दुर्गा पूजा पंडालों तक जाने वाले रास्ते बदहाल

खमरिया। दुर्गा पूजा और दशहरा के मद्देनजर नगर पंचायत खमरिया में सफाई व्यवस्था और सड़कों की स्थिति को लेकर स्थानीय नागरिकों में नाराजगी है। लोगों का आरोप है कि नगर के कई हिस्सों में समुचित साफ-सफाई नहीं कराई गई है।

वहीं, दुर्गा पूजा पंडालों तक पहुंचने वाले मार्गों पर गंदगी, टूटे रास्ते और सड़क के गड्ढे श्रद्धालुओं की परेशानी बढ़ा सकते हैं। स्थानीय नागरिकों के मुताबिक, त्योहारों के दौरान नगर में श्रद्धालुओं की आवाजाही बढ़ जाती है। ऐसे में नगर पंचायत प्रशासन को पहले से ही सफाई अभियान चलाने, नालियों की सफाई कराने और क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत पर ध्यान देना चाहिए था। लोगों का कहना है कि समय रहते व्यवस्थाएं दुरुस्त नहीं की गईं तो पर्व के दौरान आवागमन में दिक्कत हो सकती है। नगर की स्थिति को लेकर नागरिकों ने नगर पंचायत अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। लोगों की मांग है कि नगर के सभी वार्डों में नियमित सफाई सुनिश्चित कराई जाए और खराब रास्तों को प्राथमिकता के आधार पर ठीक कराया जाए। नगरवासियों ने जिलाधिकारी से मामले का संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई कराने की मांग की है।

एक से ३० नवंबर तक लगेगा डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र शिविर

ज्ञानपुर। राष्ट्रीय डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान के तहत जिले में एक से 30 नवंबर तक विशेष शिविर लगाए जाएंगे। इसके माध्यम से पेंशनरों और पारिवारिक पेंशनरों को डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की सुविधा मिलेगी। अभियान की तैयारियों को लेकर बुधवार को जिलाधिकारी शैलेष कुमार और पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी की अध्यक्षता में एनआईसी सभागार में बैठक हुई। मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में लोक भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आयोजित बैठक में अभियान के संचालन के संबंध में निर्देश दिए गए। इसके बाद जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों के साथ अभियान की रूपरेखा पर चर्चा की। निर्देश दिया गया कि निर्धारित अवधि में संबंधित कार्यालयों पर विशेष शिविर आयोजित कर पेंशनरों को जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की प्रक्रिया के प्रति जागरूक किया जाए, ताकि उन्हें अनावश्यक परेशानी न हो। जिले के पेंशनर और पारिवारिक पेंशनर अपनी सुविधानुसार विभिन्न माध्यमों से डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा कर सकेंगे। इसके लिए जनसेवा केंद्र के माध्यम से जीवन प्रमाण पोर्टल का उपयोग किया जा सकता है। इसके अलावा मोबाइल या कंप्यूटर पर आवश्यक एप डाउनलोड कर, डोरस्टेप बैंकिंग एप, पोस्टइन्फो एप और उमंग एप के जरिए भी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की सुविधा उपलब्ध है। पेंशनर संबंधित कोषागार में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर भौतिक रूप से भी जीवन प्रमाण पत्र जमा कर सकते हैं।

१७ और २४ अक्तूबर को सभी मतदान केंद्रों पर लगेंगे विशेष कैंप, मतदाता सूची में जुड़वा सकेंगे नाम

ज्ञानपुर। मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित पात्र नागरिकों और पहली बार मतदान करने वाले युवाओं को पंजीकरण का अवसर देने के लिए जिले में 17 और 24 अक्टूबर को विशेष कैंप लगाए जाएंगे। दोनों दिन जिले के सभी मतदेय स्थलों पर सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक कैंप आयोजित होंगे। यहां बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) मौजूद रहकर पात्र नागरिकों को फार्म-6 उपलब्ध कराएंगे और आवेदन प्रक्रिया में सहयोग करेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेष कुमार ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश के निर्देश पर यह अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत विधानसभा क्षेत्र 392-भदोही, 393-ज्ञानपुर और 394-औराई (अजा) की निर्वाचक नामावली में छूटे हुए पात्र नागरिकों के नाम शामिल किए जाएंगे। विशेष रूप से पहली बार मतदान के लिए पात्र युवाओं को अभियान का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। विशेष कैंप के दौरान प्रत्येक मतदान केंद्र पर हेल्प डेस्क स्थापित की जाएगी। यहां मतदाताओं को आवेदन भरने में सहायता मिलेगी। बीएलओ के पास फार्म-6 के साथ 10 अप्रैल 2026 को प्रकाशित अंतिम निर्वाचक नामावली और उसके बाद जारी पूरक सूचियां भी उपलब्ध रहेंगी। अभियान को प्रभावी बनाने के लिए ग्राम प्रधानों, सभासदों और स्वयंसेवकों से भी सहयोग मांगा गया है। मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के इच्छुक नागरिक अद्यतन फोटो, जन्मतिथि और निवास से संबंधित अभिलेखों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियां लेकर कैंप में पहुंचें। परिवार के किसी सदस्य के मतदाता पहचान पत्र (ईपीआईसी) की संख्या उपलब्ध होने पर उसे भी साथ रखें।

विधि-विधान से पूजी गयी रोग-शोक विनाशिनी माता कुष्मांडा

कांवल। शारदीय नवरात्र के चौथे दिन बुधवार को माता दुर्गा के चतुर्थ स्वरूप मां कूष्मांडा की भक्तों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की आस्था देखने को मिली। भक्तों ने मां से परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्य और कल्याण की कामना की। माता कूष्मांडा के स्वरूप और महिमा के बारे में बताते हुए विनय कुमार मिश्र ने कहा कि अपनी मंद मुस्कान से अंड अर्थात ब्रह्मांड की रचना करने के कारण देवी का नाम कूष्मांडा पड़ा। मान्यता है कि जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था और चारों ओर अंधकार व्याप्त था, तब देवी ने अपने ईषत् हास्य से ब्रह्मांड की रचना की। इसी कारण उन्हें सृष्टि की आदिस्वरूपा और आदिशक्ति कहा जाता है। उन्होंने बताया कि मां कूष्मांडा की आठ भुजाएं हैं, इसलिए उन्हें अष्टभुजा भी कहा जाता है। उनके सात हाथों में कमंडल, धनुष, बाण, कमल पुष्प, अमृत से भरा कलश, चक्र और गदा सुशोभित हैं, जबकि आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को प्रदान करने वाली जपमाला रहती है। सिंह उनका वाहन है। देवी का वास सूर्यमंडल के भीतर माना जाता है। उनके तेज से दसों दिशाएं प्रकाशित होती हैं और समस्त सृष्टि में उनकी ऊर्जा व्याप्त मानी जाती है। विनय कुमार मिश्र ने कहा कि नवरात्र में श्रद्धालुओं को शांत, पवित्र और एकाग्र मन से मां की आराधना करनी चाहिए। धार्मिक मान्यता के अनुसार, मां कूष्मांडा की उपासना से रोग-शोक दूर होते हैं तथा भक्तों को आयु, यश, बल और आरोग्य की प्राप्ति होती है।

खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी

ज्ञानपुर। त्योहारों के दौरान खाद्य पदार्थों की शुद्धता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने 'शुद्ध ही शुभ है' अभियान के तहत कार्रवाई तेज कर दी है। जिलाधिकारी शैलेष कुमार के मार्गदर्शन में विभाग की टीम ने केला राइपनिंग सेंटरों और मिठाई की दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के उल्लंघन की आशंका में आठ खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए। अभियान के तहत केला पकाने वाले केंद्रों का निरीक्षण कर उचित रखरखाव के लिए सुधार नोटिस जारी किए गए। संचालकों को फलों को पकाने में प्रतिबंधित कैल्शियम कार्बाइड का इस्तेमाल नहीं करने की हिदायत दी गई। विभाग ने बताया कि इससे निकलने वाली एसिटिलीन गैस स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकती है। फलों को पकाने के लिए अनुमन्य तरीके से एथिलीन गैस के उपयोग की जानकारी भी दी गई। मिठाई विक्रेताओं को मिठाइयों पर उपभोग की अंतिम तिथि (यूज बाय डेट) अनिवार्य रूप से अंकित करने का निर्देश दिया गया। विभाग ने चेतावनी दी कि नियमों का पालन नहीं करने पर संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जा सकती है। 14 अक्टूबर तक औराई, गोपीगंज, गोपीगंज मुख्य बाजार और नगर पालिका भदोही समेत विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कुट्टू आटा के दो, सिंघाड़ा आटा का एक, साबूदाना के दो, मूंगफली दाना का एक, सरसों तेल का एक और रिफाइंड सोयाबीन तेल का एक नमूना संग्रहित किया गया।

नशीले पाउडर के साथ एक गिरफ्तार, दो फरार

ज्ञानपुर। सुरियावां पुलिस ने बुधवार को बावन बीघा तालाब के पास से 11.04 ग्राम नशीले पाउडर के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके पास से एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन और 150 रुपये नकद बरामद किए। मामले में दो अन्य युवकों के फरार होने की बात सामने आई है। पुलिस के अनुसार, 14 अक्टूबर को उपनिरीक्षक मो. शकील खां पुलिस टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर बावन बीघा तालाब के पास घेराबंदी कर एक युवक को पकड़ा गया। उसकी पहचान शुभम गिरी (22) पुत्र विजय शंकर गिरी, निवासी इनार गांव, थाना कोईरौना, हाल पता ग्राम कुसौंडा, थाना सुरियावां के रूप में हुई। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/22 के तहत मुकदमा दर्ज कर मोटरसाइकिल को मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के तहत सीज कर दिया है। फरार युवकों की तलाश की जा रही हैं।

डबल इंजन सरकार में हो रहा चौमुखी विकास-रितेश

औराई विधानसभा में पत्रकार वार्ता कर गिनायी केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियां

ज्ञानपुर। केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन सरकार में चौमुखी विकास हो रहा है। सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंच रहा है और

बुनियादी सुविधाओं के विस्तार पर विशेष जोर दिया जा रहा है। यह बातें पूर्व सांसद राम निहोर राकेश के पुत्र पासी रितेश कुमार राकेश ने औराई विधानसभा क्षेत्र स्थित एक प्रतिष्ठान में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार विकास कार्यों को गति देने के साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से आम जनता के जीवन स्तर में सुधार लाने का प्रयास कर रही है। सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में लगातार विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। सरकार का प्रयास है कि विकास का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचे और कोई भी व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। रितेश कुमार राकेश ने कहा कि किसी भी क्षेत्र के समग्र विकास के लिए बुनियादी सुविधाओं का मजबूत होना जरूरी है। बेहतर सड़कें, निर्बाध बिजली आपूर्ति, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं आम लोगों की जरूरत हैं। सरकार इन क्षेत्रों में सुधार के साथ ही जनहित से जुड़ी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि विकास की प्रक्रिया को निरंतर बनाए रखने के लिए सरकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाना भी आवश्यक है। इससे पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ मिल सकेगा और समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्गों को आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। उन्होंने क्षेत्र के विकास के साथ ही जनता की समस्याओं के समाधान को भी महत्वपूर्ण बताया। पत्रकार वार्ता के दौरान रितेश कुमार राकेश ने केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर अपने विचार रखते हुए विकास कार्यों को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

मिशन शक्ति अभियान के तहत निकली जागरुकता रैली

डीएम ने जीआईसी गेट से हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

ज्ञानपुर। शारदीय नवरात्र के अवसर पर मिशन शक्ति अभियान के तहत बुधवार को विभूति नारायण राजकीय इंटर कॉलेज (जीआईसी) के गेट से महिला जागरूकता रैली निकाली गई। जिलाधिकारी शैलेश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली में विद्यालय की छात्राओं, महिलाओं और विभिन्न विभागों की महिला कर्मचारियों ने भाग लिया। इस दौरान महिलाओं और बालिकाओं को शासन की ओर से संचालित कल्याणकारी योजनाओं तथा महिला सुरक्षा से जुड़ी सेवाओं की जानकारी दी गई। रैली जीआईसी से शुरू होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस कॉलेज परिसर में पहुंचकर समाप्त हुई। रैली के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने, सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने और किसी भी समस्या की स्थिति में हेल्पलाइन सेवाओं का उपयोग करने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी शैलेश कुमार ने कहा कि शासन की ओर से महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इनका उद्देश्य महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक और अन्य क्षेत्रों में सशक्त बनाना है। जिलाधिकारी ने बताया कि महिलाओं, बालिकाओं और जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए 181, 1098, 1076, 1090 और 112 सहित विभिन्न

हेल्पलाइन सेवाएं उपलब्ध हैं। जरूरत पड़ने पर इन सेवाओं का उपयोग कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। रैली में मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ला, जिला प्रोबेशन अधिकारी शत्रुघ्न, जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी ममता, लिपिक राजकुमार सहित महिला विभाग की कर्मचारी, महिला पुलिसकर्मी और अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

राम जन्म और ताड़का वध लीला का हुआ मंचन

गोपीगंज। नगर स्थित रामलीला मण्डल मन्दिर बाबा कबूतरनाथ में रामजन्म और ताड़का वध लीला का मंचन, दर्शकों ने लगाए जय श्रीराम के जयकारे। श्री रामलीला मंडल, मन्दिर बाबा कबूतरनाथ द्वारा आयोजित रामलीला में मंगलवार को श्रीराम जन्म और ताड़का वध की लीला का भव्य मंचन किया गया। कलाकारों द्वारा राजा दशरथ के महल में चारों पुत्रों के जन्मोत्सव का सजीव चित्रण किया गया, तो वहीं विश्वामित्र जी के साथ राम-लक्ष्मण के वन में प्रवेश और ताड़का वध के प्रसंग पर दर्शकों ने तालियों से कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। रामजन्म के प्रसंग पर पूरे पंडाल में बधाई गीत गूंज उठे और ताड़का वध के दृश्य में कलाकारों के अभिनय ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

किट पाकर के तीरंदाजों के खिले चेहरे

ज्ञानपुर। भदोही के तीरंदाजों को जिला तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष विशंभर दयाल ने मंडल राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर चयनित एवं पदक अर्जित करने वाले आशुतोष पटवा वसुधा गुप्ता प्रखर यादव उत्कर्ष यादव सूर्य प्रताप गुप्ता गरिमा गुप्ता राधिका प्रीति पाल आर्यन देववंशी विराज भट्ट मान्या सिंह कंचन पाल खुशबू विश्वकर्मा गौरव अनिरुद्ध तिवारी अभिनव अर्श अवान आदि खिलाड़ियों को किट (टी शर्ट) प्रदान कर उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि सभी खिलाड़ी नियमित कीट

में अभ्यास करेंगे तो अच्छा भी लगेगा और उनका उत्साहवर्धन भी होगा तथा अनुशासन की भावना विकसित होगी। इस अवसर पर जिला तीरंदाजी संघ के महासचिव अशोक कुमार गुप्ता ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में जनपद को पदक देकर के गौरवान्वित करने वाले उन सभी खिलाडियों को समय- समय पर सम्मानित करने से उन्हे जीवन में और बेहतर करने के लिए प्रेरित करने की जिम्मेदारी हम सबकी है। खिलाड़ी कभी पदकों से संतुष्ट नहीं होता। इस अवसर पर आलोक कुमार गुप्ता अनुरोध सिंह राहुल राय शशांक शेखर तिवारी विवेक कुमार श्रीवास्तव आदि उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किए।

उपभोक्ता आयोग के वसूली आदेश पर कारवाई नहीं, तहसीलदार से मांगा जवाब

ज्ञानपुर। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, भदोही के वसूली आदेश पर कार्रवाई नहीं होने का मामला सामने आया है। आयोग के अध्यक्ष एवं प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट संजय कुमार डे ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर लंबित वसूली की धनराशि जमा कराने के लिए राजस्व अधिकारियों को निर्देशित करने को कहा है। मामले में ऑल इंडिया कारपेट ट्रेड फेयर कमेटी से करीब 14.83 लाख रुपये की वसूली की जानी है। आयोग की ओर से भेजे गए पत्र के अनुसार, अवमानना वाद संख्या 19/2009, मेसर्स जायसवाल ब्रदर्स बनाम दि प्रेसीडेंट ऑल इंडिया कारपेट ट्रेड फेयर कमेटी के मामले में वसूली अधिपत्र संख्या 43, पांच दिसंबर 2024 को जारी किया गया था। इसके तहत विपक्षी की चल अथवा अचल संपत्ति से निर्णीत धनराशि भू-राजस्व की तरह वसूल कर आयोग में जमा कराने का निर्देश दिया गया था। इसके बावजूद निर्धारित धनराशि जमा नहीं कराई गई। पत्र में बताया गया है कि तहसीलदार भदोही को कई बार पत्र भेजे गए। जिलाधिकारी को भी इस संबंध में अवगत कराया गया, लेकिन आयोग को न तो वसूली की धनराशि मिली और न ही कार्रवाई से संबंधित आख्या प्रस्तुत की गई। इससे लंबित निष्पादन वाद की सुनवाई प्रभावित होने की बात कही गई है। आयोग के अध्यक्ष ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 की धारा 71 और 72 का उल्लेख करते हुए कहा कि आयोग के आदेशों के प्रवर्तन के लिए कानून में स्पष्ट व्यवस्था है। धारा 71 के तहत आयोग के आदेश को न्यायालय की डिक्री की तरह लागू किया जा सकता है, जबकि धारा 72 में आदेश का अनुपालन नहीं करने पर दंड का प्रावधान है।

ग्राम प्रधान पर विकास कार्यों में लापरवाही और फर्जीवाड़े का आरोप

गोपीगंज। डीघ ब्लॉक की ग्राम पंचायत सुजातपुर व धनापुर के ग्रामीणों ने वर्तमान ग्राम प्रधान के खिलाफ विकास कार्यों में लापरवाही और सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा है। ग्रामीणों ने प्रधान के कार्यकाल में कराए गए कार्यों की निष्पक्ष जांच कराने और गांव की मूलभूत समस्याओं का समाधान कराने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि वर्तमान ग्राम प्रधान पास वर्ष 2000 से 2015 तक लगातार तीन पंचवर्षीय कार्यकाल में भी प्रधान पद रहा। उनका दावा है कि पिछले दो से ढाई दशक के दौरान सरकारी योजनाओं के तहत आवंटित धनराशि का समुचित उपयोग नहीं किया गया और कई कार्यों को कागजों पर ही पूरा दिखाए जाने की आशंका है। ग्रामीणों ने गांव की बदहाल स्थिति का हवाला देते हुए बताया कि मुख्य रास्तों पर गंदा पानी जमा रहता है। जलनिकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से लोगों को आवागमन में परेशानी होती है। वहीं, स्ट्रीट लाइटें नहीं जलने से रात में गांव की सड़कों पर अंधेरा रहता है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। शिकायत में सरकारी योजनाओं के लाभ वितरण पर भी सवाल उठाए गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पात्र लोगों को आवास, शौचालय और पेंशन जैसी सुविधाएं नहीं मिल सकीं, जबकि अपात्रों के नाम पर कागजी कार्रवाई किए जाने की शिकायत है। ग्रामीणों के मुताबिक, जिला पंचायत की ओर से बनाई गई काली सड़क को करीब एक वर्ष पहले तोड़ दिया गया था। उस स्थान पर इंटरलॉकिंग कराने का आश्वासन दिया गया, लेकिन अब तक काम पूरा नहीं हुआ।

मंदिरों में श्रद्धालुओं की रही भीड़

गोपीगंज। शारदीय नवरात्र के चौथे दिन बुधवार को नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने मां दुर्गा के चतुर्थ स्वरूप मां कुष्मांडा के चरणों में शीश नवाकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। फूल-माला, नारियल, चुनरी और प्रसाद अर्पित कर सुख-समृद्धि तथा परिवार की खुशहाली की कामना की। मंदिरों में सुबह से ही दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की कतार लगी रही। नगर से लेकर गांवों तक देवी भक्ति का माहौल बना रहा। गोपीगंज नगर के सदर मोहाल स्थित मां दुर्गा मंदिर, पश्चिम मोहाल के चौरा माता मंदिर, पसियान मोहाल स्थित मां बम्बा देवी मंदिर, काली देवी महाल के मां काली मंदिर और ज्ञानपुर रोड स्थित शीतला देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। इसके अलावा जगन्नाथपुर, गोपपुर, लालानगर, सारीपुर, धनापुर, सुजातपुर, सीखापुर और कौलापुर सहित विभिन्न गांवों के देवी मंदिरों में भी भक्तों ने मत्था टेककर पूजा-अर्चना की।

मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक

ज्ञानपुर। शारदीय नवरात्र के अवसर पर मिशन शक्ति अभियान फेज-6.0 के तहत भदोही पुलिस की ओर से महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत शिक्षण संस्थानों, सार्वजनिक स्थलों और प्रमुख चौराहों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर महिला सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव और यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में बुधवार को महिला थाना प्रभारी सीमा सिंह ने मिशन शक्ति टीम के साथ ज्ञानपुर थाना क्षेत्र स्थित इंद्रावती इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें छात्राओं एवं महिलाओं को महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें 1090, 1098, 108, 1076 और 112 सहित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई।

बड़े शिव मंदिर पर हुआ नाक्कटैया का मंचन

गोपीगंज। नगर की प्राचीन एवं ऐतिहासिक रामलीला के तहत बुधवार को बड़े शिव मंदिर परिसर में नाक कटैया प्रसंग का भव्य मंचन किया गया। बघेल रामलीला समिति के नेतृत्व में आयोजित 17 दिवसीय रामलीला में रामनगर की प्रसिद्ध रामलीला की तर्ज पर भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़े प्रसंगों का मंचन किया जा रहा है। नाक कटैया की लीला देखने के लिए श्रद्धालुओं और नगरवासियों की भीड़ जुटी रही। मंचन के दौरान पूरा परिसर जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। लीला के दौरान कलाकारों ने पंचवटी में भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के वनवास प्रसंग को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। इसी क्रम में रावण की बहन शूर्पणखा का आगमन हुआ। शूर्पणखा ने भगवान श्रीराम और लक्ष्मण के समक्ष विवाह का प्रस्ताव रखा। इसके बाद लक्ष्मण और शूर्पणखा के बीच हुए संवाद तथा अंत में लक्ष्मण द्वारा शूर्पणखा की नाक काटे जाने के प्रसंग का सजीव मंचन किया गया।

पासी-पासवान शौर्य सम्मान यात्रा का भव्य स्वागत

ज्ञानपुर। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष राजीव पासी के नेतृत्व में 14 अक्टूबर को प्रयागराज से निकाली गई पासी-पासवान शौर्य सम्मान यात्रा का भदोही पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। पार्टी के प्रदेश महासचिव एवं भदोही प्रभारी कमल तिवारी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जिले की सीमा पर यात्रा का स्वागत किया। इसके बाद अभोली, भरतपुर और नवाजीपुर में पासी समाज के लोगों ने यात्रा का अभिनंदन किया। इस दौरान सामाजिक एकता, ऐतिहासिक विरासत के संरक्षण और समाज में शिक्षा के प्रसार का संदेश दिया गया। कमल तिवारी ने कहा कि यात्रा को लेकर कार्यकर्ताओं और समाज के लोगों में खासा उत्साह है। इसका उद्देश्य पासी-पासवान समाज को उसके गौरवशाली इतिहास से जोड़ने के साथ ही सामाजिक जागरूकता बढ़ाना और ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण के प्रति लोगों को प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि यात्रा प्रदेश के लगभग 75 जिलों तक पहुंचेगी। प्रदेश अध्यक्ष राजीव पासी ने समाज के लोगों से अशिक्षा और नशे जैसी कुरीतियों को दूर करने तथा बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सामाजिक और राजनीतिक स्तर पर अपने अधिकारों की आवाज बुलंद करने के लिए एकजुटता जरूरी है। इस मौके पर प्रदेश संगठन महामंत्री धनंजय दुबे, प्रदेश महासचिव आशुतोष सिंह गहरवार और जितेंद्र पासी, प्रदेश सचिव अवनीश तिवारी और रामविलास पासी, मिर्जापुर मंडल अध्यक्ष विजय राय, भदोही

जिलाध्यक्ष राम अवध मिश्रा, कार्यवाहक जिलाध्यक्ष विजय पासी, गोविंद पासवान, राहुल तिवारी, संतोष दुबे, अक्षय पासवान, अनिल पासी, अभिनव तिवारी, योगेश पांडेय, अमित मिश्रा, संतोष सरोज, धीरज चौबे, प्रद्युम्न तिवारी और अमित शुक्ला सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचाव के बताये उपाय

ज्ञानपुर। साइबर अपराधों की रोकथाम और विद्यार्थियों को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से बुधवार को ज्ञान भारती इंटरमीडिएट कॉलेज, ज्ञानपुर में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। साइबर सेल एवं थाना साइबर क्राइम भदोही की टीम ने विद्यार्थियों को ऑनलाइन धोखाधड़ी, सोशल मीडिया के दुरुपयोग और सुरक्षित इंटरनेट इस्तेमाल के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम में साइबर सेल टीम ने विद्यार्थियों को बताया कि वर्तमान समय में फर्जी कॉल, संदिग्ध लिंक और ऑनलाइन भुगतान के माध्यम से साइबर ठगी की घटनाएं बढ़ रही हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य हरिजन यादव और नोडल शिक्षक संकुल, न्याय पंचायत कांवल डॉ. प्रभात रंजन अम्बष्ट उपस्थित रहे।

सड़क पर बह रहा नाली का गंदा पानी, श्रद्धालु परेशान

गोपीगंज। नगर के वार्ड नंबर नौ और दस में एक लॉन के बगल से गुजरने वाली नाली का गंदा पानी काफी समय से सड़क पर बह रहा है। इससे राहगीरों के साथ ही चौरा माता मंदिर और प्रसिद्ध दुर्गा मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय स्तर पर समस्या का समाधान नहीं होने से लोगों में नाराजगी है। नवरात्र, दुर्गा पूजा, विजयादशमी और भरत मिलाप जैसे प्रमुख त्योहारों के दौरान मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की आवाजाही बढ़ जाती है। ऐसे में सड़क पर बहता नाली का गंदा पानी लोगों के लिए मुसीबत बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन नगर पालिका परिषद के जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से अब तक इसका स्थायी समाधान नहीं कराया गया है।

महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

ज्ञानपुर। मिशन शक्ति अभियान फेज-6.0 को प्रभावी बनाने और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस लाइन ज्ञानपुर स्थित सभागार में बैठक आयोजित की गई। अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में उत्कृष्ट कार्य करने वाली पुलिसकर्मियों समेत विभिन्न विभागों और सामाजिक संस्थाओं की 42 महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में आयोजित बैठक में महिला सेल, महिला थाना, विभिन्न विभागों और सामाजिक संस्थाओं की महिला प्रतिनिधियों के साथ ही जिले के सभी थानों के मिशन शक्ति केंद्रों पर तैनात महिला पुलिसकर्मियों ने प्रतिभाग किया।

सुभाषित *जो व्यक्ति किसीसे धन एवं सामग्रीकी सहायता लेनेके पश्चात अपने दिये हुए वचनका पालन नहीं करता तो वह संसारमें सबसे अधिक निकृष्ट माना जाता हैं।* ❑ **हितोपदेश**

चीनका फिर प्रलाप

चीन भारतसे अपने द्विपक्षीय सम्बन्धोंको सामान्य बनानेकी बातें तो करता है, जो उसकी कूटनीतिका हिस्सा है। लेकिन वास्तविकता कुछ और ही है। उसकी कथनी और करनीमें जमीन-आसमानका अन्तर है। इसलिए उसकी किसी भी बातपर विश्वास नहीं किया जा सकता है। चीनने फिर पुराना प्रलाप शुरू कर दिया है और दावा किया है कि लद्दाखकी २८ जगहें उसकी अपनी है। चीन लद्दाखको भारतकी ओरसे बनाये गये केन्द्रशासित प्रदेशको भी नहीं मानता है। भारतने इस प्रकरणमें चीनको करारा जवाब दिया है और कहा है कि लद्दाख भारतका अभिन्न अंग है और अविभाज्य हिस्सा है। भारतने कुछ दिन पूर्व ही लद्दाखमें २८ स्थानोंको आधिकारिक नाम देनेका फैसला किया था। मंगलवारको चीनकी ओरसे इसपर विरोध जताया गया था। भारतने चीनके इस अनर्गल दावेको सिरेसे खारिज कर चीनको दो-टूक जवाब दिया है। इससे सीमा मुद्देपर मतभेद फिर उजागर हुआ है, जो आपसी रिश्तोंमें कटुता उत्पन्न करने वाला है। एक महत्वपूर्ण बात यह भी है कि सर्वे आफ इण्डियाके आधिकारिक नक्शेपर लद्दाखके २८ स्थानोंको मानक नाम दिये गये हैं। विगत दो अक्तूबर, २०२६ को भारत सरकारने लद्दाखके २८ स्थानों और भौगोलिक विशेषताओंको सर्वे आफ इण्डियाके आधिकारिक मानचित्रपर मानकीकृत नामोंके साथ दर्ज किया है। इनमें पर्वत, चोटियां, दर्रे, ग्लेशियर, घाटियां, नदियां, झील और अन्य भू-भाग शामिल हैं। इसका उद्देश्य भारतके आधिकारिक नक्शोंमें इन स्थानोंकी पहचानको स्पष्ट और व्यवस्थित करना तथा इनके बारेमें जागरूकता बढ़ाना है। इनमें गोगरा और हाट स्प्रिंग विशेष रूपसे महत्वपूर्ण है। दोनों २०२० को भारत-चीन सैन्य गतिरोधके प्रमुख टकराव वाले क्षेत्रोंमें रहे हैं। इस मामलेमें चीनने जो बयान दिया है, वह स्थान नामकरणका विरोध नहीं है, बल्कि इसके पीछे चीनका पुराना सीमा दावा भी स्पष्टत: दिखायी देता है। भारतने इस पूरे विवादको अपनी सम्प्रभुता और क्षेत्रीय अखण्डताके स्पष्ट पुनर्पुष्टिकरणके रूपमें देखा है। लद्दाखका मौजूदा विवाद २०२० के सैन्य गतिरोधसे जुड़ा है। गलवान घाटीमें जून २०२० में हुई हिंसक झड़पमें भारतीय और चीनी सैनिकोंकी जान गयी थी। इसके बाद दोनों देशोंने पूर्वी लद्दाखमें बड़े पैमानेपर सैनिक और सैन्य संसाधन तैनात किये थे। लेकिन बादमें कुछ स्थितियां बदलीं लेकिन पूरी सीमाका अन्तिम समाधान अभी नहीं हुआ है। भारत और चीनके बीचपर वास्तविक नियंत्रण रेखाके कई हिस्सोंकी संवेदनशील भौगोलिक और सामरिक स्थितिको देखते हुए भारतको इसमें किसी तरहकी ढिलाईसे बचना होगा और मजबूत दबाव बनाये रखना होगा।

लोभ-लापरवाहीका खामियाजा

बिहारके वैशाली जिलेमें मंगलवारकी रात गंगामें नाव डूबनेकी दुर्भाग्पूर्ण घटनामें १३ लोगोंकी मौत अत्यन्त दुखद है। मृतकोंमें दस लड़कियां और तीन लड़के हैं जिनकी उम्र छहसे १८ वर्ष बतायी जा रही है। छोटी नावपर क्षमतासे अधिक २० से २५ लोग सवार थे जो राधोपुरमें श्राद्ध भोजमें शामिल होने जा रहे थे। कुछ लोगोंने तैर कर अपनी जान बचायी, जबकि कई लोग लापता बताये जा रहे हैं उनकी तलाश जारी है। डूब रहे लोगोंकी चीख-पुकार सुनकर स्थानीय लोग तत्काल पहुंचकर १७ लोगोंको पानीसे बाहर निकाला। सभीको प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकोंने १३ को मृत घोषित कर दिया और तीनको गम्भीर स्थितिमें पटना मेडिकल कालेज अस्पताल रेफर कर दिया गया। ग्रामीणोंके अनुसार नावमें छेद था जिसके चलते यह दर्दनाक हादसा हुआ। नावमें पानी भरते ही उसमें सवार लोगोंमें अफरा-तफरी मच गयी। इस दौरान किनारे मौजूद लोग नदीमें कूद पड़े और तैरकर डूब रहे लोगोंको बाहर निकाला लेकिन तबतक बहुत देर हो चुकी थी और १३ लोगोंकी जान चली गयी। घटनापर गहरी संवेदना प्रकट करते हुए प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदीने मृतकोंके परिजनोंको दो-दो लाख रुपये और घायलोंको ५० हजार रुपये मददकी घोषणा की है। वहीं बिहारके मुख्य मंत्री सम्राट चौधरीने मृतकोंके परिजनोंको चार-चार लाख रुपयेकी अनुग्रह राशि देनेका ऐलान किया। इस हादसेके लिए नाविक पूरी तरह जिम्मेदार माना जायगा, जिसने छोटी नावपर क्षमतासे अधिक सवारियोंकी जगह दी जिसके चलते यह लापरवाहीका सफर साबित हुआ। ऐसा अकसर होता है कि नाविक पैसेकी लालचमें नावकी क्षमता सीमा लांघ कर सवारी बैठा लेते हैं। वे खुद तो बच निकलते हैं, क्योंकि वह अच्छे तैराक होनेके साथ अनुभवी भी होते हैं, लेकिन सवारियोंको इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है। ऐसे नाविकोंके विरुद्ध कड़ी काररवाई होनी चाहिए जो दूसरोंके लिए सबक बने। लोगोंको भी सतर्क रहना होगा।

लोक संवाद

शक्ति उपासनासे नवीन ऊर्जाका संचार

महोदय,-भारत पर्व और त्योहारोंका देश कहा जाता है। यह पर्व हमारे जीवनमें मानों नवीनताका संचार करते हैं और हमें एक नवीन ऊर्जासे भर देते हैं। इन्हीं पर्वोंमें नवरात्र अपने आपमें महान पर्व है, जिसमें शक्ति स्वरूपा मां दुर्गाकी उपासना भी हमारे अन्दर सात्विकताका संचार करती है। वही आदि शक्ति ही सब प्राणियोंमें शक्ति, निद्रा, विद्या, तुष्टि आदि रूपोंमें विद्यमान है। उन्हींसे यह सारा जगत व्याप्त है। उपासनाका अर्थ है समीप और आसनका अर्थ बैठना है। अर्थात् हम जिनकी उपासना कर रहे हैं उनका चिंतन-मनन करें। नवरात्र पर्वपर देवीकी विभिन्न रूपोंमें उपासना भी हमारे भीतर एक नवीन ऊर्जाका संचार कर देती है। दो गुप्त नवरात्र और वासंतिक और शारदीय नवरात्र होते हैं। शारदीय और वासंतिक नवरात्र ज्यादा प्रसिद्ध हैं। गुप्त नवरात्रमें भी शक्ति स्वरूपा मां जगदंबाकी उपासना, पूजन, अर्चना हमें मनोवांछित फल प्रदान करती है और शक्तिके बिना न तो हमारा अस्तित्व है और न ही इस संसारका। यह पर्व मानों हमें यही स्मरण दिलाता है कि कोई अदृश्य शक्ति हैं जिनसे यह सारा संसार व्याप्त और गतिमान है। मार्कण्डेय पुराण अन्तर्गत दुर्गा सप्तशतीमें भगवती दुर्गा और उनकी महिमाका विस्तारसे वर्णन है कि वही शक्ति स्वरूपा देवी दुर्गा दानव शक्तियोंका नाश करती हैं और उन्होंने देवताओंसे स्वयं कहा है कि जब जब दानवीय शक्तियोंका उत्थान होगा अर्थात् अधर्म बढ़ेगा तब अलग-अलग स्वरूपोंमें वही शक्ति स्वरूपा दुर्गा अवतार लेकर असुरोंका विनाश करेंगी। भगवान शिव और पार्वती भी शिव और शक्ति माने जाते हैं। भगवान रामने भी रावणपर विजय प्राप्त करनेके लिए इन्हीं शक्तिकी उपासना की थी। इस पर्वपर घर-घरमें मां दुर्गाका पूजन अर्चन, मांके सुमधुर गीत, कन्या पूजन, हवनसे मानों वातावरणमें भी एक नवीन चेतनाका संचार होता है। नारी सम्मान हमारे देशकी संस्कृति रही है। यह पर्व भी हमें यही सीखाता है कि स्त्री हर रूपमें आदरणीय है। यह पर्व देवीकी उपासना पूजन और उनका सतत स्मरणसे हमें अपने भीतर एक नवीन ऊर्जाका संचार करनेका अवसर है। शारदीय नवरात्रिसे ॠतुमें परिवर्तन होने लगता है और प्रकृति सर्दीकी चादरमें सिकुड़ने लगती है, ऐसेमें नवरात्रिकी नौ दिनोंकी अवधिमें उपासक संतुलित और सात्विक भोजन ग्रहण कर अपना ध्यान चिंतन और मननमें लगाकर स्वयंको भीतरसे शक्तिशाली बना सकते हैं, जिससे ॠतु परिवर्तनका उनकी सेहतपर बुरा असर नहीं पड़ता। नवरात्रिके नौ व्रत रखनेसे न केवल स्वयंको मानसिक रूपसे भीतरसे शक्तिशाली बनाया जा सकता है, बल्कि उत्तम स्वास्थ्यकी दृष्टिसे भी इसके कई लाभ होते हैं। मान्यता है कि जो भक्त नवरात्रिका व्रत रखते हैं, वे दूसरोंकी तुलनामें आरोग्य जीवन जीते हैं। दरअसल नवरात्रि व्रतके दौरान लोग गरिष्ठ भोजनसे दूर रहते हैं और फल ग्रहण करते हैं, जिससे बॉडी डिटॉक्स होती है, तनावकी समस्या दूर होती है और त्वचामें निखार भी बढ़ता है। नवरात्रि व्रत रखनेसे शरीरमें कोलेस्ट्रॉलका स्तर भी कम हो जाता है। नौ दिनोंतक पूरे संयमके साथ व्रत रखनेसे आध्यात्मिक फायदोंके अलावा पेटको आराम मिलनेसे उसकी सेहत अच्छी होती है, रक्तचाप नियंत्रित होता है, गठिया, अस्थमा, एलर्जी, हृदय रोगोंमें आराम मिलता है, नींद बेहतर होती है, उम्र लंबी होती है तथा कैंसर, अल्जाइमर जैसी गम्भीर बीमारियोंका जोखिम भी कम होता है। -**अखिलेश कुमार मिश्र, वाराणसी।**

विरोधके अधिकारपर सर्वोच्च टिप्पणी

लोकतंत्र केवल चुनाव कराने, सरकार बनाने और शासन चलानेकी व्यवस्थाका नाम नहीं है। इसकी वास्तविक शक्ति नागरिकोंको अपनी बात कहने, असहमति व्यक्त करने और सरकारकी नीतियोंपर प्रश्न उठानेकी स्वतंत्रता देनेमें निहित है। दिल्लीमें निर्वाचन प्रक्रियाको लेकर हुए विरोध प्रदर्शनोंके बीच सुप्रीम कोर्टका हस्तक्षेप अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

❑ **महेन्द्र तिवारी**

न्या जिस लोकतांत्रिक व्यवस्थामें नागरिक अपनी शिकायतें खुलकर सामने रख सकें, शांतिपूर्ण ढंगसे विरोध कर सकें और अपनी मांगोंके समर्थनमें आवाज उठा सकें, वही व्यवस्था लोकतांत्रिक मूल्योंको मजबूत करती है। लेकिन जब विरोध प्रदर्शन और सार्वजनिक व्यवस्थाके बीच टकरावकी स्थिति पैदा होती है, तब नागरिक अधिकारोंकी रक्षा और कानूनका पालन सुनिश्चित करना प्रशासनके लिए बड़ी चुनौती बन जाता है। दिल्लीमें निर्वाचन प्रक्रियाको लेकर हुए विरोध प्रदर्शनोंके बीच सर्वोच्च न्यायालयका हस्तक्षेप इसी संदर्भमें महत्वपूर्ण है। १० अक्तूबर २०२६ को दिल्लीमें मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमारके इस्तीफे और मतदाता सूचीके विशेष गहन पुनरीक्षणको लेकर विरोध प्रदर्शनका आह्वान किया गया था। प्रदर्शनकारियों और विपक्षी दलोंने निर्वाचन प्रक्रियामें कथित अनियमितताओंको लेकर सवाल उठाये। उनका आरोप था कि मतदाता सूचीमें बदलावकी प्रक्रियासे कुछ वर्गोंके मतदाताओंके अधिकार प्रभावित हो सकते हैं। दूसरी ओर निर्वाचन आयोगने प्रक्रियामें पक्षपातके आरोपोंको खारिज किया है। सत्तारूढ़ दलने भी विपक्षके आरोपोंपर आपत्ति जतायी है। इसलिए इस पूरे विवादमें आरोपों, आधिकारिक स्पष्टीकरणों और प्रमाणित तथ्योंको अलग-अलग समझना आवश्यक है। प्रदर्शनके मद्देनजर दिल्लीके कई हिस्सोंमें सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गयी। मेट्रो स्टेशनोंको बंद करने, आवागमन सीमित करने और इंटरनेट सेवाओंपर प्रतिबंध लगाने जैसे कदमोंकी खबरें सामने आयीं। बड़ी संख्यामें लोगोंको हिरासतमें लिये जानेकी सूचना भी मिली। इन कदमोंसे केवल प्रदर्शनकारियोंकी गतिविधियां प्रभावित नहीं हुईं, बल्कि आम नागरिकोंकी आवाजाही, दैनिक कामकाज और सार्वजनिक परिवहनपर भी असर पड़ा। ऐसेमें यह प्रश्न उठना स्वाभाविक था कि सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखनेके लिए किये गये प्रबंध किस सीमातक आवश्यक और उचित थे।

सर्वोच्च न्यायालयके हस्तक्षेपसे संदेश सामने आया है कि सार्वजनिक व्यवस्था और नागरिक स्वतंत्रताको परस्पर विरोधी मानकर नहीं चलना चाहिए। कानूनका उद्देश्य अधिकारोंको समाप्त करना नहीं, बल्कि उनका संरक्षण करते हुए समाजमें व्यवस्था बनाये रखना है। लोकतंत्रकी वास्तविक मजबूती तब दिखती है, जब नागरिक बिना भयके अपनी बात रख सकें, प्रशासन निष्पक्षतासे अपने दायित्व निभाये और न्यायपालिका आवश्यकता पड़नेपर संवैधानिक सीमाओंकी रक्षा करे। विरोधकी आवाज सुनना, असहमतिका सम्मान और कानूनका समान रूपसे पालन सुनिश्चित करना भी उत्तरदायी लोकतांत्रिक व्यवस्थाकी पहचान है।

इसी पृष्ठभूमिमें ११ अक्तूबर २०२६ को सर्वोच्च न्यायालयने विशेष सुनवाई करते हुए अधिकारियोंको कई महत्वपूर्ण अंतरिम निर्देश दिये। न्यायालयने कहा कि शांतिपूर्ण और निहत्थे लोगोंको कानूनमें निर्धारित प्रक्रियाके बिना हिरासतमें नहीं लिया जाना चाहिए। उसने मेट्रो और रेल सेवाओंको सामान्य रूपसे चलाने, शहरमें यातायात नियमोंके अधीन लोगोंकी आवाजाही सुनिश्चित करने तथा इंटरनेट सेवाओंको अनावश्यक रूपसे बाधित न करनेपर जोर दिया। न्यायालयने सड़कोंपर लगाये गये अवरोधोंकी तत्काल समीक्षा करने और अदालतोंतक लोगोंकी पहुंच सुनिश्चित करनेके निर्देश भी दिये। इन निर्देशोंके साथ यह स्पष्ट रखा गया कि सार्वजनिक व्यवस्थाकी वास्तविक आवश्यकता होनेपर कानूनके अनुसार उचित प्रतिबंध लगाये जा सकते हैं।

इस घटनाक्रमका महत्व इसलिए भी है कि संविधान नागरिकोंको केवल अधिकार ही नहीं देता, बल्कि शासनकी शक्तियोंकी सीमाएं भी निर्धारित करता है। भारतीय संविधानका अनुच्छेद-१९ नागरिकोंको अभिव्यक्तिकी स्वतंत्रता और शांतिपूर्वक तथा बिना हथियारोंके एकत्र होनेका अधिकार प्रदान करता है। ये अधिकार लोकतंत्रमें नागरिक सहभागिताका आधार हैं। हालांकि इनपर संविधानमें निर्धारित आधारोंपर उचित प्रतिबंध लगाये जा सकते हैं। इसलिए विरोध करनेकी स्वतंत्रताका अर्थ कानूनसे ऊपर होना नहीं है और न ही सार्वजनिक व्यवस्था बनाये रखनेका अर्थ नागरिकोंके अधिकारोंको मनमाने ढंगसे सीमित करना है।

प्रशासनकी जिम्मेदारी है कि वह संभावित हिंसा, यातायात अवरोध और सार्वजनिक संपत्तिको होने वाले नुकसानसे बचानेके लिए आवश्यक कदम उठाये। लेकिन किसी संभावित खतरेकी आशंकाके आधारपर सभी लोगोंकी आवाजाही रोक देना या शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियोंको बिना वैधानिक आधारके हिरासतमें लेना उचित नहीं माना जा सकता। प्रतिबंधोंका औचित्य, उनकी अवधि और उनका दायरा परिस्थितियोंके अनुरूप होना चाहिए। जहां सीमित व्यवस्थासे समस्याका समाधान संभव हो, वहां व्यापक प्रतिबंधोंके कारण आम नागरिकोंको अनावश्यक परेशानीमें डालनेसे बचना चाहिए।

दिल्ली जैसे महानगरमें मेट्रो और रेल सेवाएं केवल यातायातके साधन नहीं हैं। लाखों लोग प्रतिदिन इन सेवाओंके माध्यमसे अपने कार्यस्थलों, शिक्षण संस्थानों, अस्पतालों और अन्य आवश्यक स्थानोंतक पहुंचते हैं। अचानक परिवहन सेवाएं बंद होनेसे विद्यार्थियोंकी पढ़ाई, कर्मचारियोंकी उपस्थिति, मरीजोंकी चिकित्सा और छोटे कारोबारियोंकी आजीविका प्रभावित हो सकती है। इसी प्रकार इंटरनेट सेवाएं आज शिक्षा, बैंकिंग, व्यापार, संचार और आपातकालीन सहायताका महत्वपूर्ण माध्यम हैं। इसलिए इनके व्यापक प्रतिबंधका प्रभाव प्रदर्शन स्थलसे कहीं अधिक दूरतक पहुंचता है।

इस संदर्भमें सर्वोच्च न्यायालयकी भूमिका केवल किसी एक प्रदर्शनको लेकर आदेश देनेतक सीमित नहीं है। न्यायपालिकाका दायित्व यह सुनिश्चित करना भी है कि प्रशासनिक काररवाई संविधान और कानूनके अनुरूप हो। जब नागरिकोंको लगता है कि उनके अधिकार प्रभावित हो रहे हैं, तब न्यायालयसे राहतकी अपेक्षा लोकतांत्रिक व्यवस्थाका स्वाभाविक हिस्सा है। हालांकि न्यायिक हस्तक्षेपका अर्थ यह नहीं है कि किसी विवादमें एक पक्षके सभी आरोप स्वत: सिद्ध हो गये। न्यायालयके अंतरिम निर्देश, प्रारंभिक टिप्पणियां और अंतिम निर्णय अलग-अलग प्रक्रियाएं हैं। दिल्लीके मामलेमें भी अधिकारियोंसे जवाब और अनुपालन संबंधी जानकारी मांगी गयी है। इसलिए अंतिम निष्कर्ष तथ्यों, प्रस्तुत साक्ष्यों और आगेकी न्यायिक प्रक्रियाके आधारपर ही निकाला जाना चाहिए।

निर्वाचन प्रक्रियासे संबंधित विवादका एक व्यापक पक्ष जनताका विश्वास है। चुनाव लोकतंत्रकी बुनियादी प्रक्रिया हैं और मतदाता सूची उनकी विश्वसनीयताका महत्वपूर्ण आधार है। मतदाता सूचीका पुनरीक्षण आवश्यक हो सकता है, क्योंकि समयके साथ मृत्यु, स्थान परिवर्तन और अन्य कारणोंसे अभिलेखोंमें बदलाव करना पड़ता है। लेकिन इस प्रक्रियामें किसी पात्र नागरिकका नाम गलत तरीकेसे हटना उसके मताधिकारको प्रभावित कर सकता है। इसलिए सूचीमें संशोधन करते समय पारदर्शिता, स्पष्ट मानदंड, उचित सूचना और शिकायतोंके निवारणकी प्रभावी व्यवस्था जरूरी है। राजनीतिक दलों और नागरिकोंकी आपत्तियोंका समाधान प्रमाणोंके आधारपर होना चाहिए।

विरोध प्रदर्शन भी लोकतंत्रमें संवादका माध्यम हैं। नागरिक जब किसी निर्णयसे असहमत होते हैं तो शांतिपूर्ण ढंगसे अपनी मांग रखना उनका संवैधानिक अधिकार है। साथ ही प्रदर्शन आयोजित करने वालोंका दायित्व है कि वे कानूनका पालन करें, हिंसासे बचें और दूसरे नागरिकोंके अधिकारोंका सम्मान करें। प्रशासनको भी प्रदर्शनकारियोंके साथ संवाद स्थापित करना चाहिए, ताकि तनाव कम किया जा सके और सार्वजनिक सुविधाएं बाधित न हों। दोनों पक्षोंकी जिम्मेदारी और संयमसे ही ऐसी परिस्थितियोंका समाधान संभव है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि लोकतांत्रिक असहमतिको केवल कानून-व्यवस्थाकी समस्याके रूपमें न देखा जाय। असहमति किसी भी जीवंत लोकतंत्रका स्वाभाविक अंग है। उसी प्रकार हर विरोधको स्वत: उचित मान लेना भी पर्याप्त नहीं है। उसकी प्रकृति, उद्देश्य और तरीकेका मूल्यांकन कानून तथा तथ्योंके आधारपर किया जाना चाहिए। सरकार, प्रशासन, निर्वाचन आयोग, राजनीतिक दल और नागरिक समाज सभीकी भूमिका महत्वपूर्ण है। सर्वोच्च न्यायालयके हस्तक्षेपसे एक बार फिर यह संदेश सामने आया है कि सार्वजनिक व्यवस्था और नागरिक स्वतंत्रताको परस्पर विरोधी मानकर नहीं चलना चाहिए। कानूनका उद्देश्य अधिकारोंको समाप्त करना नहीं, बल्कि उनका संरक्षण करते हुए समाजमें व्यवस्था बनाये रखना है। लोकतंत्रकी वास्तविक मजबूती तब दिखाई देती है, जब नागरिक बिना भयके अपनी बात रख सकें, प्रशासन निष्पक्षतासे अपने दायित्व निभाये और न्यायपालिका आवश्यकता पड़नेपर संवैधानिक सीमाओंकी रक्षा करे। विरोधकी आवाज सुनना,

विकासमें युवा शक्तिका योगदान

विद्यार्थी राष्ट्रकी सबसे बड़ी पूंजी होते हैं। उनकी आंखोंमें पलने वाले सपने, मनमें उठने वाले विचार और कर्ममें दिखने वाला संकल्प ही देशके भविष्यकी दिशा निर्धारित करता है।

❑ **प्रो.मनोज डोगरा**

आजके विद्यार्थी ही कलके वैज्ञानिक, शिक्षक, चिकित्सक, प्रशासक, उद्यमी, सैनिक और राष्ट्रनिर्माता हैं। इसलिए विद्यार्थियोंकी प्रतिभाको निखारना, उन्हें सही दिशा देना और उनके भीतर आत्मविश्वास पैदा करना केवल परिवार या शिक्षण संस्थानोंकी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाजका दायित्व है। इसी संदर्भमें विश्व विद्यार्थी दिवसका महत्व और भी बढ़ जाता है। भारतमें १५ अक्तूबरको पूर्व राष्ट्रपति, महान वैज्ञानिक और युवाओंके प्रेरणास्रोत डा. एपीजे अब्दुल कलामकी जयंतीके अवसरपर विश्व विद्यार्थी दिवस मनाया जाता है। इस दिवसका उद्देश्य विद्यार्थियोंके जीवनमें शिक्षा, ज्ञान, अनुशासन, रचनात्मकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोणके महत्वको रेखांकित करना है। डा. कलामका संपूर्ण जीवन इस बातका प्रमाण है कि साधारण परिस्थितियोंमें जन्म लेने वाला व्यक्ति भी असाधारण उपलब्धियां प्राप्त कर सकता है, बशर्ते उसके पास बड़े सपने देखनेका साहस और उन्हें साकार करनेके लिए निरन्तर परिश्रम करनेका संकल्प हो।

डा. कलामका जीवन विद्यार्थियोंके लिए प्रेरणा- डा. कलामका जीवन संघर्ष, सादगी, अनुशासन और समर्पणकी अनुपम मिसाल है। तमिलनाडुके रामेश्वरममें एक साधारण परिवारमें जन्मे कलामने कठिन परिस्थितियोंके बावजूद शिक्षाके प्रति अपनी लगनको कभी कम नहीं होने दिया। अपनी वैज्ञानिक उपलब्धियोंके माध्यमसे उन्होंने भारतके अंतरिक्ष और रक्षा कार्यक्रमोंमें महत्वपूर्ण योगदान दिया। वर्ष २००२ में वह भारतके राष्ट्रपति बने, लेकिन सर्वोच्च संवैधानिक पदपर पहुंचनेके बाद भी उनका सबसे प्रिय परिचय एक शिक्षकका ही रहा। डा. कलामका विश्वास था कि बच्चों और युवाओंके भीतर देशको बदलनेकी क्षमता है। वह विद्यार्थियोंसे संवाद करते, उनके प्रश्नोंको प्रोत्साहित करते और उन्हें बड़े लक्ष्य निर्धारित करनेकी प्रेरणा देते थे। उनका जीवन संदेश देता है कि सफलता केवल संसाधनोंकी प्रचुरतासे नहीं, बल्कि दृढ़ इच्छाशक्ति, निरन्तर अभ्यास और सकारात्मक सोचसे प्राप्त होती है। आज जब विद्यार्थी परीक्षा, प्रतिस्पर्धा और भविष्यकी अनिश्चितताओंके दबावसे गुजर रहे हैं, तब कलामके विचार पहलेसे कहीं अधिक प्रासंगिक हो जाते हैं। विद्यार्थियोंको यह समझना होगा कि असफलता जीवनका अंत नहीं, बल्कि अपनी कमियोंको पहचानकर आगे बढ़नेका अवसर है। शिक्षाका उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, वर्तमान समयमें शिक्षाको अक्सर परीक्षामें प्राप्त अंकों, डिग्रियों और नौकरी हासिल करनेके साधनके रूपमें देखा जाता है। निस्संदेह रोजगार प्राप्त करना शिक्षाका एक महत्वपूर्ण उद्देश्य है, लेकिन शिक्षाका वास्तविक लक्ष्य इससे कहीं व्यापक है। शिक्षा व्यक्तिको विवेकशील बनाती है, सही और गलतके बीच अंतर करना सिखाती है तथा समाजके प्रति उसकी जिम्मेदारियोंका बोध कराती है। यदि कोई विद्यार्थी उच्च अंक प्राप्त कर ले, लेकिन उसमें ईमानदारी, संवेदनशीलता, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारीका अभाव हो तो उसकी शिक्षा अधूरी मानी जायगी। शिक्षण संस्थानोंका उद्देश्य केवल सफल पेशेवर तैयार करना नहीं, बल्कि अच्छे नागरिकोंका निर्माण करना भी होना चाहिए। आज आवश्यकता ऐसी शिक्षा व्यवस्थाकी है, जिसमें किताबी ज्ञानके साथ व्यावहारिक अनुभव, नैतिक मूल्य, संवाद कौशल, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और समस्या समाधानकी क्षमताको भी समान महत्व मिले। विद्यार्थियोंको प्रश्न पूछने, नये विचार प्रस्तुत करने और अपनी गलतियोंसे सीखनेके लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। प्रश्न करने वाला विद्यार्थी ही आगे चलकर अनुसंधानकर्ता और नवाचारक बन सकता है।

डिजिटल युगमें विद्यार्थी और नयी चुनौतियां- इक्कीसवीं सदीका विद्यार्थी ऐसे दौरमें शिक्षा प्राप्त कर रहा है, जहां मोबाइल फोन, इंटरनेट, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल माध्यमोंने ज्ञानतक पहुंचको आसान बना दिया है। आज घर बैठे दुनियाके प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानोंकी अध्ययन सामग्री प्राप्त की जा सकती है। आनलाइन कक्षाओं और डिजिटल पुस्तकालयोंने सीखनेके नये अवसर उपलब्ध कराये हैं। लेकिन इन सुविधाओंके साथ कुछ गम्भीर चुनौतियां भी सामने आयी हैं। सोशल मीडियाका अत्यधिक उपयोग, मोबाइलपर अनावश्यक समय बिताना, गलत सूचनाओंका प्रसार और डिजिटल मनोरंजनकी लत विद्यार्थियोंकी एकाग्रताको प्रभावित कर सकती है। कई विद्यार्थी दूसरोंकी उपलब्धियोंसे अपनी तुलना करके तनावका अनुभव करते हैं और अपने आत्मविश्वासको कमजोर कर लेते हैं। तकनीक अपने आपमें न अच्छी है और न बुरी, उसका उपयोग किस उद्देश्यसे किया जा रहा है, यह अधिक महत्वपूर्ण है। विद्यार्थियोंको डिजिटल साधनोंका इस्तेमाल ज्ञान अर्जित करने, नयी क्षमताएं विकसित करने और रचनात्मक कार्योंके लिए करना चाहिए। उन्हें यह भी सीखना होगा कि इंटरनेटपर उपलब्ध प्रत्येक जानकारी सत्य नहीं होती। तथ्योंकी जांच करना, विश्वसनीय स्रोतोंको पहचानना और अपनी स्वतंत्र सोच विकसित करना आजकी अनिवार्य आवश्यकताएं हैं।

मानसिक स्वास्थ्य और परीक्षाका दबाव- विद्यार्थियोंके सामने आज सबसे बड़ी चुनौतियोंमेंसे एक मानसिक दबाव भी है। अच्छे अंक प्राप्त करने, प्रतियोगी परीक्षाओंमें सफल होने और मनचाहा करियर चुननेकी दौड़में कई विद्यार्थी तनावका सामना करते हैं। कुछ मामलोंमें अभिभावकोंकी अत्यधिक अपेक्षाएं और समाजमें सफलताकी सीमित परिभाषा इस दबावको और बढ़ा देती है। यह समझना जरूरी है कि प्रत्येक विद्यार्थीकी रुचि, क्षमता और सीखनेकी गति अलग होती है। सभी विद्यार्थियोंसे एक जैसी उपलब्धियोंकी अपेक्षा करना उचित नहीं है। किसीकी रुचि विज्ञानमें हो सकती है तो कोई साहित्य, संगीत, खेल, कला या उद्यमितामें बेहतर प्रदर्शन कर सकता है। अभिभावकों और शिक्षकोंको विद्यार्थियोंकी तुलना दूसरोंसे करनेके बजाय उनकी व्यक्तिगत प्रगतिपर ध्यान देना चाहिए। फिलहाल विकसित भारतका सपना युवा पीढ़ी ही साकार करेगी।

आत्मबोध

ध्यानकी प्रक्रिया

❑ **ओशो**

ध्यानका अर्थ है, एक ऐसी अवस्था, जब जाननेको कुछ भी नहीं बचा। सिर्फ जानने वाला ही बचा। उससे छुटकारेका कोई उपाय नहीं है। लाख भागो पहाड़ोंपर और रेगिस्तानोंमें, चांद-तारोंपर, लेकिन तुम्हारा जानने वाला तुम्हारे साथ होगा। क्योंकि वह तुम हो, वह तुम्हारा अस्तित्व है। रोज घड़ीभर, कभी भी सुबह या सांझ या दोपहर, इस अनूठे आयामको देना शुरू कर दो। बस आंख बंदकर बैठ जाओ। जब मैं कहता हूं कि घड़ी आधा घड़ीको आंख बंद करके बैठ जाओ तो तुमसे मैं यह कहा रहा हूं कि घड़ी आधा घड़ीको दूसरोंको भूल जाओ। चौबीस घंटे पड़े हैं। तेईस घंटे सारे संसारको दे दो, बाजारको दे दो, दुकानको दे दो, मकानको दे दो, जिसको देना हो, उसको दे दो। लेकिन क्या तुम इतने भी अधिकारी नहीं हो कि एक घंटा अपने लिए बचा लो। शायद चौबीस घंटा बचाना बहुत मुश्किल है एक घंटा बचाना आसान हो सकता है। फिर मैं तुमसे यह भी नहीं कहता कि इस घंटेको बचानेके लिए तुम हिमालयकी किसी गुफामें बैठो। तुम्हारा घर पर्याप्त है और सबसे ज्यादा आसान जगह है। क्योंकि वहां जो भी है, उससे तुम्हें परिचय है और एक घंटेके लिए उस सबको भूल जाना कठिन नहीं है। आज नहीं तो कल, कल नहीं तो परसों, जल्दी ही वह घड़ी आ जाती है कि तुम चुपचाप बैठे ही रहते हो। मूर्तियां आयंगी, मत रस लेना उनमें, न पक्षमें और न विपक्षमें। आने देना और जाने देना। रास्ता है, मनकी राह है, चलती है। तुम राहके किनारे बैठे देखते रहना और तुम चकित होओगे, इस जीवनके सबसे बड़े रहस्यसे चकित होओगे कि यदि तुम साक्षी भावसे, जैसे तुम्हें कुछ लेना-देना नहीं कौन जा रहा है, कौन आ रहा है, तुम गुमसुम चुपचाप सड़कके किनारे बैठे ही रहना। जल्दी ही वह घड़ी आ जायगी कि यह रास्तेकी भीड़ कम होने लगेगी, क्योंकि इस भीड़के रास्तेपर होनेका कारण है, तुमने इसे निमंत्रण दिया है। तुमने अबतक इसका स्वागत किया है। यह बिना बुलाई नहीं है और जब यह देखेगी कि तुम इतनी उपेक्षासे भर गये हो कि तुम लौटकर भी नहीं देखते, कौन आया, कौन गया, अच्छा था या बुरा, सुंदर था या कि असुंदर, अपना था कि पराया, यह भीड़ धीरे-धीरे विदा होने लगेगी। ध्यानकी प्रक्रिया बड़ी सरल है।

नये युगमें पुलिसकी विशेष भूमिका

❑ **अजय सिंघल**

नब्बेके दशकमें, एक ट्रेनी आईपीएस अधिकारीके तौरपर जब मैं पहली बार किसी थानेमें गया तो मुझे आज भी अच्छेसे याद है कि वहां मुंशी हैड कांस्टेबलके हाथसे लिखा रोजनामचा (रजिस्टर), टेबलपर रखा काले रंगका भारी-भरकम डायल वाला लैंडलाइन फोन, जिसकी रिंगटोन अपनी मर्जीसे सुनाई देती और फील्डमें जानेको तैयार कुछ बीट कांस्टेबल। तब पुलिस दक्षता इस बातसे आंकी जाती थी कि पुलिस कितनी जल्दी मौकेपर पहुंची और कितने लोगोंको गिरफ्तार किया।पर बीते तीन दशकोंमें अंग्रेजोंके जमानेकी पुलिसके मॉडलका नजरिया पूरी तरहसे बदल गया। सरकारने अंग्रेजोंकी गुलामीके जमानेके सीआरपीसी १८६१ जैसी अपराधकी धाराओंको बदल १ जुलाई, २०२४ से भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) जैसे तीन नये आपराधिक कानून लाकर देशकी कानून व्यवस्थामें एक क्रांतिकारी बदलाव किया।

साथ ही टैक्नोलॉजी आधारित नये दौरकी पुलिसने जन-सुरक्षाको और अधिक मजबूत करनेकी दिशामें खुफिया जानकारी, डाटा और सामुदायिक जरूरतोंका लक्ष्य नये सिरेसे तय किया कि अपराधियोंपर काररवाईके अलावा पुलिसको अपराध घटित होनेसे पहले ही कैसे रोकने हैं। परम्परागत पुलिसिंग अब टैक्नोलॉजी आधारित अपराध निवारककी भूमिकाकी ओर तेजीसे बढ़ रही है। हरियाणामें ११२ डायल करके कोई भी व्यक्ति इस एक नंबरसे ही पुलिस, अग्निशमन और स्वास्थ्य सेवाओंतक पहुंच सकता है। इस नंबरपर हर साल ५० लाखसे ज्यादा आने वाली कॉल्ससे पुलिसकी शहरों और गांवोंमें पहुंच औसत सात मिनटमें संभव हुई है। रातके अंधेरेमें जब कोई अकेली महिला खतरेके सायेमें अपने मोबाइल फोनपर दुर्गा शक्ति ऐप बटन दबाती है तो उसकी मौजूदा लोकेशन पुलिसके कमांड सैंटरको जाती है। यह घरसे दूर एक कामकाजी महिलाकी सुरक्षाके लिए टैक्नोलॉजी आधारित एक अनूठी पहल है।

हैल्पलाइन १९३० पुलिस अधिकारियों और बैंक प्रतिनिधियोंके साथ जुड़ी है, जहां साइबर अपराध संबंधी हर दिन करीब ५००० काल आती हैं और बैंक खातेसे पैसा निकलनेसे पहले संदिग्ध ट्रांसफर फ्रीज कर दिया जाता है। साइबर फ्रॉडके मामले रोकनेमें देशमें अव्वल हरियाणामें करीब ४० फीसदी पैसा साइबर फ्रॉड पीड़ितोंको वापस दिलाया गया है। एक लाख रुपयेसे अधिकके साइबर फ्रॉड वाली किसी भी आनलाइन शिकायतपर अपने आप जीरो एफआईआर थानेके क्षेत्राधिकारकी बाधाके बिना देशके किसी भी इलाकेमें दर्ज हो रही है। हरियाणा पुलिसका 'अभेद्य' ऐप अब अज्ञात अंतरराष्ट्रीय जबरन वसूली फोन कॉलको संबंधित लोगोंतक पहुंचनेसे पहले ही रोकता है। दोहरा ओटीपी नंबर, संदिग्ध यूपीआई लेन-देनको ब्लॉक करता है, जिससे 'डिजिटल अरैस्ट' जैसे घोटालेपर अंकुश लगाया जा रहा है। ईगल ऐपसे ड्यूटीपर तैनात पुलिस अधिकारी हिरासतमें लिये किसी व्यक्तिके चेहरेकी तुरन्त तुलना अपराधियोंके डाटाबेससे कर फर्जी लोगोंको पकड़ सकता है।

राष्ट्रीय स्वचालित फिंगरप्रिंट पहचान प्रणाली (एनएएफआईएस) अपराध स्थलसे मिले धुंधले फिंगरप्रिंटको कुछ ही सैकेंडमें राष्ट्रीय रिकॉर्डमें मौजूद एंट्रीसे मिलान करते हैं। स्मार्ट ई-बीट जीपीएससे पुलिस फोर्सकी गश्त दर्ज होती है, क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नैटवर्क एंड सिस्टम (सीसीटएनएस) पुलिस थानोंको अदालतों, जेलों और फॉरैंसिक सुविधाओंसे जोड़ता है। ई-साक्ष्य सुनिश्चित करता है कि अपराध स्थलका सुबूत बिना बदले असल हालतमें अदालततक सुरक्षित पहुंचे। यहांतक कि गुमनाम लोगोंको भी अब नाम मिल रहा है। एआई सहायक व्यवस्था अज्ञात शवोंके चेहरे और फिंगरप्रिंटको लापता व्यक्तियोंके डाटाबेससे मिलाती है, जिससे सालोंसे गुम अपनोंका इंतजार कर रहे परिवारोंको सुकून मिलता है। पुलिसके डिजिटल डैशबोर्ड दिखाते हैं कि कहां शिकायतें अनसुनी पड़ी हैं, ताकि संबंधित पुलिस कर्मीकी जवाबदेही तय हो।

दुर्घटनाका डाटा 'हीट मैप' में बदल गया है, जो इंजीनियरोंको दिखाता है कि कहां किसी सड़कके तीखे मोड़को नये सिरेसे डिजाइन करना है, ताकि दुर्घटनाके समय 'गोल्डन ऑवर' घटानेमें मदद मिले। मोटरवेपर नंबर-प्लेट पहचान कैमरे लगातार स्थितिपर नजर रखते हैं और भागने वाले वाहनोंका ट्रैकिंग रिकॉर्ड भी बनाते हैं। 'हरसमय' नामका पोर्टल नागरिकोंको एफआईआरकी कॉपी या सत्यापन प्रमाणपत्रके लिए लम्बी लाइन लगानेमें लगनेसे बचाता है, थानेके काऊंटरपर क्यूआर कोड फीडबैक हर नागरिकको अपनी राय सांझी करनेका मौका देता है। पुलिसकी कार्यशैलीमें बड़ा सुधार सर्वर रूम या किसी सॉफ्टवेयरसे कहीं आगे पुलिसके मानवीय व्यवहारपर टिका है। तेजीसे बदलती दुनियामें नये दौरकी पुलिसका प्रदर्शन केवल इस बातसे नहीं आंका जा सकता कि पुलिसने टैक्नोलॉजी आधारित कितने ऐप लांच किये, बल्कि पुलिसकी दक्षता इस बातसे आंकी जा रही है कि कितने अपराध होनेसे पहले ही रोक दिये गये।

(लेखक हरियाणामें पुलिस महानिदेशक हैं।)

थोक महंगाई पहुंची 11 प्रतिशत के पार

नयी दिल्ली। खाद्य पदार्थों, विनिर्मित वस्तुओं और ईंधन एवं बिजली की कीमतें बढने् से सितंबर में थोक मुद्रास्फीति बढ़कर 11.39 प्रतिशत हो गई, जो अगस्त में 9.92 प्रतिशत थी। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। खाद्य पदार्थों की महंगाई दर अगस्त के 7.05 प्रतिशत से बढ़कर सितंबर में 8.66 प्रतिशत हो गई। विनिर्मित वस्तुओं में थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति बढ़कर 9.76 प्रतिशत के श्रृंखला के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। अगस्त में यह 8.37 प्रतिशत थी। ईंधन एवं बिजली की महंगाई दर सितंबर में 25.85 प्रतिशत रही, जबकि पिछले महीने यह 22.93 प्रतिशत थी।

कोहिनूर राइस नवरात्रि कुछ खास हुक स्टेप चैलेंज

एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस लिमिटेड अपने प्रीमियम कोहिनूर बासमती राइस ब्रांड के तहत गुजराती संस्कृति के जश्न को संगीत से आगे बढ़ाते हुए डांस तक ले जा रही है। कंपनी ने इसके लिए नवरात्रि कुछ खास हुक-स्टेप चैलेंज शुरू किया है। मशहूर गुजराती गायक आदित्य गढ़वी के साथ संगीत सहयोग के बाद शुरू की गई इस पहल के तहत लोगों को गाने के खास डांस स्टेप को दोहराने और उसमें अपने अंदाज का रंग भरने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। इस पहल पर एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस लिमिटेड के मीडिया एवं डिजिटल प्रमुख जिग्नेश शाह ने कहा कोहिनूर राइस में हमारा मानना है कि भोजन और साथ बिताए गए पल हर उत्सव का अहम हिस्सा होते हैं। संगीत, नृत्य और परंपराओं से सजी नवरात्रि भी इसी सामूहिक खुशी और एकजुटता का प्रतीक है। आदित्य गढ़वी के साथ हमारा सहयोग इस उत्सवी भावना को आज के लोगों के लिए प्रासंगिक और आकर्षक अंदाज में पेश करने की कोशिश है, जिसमें त्योहार की सांस्कृतिक जड़ों का भी सम्मान किया गया है। नवरात्रि कुछ खास के जरिए हम लोगों को जश्न में शामिल होने, अपनी रचनात्मकता दिखाने और नवरात्रि के पलों को और खास बनाने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-जौनपुर
E-mail:- eeredjaunpur@gmail.com

निविदा पत्र सं.:- 1700/ग्रा.अ.वि./निविदा/2026-27 दिनांक:- 07.10.2026

मैनुअल निविदा सूचना (अल्पकालीन)

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–जौनपुर में निम्न कार्यों हेतु विभाग में पंजीकृत पात्र ठेकेदारों से प्रतिशत दर पर निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदादाता किसी, एक अथवा समस्त कार्यों हेतु निविदा डाल सकते हैं। निविदा पात्रता हेतु एस0बी0डी0डी0 ठेकेदारों को आई0टी0बी0 के प्रस्तर 4 में अंकित पात्रता मानक को ध्यान में रखने की सलाह दी जाती है।

क्र. सं.	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में) जी0एस0टी0 सहित	धरोहर धनराशि (रु0 लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (जीएसटी सहित)	कार्य पूर्ण करने की तिथि	अधिशासी अभियन्ता का पता	अधीक्षण अभियन्ता का पता	जिलाधिकारी का पता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
		डॉ बी0आर0 अम्बेडकर विकास योजना के 50 कार्य (2026-27)							
01	जौनपुर	विकास खण्ड मड़ियाहूँ ग्राम पंचायत कैलावर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	9.98	0.49900	225+50 0+131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
02	जौनपुर	विकास खण्ड मड़ियाहूँ ग्राम पंचायत ऊँचनीकला में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	9.98	0.49900	225+50 0+131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
03	जौनपुर	विकास खण्ड रामनगर ग्राम पंचायत औंरा में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	9.99	0.49950	225+50 0+131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
04	जौनपुर	विकास खण्ड रामनगर ग्राम पंचायत राजापुर न0-2 में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	9.98	0.49900	225+50 0+131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
05	जौनपुर	विकास खण्ड रामपुर ग्राम पंचायत बनीडीह में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	9.97	0.49850	225+50 0+131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
06	जौनपुर	विकास खण्ड रामपुर ग्राम पंचायत कोटीगाँव में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	9.98	0.49900	225+50 0+131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
07	जौनपुर	विकास खण्ड रामपुर ग्राम पंचायत ठाठर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	9.98	0.49900	225+50 0+131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
08	जौनपुर	विकास खण्ड रामपुर ग्राम पंचायत सैदीपुर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	9.99	0.49950	225+50 0+131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
09	जौनपुर	विकास खण्ड खुटहन ग्राम पंचायत बनहरा में महात्मा बुद्ध, डा0 अम्बेडकर व सन्त रविदास प्रतिमा का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	10.00	0.50000	225+50 0+131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
10	जौनपुर	विकास खण्ड खुटहन ग्राम पचायत पट्टीनरेन्द्रपुर में चन्द्रशेखर आजाद प्रतिमा का सौन्दर्यीकरण कार्य।	3.72	0.18600	150+50 0+117 = 767	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
11	जौनपुर	विकास खण्ड शाहगंज ग्राम पंचायत अरंद महाराज सुहेलदेव प्रतिमा का सौन्दर्यीकरण कार्य।	8.58	0.42900	225+50 0+131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
12	जौनपुर	विकास खण्ड शाहगंज ग्राम सभा सबरहद(उत्तरी बस्ती) में महात्मा बुद्ध व संत रविदास प्रतिमा का सौन्दर्यीकरण कार्य।	9.98	0.49900	225+50 0+131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
13	जौनपुर	विकास खण्ड शाहगंज ग्राम पंचायत सबरहद में महाराज सुहेलदेव प्रतिमा का सौन्दर्यीकरण कार्य।	6.75	0.33750	225+50 0+131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
14	जौनपुर	विकास खण्ड खुटहन ग्राम पंचायत पिलकिछा में निषादराज गुहाराज प्रतिमा का सौन्दर्यीकरण कार्य।	9.99	0.49950	225+50 0+131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
15	जौनपुर	विकास खण्ड खुटहन ग्राम पंचायत शेरपुर पथरा में निषादराज गुहाराज प्रतिमा का सौन्दर्यीकरण कार्य।	9.93	0.49650	225+50 0+131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
16	जौनपुर	विकास खण्ड सुईथाकला ग्राम पंचायत बुद्धपुर में निषादराज गुहाराज प्रतिमा का सौन्दर्यीकरण कार्य।	9.43	0.47150	225+50 0+131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
17	जौनपुर	विकास खण्ड महराजगंज ग्राम पंचायत मीरापुर केवल में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	6.42	0.32100	225+50 0+131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
18	जौनपुर	विकास खण्ड महराजगंज ग्राम पंचायत लमहन में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	9.99	0.49950	225+50 0+131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
19	जौनपुर	विकास खण्ड महराजगंज ग्राम पंचायत ढेमा (खलारी) में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	6.66	0.33300	225+50 0+131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
20	जौनपुर	विकास खण्ड महराजगंज ग्राम पंचायत अनापुर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	9.75	0.48750	225+50 0+131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
21	जौनपुर	विकास खण्ड महराजगंज ग्राम पंचायत बरहुपुर (बड़यापार) में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	9.86	0.49300	225+50 0+131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
22	जौनपुर	विकास खण्ड बदलापुर ग्राम पंचायत हरखपुर (बसहराकला) में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	7.96	0.39800	225+50 0+131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
23	जौनपुर	विकास खण्ड महराजगंज ग्राम पंचायत रामनगर उपधान में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	9.99	0.49950	225+50 0+131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
24	जौनपुर	विकास खण्ड बदलापुर ग्राम पंचायत नीदुरपुर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	10.00	0.50000	225+50 0+131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
25	जौनपुर	विकास खण्ड बदलापुर ग्राम पंचायत रामपुर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	10.00	0.50000	225+50 0+131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
26	जौनपुर	विकास खण्ड करंजाकला ग्राम पंचायत औरही में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	10.00	0.50000	225+50 0+131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
27	जौनपुर	विकास खण्ड करंजाकला ग्राम पंचायत लाडलेपुर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	10.00	0.50000	225+50 0+131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
28	जौनपुर	विकास खण्ड करंजाकला ग्राम पंचायत देवकली में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	9.85	0.49250	225+50 0+131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
29	जौनपुर	विकास खण्ड शाहगंज ग्राम पंचायत युनूसपुर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	9.41	0.47050	225+50 0+131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
30	जौनपुर	विकास खण्ड शाहगंज ग्राम पंचायत अब्बोपुर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	10.00	0.50000	225+50 0+131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
31	जौनपुर	विकास खण्ड शाहगंज ग्राम पंचायत राजेपुर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	5.59	0.27950	225+50 0+131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
32	जौनपुर	विकास खण्ड शाहगंज ग्राम पंचायत केशरपुर अदई में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	9.99	0.49950	225+50 0+131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
33	जौनपुर	विकास खण्ड शाहगंज ग्राम पंचायत शाहापुर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	9.98	0.49900	225+50 0+131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
34	जौनपुर	विकास खण्ड शाहगंज ग्राम पंचायत मवई में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	10.00	0.50000	225+50 0+131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
35	जौनपुर	विकास खण्ड खुटहन ग्राम पंचायत महमदपुर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.49	0.42450	225+50 0+131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
36	जौनपुर	विकास खण्ड सुजानगंज ग्राम पंचायत शान्तिपुरम/शान्तिनगर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	9.96	0.49800	225+50 0+131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
37	जौनपुर	विकास खण्ड सुजानगंज ग्राम पंचायत अचकारी में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	9.99	0.49950	225+50 0+131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
38	जौनपुर	विकास खण्ड सुजानगंज ग्राम पंचायत बेरगॉव में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	9.93	0.49650	225+50 0+131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
39	जौनपुर	विकास खण्ड सुजानगंज ग्राम पंचायत बरहटा में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	10.00	0.50000	225+50 0+131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
40	जौनपुर	विकास खण्ड मुंगराबादशाहपुर ग्राम पंचायत पवांरा में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	10.00	0.50000	225+50 0+131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
41	जौनपुर	विकास खण्ड धर्मापुर ग्राम पंचायत कादीपुर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	10.00	0.50000	225+50 0+131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
42	जौनपुर	विकास खण्ड धर्मापुर ग्राम पंचायत बिथार में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	10.00	0.50000	225+50 0+131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
43	जौनपुर	विकास खण्ड धर्मापुर ग्राम पंचायत पिलखिनी में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	9.99	0.49950	225+50 0+131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
44	जौनपुर	विकास खण्ड धर्मापुर ग्राम पंचायत कबरूद्दीनपुर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	10.00	0.50000	225+50 0+131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
45	जौनपुर	विकास खण्ड धर्मापुर ग्राम पंचायत पचेवरा में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	10.00	0.50000	225+50 0+131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
46	जौनपुर	विकास खण्ड धर्मापुर ग्राम पंचायत वार्ड न0 1 चोरसण्ड दक्षिणी में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	9.98	0.49900	225+50 0+131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
47	जौनपुर	विकास खण्ड सिरकोनी ग्राम पंचायत सादीपुर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	9.97	0.49850	225+50 0+131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
48	जौनपुर	विकास खण्ड जलालपुर ग्राम पंचायत हरीपुर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	9.99	0.49950	225+50 0+131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
49	जौनपुर	विकास खण्ड जलालपुर ग्राम पंचायत सोयरी में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	9.98	0.49900	225+50 0+131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
50	जौनपुर	विकास खण्ड जलालपुर ग्राम पंचायत लहंगपुर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	9.99	0.49950	225+50 0+131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर

51 प्रत्येक कार्य को पूर्ण करने की समयावधि वर्षा ऋतु को शामिल करते हुए कालम सं0 5 में वर्णित है।

52 निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि से 90 दिवस होगी। एक बार प्रस्तुत की गयी निविदा वापस नहीं ली जा सकती।

53 कार्य से सम्बन्धित निविदा प्रपत्र (Bidding documents) सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता, के कार्यालय के कार्यालय से जैसा कि कालम 8 में पता अंकित है से किसी भी कार्यदिवस में दिनांक 15.10.2026 से 23.10.2026 तक पूर्वान्ह 11:00 बजे से मध्यान्ह 4:00 बजे के मध्य (अवकाश दिवस को छोड़कर) कालम संख्या 5 में अंकित धनराशि के अनुसार नकद या किसी भी शिड्यूल कामर्शियल बैंक का बैंक ड्राफ्ट, जो अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड–जौनपुर के पक्ष में जौनपुर में, भुगतान हेतु देकर प्राप्त किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र वेबसाइट से डाउनलोड की अवस्था में ड्राइंग सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता कार्यालय से जैसा कि कालम सं0 8 में दर्शाया गया है, से सम्बन्धित कार्य हेतु प्राप्त की जा सकती है।

54 निविदायें अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड–जौनपुर के कार्यालय, जौनपुर के कार्यालय जिनका पता कालम सं0 8 में अंकित है, को दिनांक 24.10.2026 को 10:00 बजे पूर्वान्ह से दोपहर 12:00 बजे तक डाली जाएगी। निविदायें उसी कार्यदिवस अर्थात दिनांक 24.10.2026 को विकास भवन जौनपुर पंचम तल स्थित अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में समय दोपहर 02:00 बजे से उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्राप्ति अथवा खोलने की तिथि पर यदि कार्यालय बन्द रहता है तो निविदायें अगले कार्यकारी दिवस में निर्धारित समय व स्थान पर प्राप्त व खोली जावेंगी तथा निविदा की वैधता मूल तिथि से मानी जाएगी। शेष शर्तें पूर्ववत रहेंगी, जो टी-1 के साथ संलग्न रहेगा।

55. अधोहस्ताक्षरी के पास **बिना कारण** बताये एक/किसी/समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

Email: eeredjaunpur@gmailcom
Mob 9801208240

उ.प्र.:- 258101
दिनांक:- 13.10.2026

(नीरज कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–जौनपुर
(महामहिम राज्यपाल उ.प्र. की तरफ से)

वेबसाईट:- **www.upgov.nic.in** पर उपलब्ध है।

कार्यालय सहायक अभियन्ता, तृतीय
मीरजापुर नहर प्रखण्ड, मीरजापुर

अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या-04/सहा0अभि0-तृतीय/2026-27

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से इस उपखण्ड के प्रशासनिक नियंत्रण में आने वाले जनपद–सोनभद्र/मीरजापुर के नहर प्रणाली एवं उससे निकलने वाले राजवाहा/माइनरों के सिल्ट सफाई का कार्य रबी फसली वर्ष 1434, वित्तीय वर्ष 2026–27 में कराये जाने हेतु नीचे अंकित लाट सं0–01 से लाट सं0–40 तक के कार्यों के लिए मुहरबन्द निविदायें वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 30.10.2026 को अपराह्न 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है निविदा उसी दिन दिनांक 30.10.2026 को अपराह्न 03.00 बजे सहायक अभियन्ता–तृतीय, मीरजापुर नहर प्रखण्ड, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र के स्थित कार्यालय में उनके समक्ष अथवा उनके द्वारा नामित प्राधिकारी एवं निविदा समिति के सदस्यों द्वारा उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 22.10.2026 से दिनांक 29.10.2026 तक पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 02.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में निर्धारित मूल्य देकर प्राप्त की जा सकती है। निविदा बिक्री हेतु निम्न शर्तों के अधीन उपलब्ध रहेगी। 1–पंजीकरण, 2–जिलाधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण–पत्र (आई0डी0टी0–1), 3–हैसियत प्रमाण पत्र (आई0डी0टी0–2) की मूल प्रतियां प्रस्तुत की जायेंगी तथा उनकी सत्यापित छायाप्रतियाँ भी ठेकेदार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि को ठेकेदार द्वारा प्रदत्त अधिकार पत्र जिसमें प्रतिनिधि का हस्ताक्षर प्रमाणित किया हुआ हो, भी जमा करने के पश्चात् निर्धारित मूल्य देकर प्राप्त किया जा सकता है।

धरोहर धनराशि तथा परफार्मेंस सिक्योरिटी एन0एस0सी0 अथवा एफ0डी0आर0 के रूप में जो कि सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता मीरजापुर नहर प्रखण्ड, मीरजापुर के पक्ष में बंधक होगी, जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित मात्रा	धरोहर धनराशि (रू. में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. में समस्त कर सहित	ठेकेदार की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7
1.	जनपद–सोनभद्र में सरंगा माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 4.000 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य।	बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार	11300.00	20 दिवस	रू. 75.00 +18%GST	सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी
2.	जनपद–सोनभद्र में सिरसिया माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 4.735 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य।	बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार	11200.00	20 दिवस	रू. 75.00 +18%GST	सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी
3.	जनपद–सोनभद्र में करकोली माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 4.200 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य।	बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार	12000.00	20 दिवस	रू. 75.00 +18%GST	सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी
4.	जनपद–सोनभद्र में डोगिया फीडर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 3.200 तक जंगल सफाई, बेहया को जड़ से उखाड़ने एवं स्कैपिंग का कार्य।	बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार	14100.00	20 दिवस	रू. 75.00 +18%GST	सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी
5.	जनपद–सोनभद्र में खैरपुर माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 4.200 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य।	बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार	10200.00	20 दिवस	रू. 75.00 +18%GST	सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी
6.	जनपद सोनभद्र में करमा माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.800 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य।	बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार	5900.00	20 दिवस	रू. 50.00 +18%GST	सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी
7.	जनपद–सोनभद्र में जड़ेरूआ माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.400 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य।	बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार	5800.00	20 दिवस	रू. 50.00 +18%GST	सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी
8.	जनपद–सोनभद्र में पगिया माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 4.600 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य।	बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार	13100.00	20 दिवस	रू. 75.00 +18%GST	सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी
9.	जनपद–सोनभद्र में विसुनपुर माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.400 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य।	बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार	4800.00	20 दिवस	रू. 50.00 +18%GST	सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी
10.	जनपद सोनभद्र में हर्दया माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.400 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य।	बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार	4500.00	20 दिवस	रू. 50.00 +18%GST	सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी
11.	जनपद–सोनभद्र में सरौली माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 3.520 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य।	बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार	9200.00	20 दिवस	रू. 50.00 +18%GST	सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी
12.	जनपद–सोनभद्र में वट माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 1.610 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य।	बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार	3400.00	20 दिवस	रू. 50.00 +18%GST	सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी
13.	जनपद–सोनभद्र में कुतलुपुर माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 1.810 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य।	बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार	3400.00	20 दिवस	रू. 50.00 +18%GST	सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी
14.	जनपद–सोनभद्र में गौरही माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 3.300 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य।	बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार	9000.00	20 दिवस	रू. 50.00 +18%GST	सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी
15.	जनपद–सोनभद्र में परही माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 1.180 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य।	बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार	3400.00	20 दिवस	रू. 50.00 +18%GST	सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी
16.	जनपद–सोनभद्र में लोहरा माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 1.180 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य।	बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार	3400.00	20 दिवस	रू. 50.00 +18%GST	सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी
17.	जनपद–सोनभद्र में मुबारकपुर माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.200 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य।	बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार	4200.00	20 दिवस	रू. 50.00 +18%GST	सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी
18.	जनपद–सोनभद्र में कम्हारडीह माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 1.200 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य।	बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार	2500.00	20 दिवस	रू. 50.00 +18%GST	सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी
19.	जनपद–सोनभद्र में करकी माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 3.470 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य।	बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार	9500.00	20 दिवस	रू. 50.00 +18%GST	सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी
20.	जनपद–सोनभद्र में महुआरी माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.200 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य।	बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार	6000.00	20 दिवस	रू. 50.00 +18%GST	सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी
21.	जनपद–सोनभद्र में तिनताली माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 4.880 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य।	बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार	9700.00	20 दिवस	रू. 50.00 +18%GST	सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी
22.	जनपद–सोनभद्र में बहुअरा माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.930 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य।	बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार	5600.00	20 दिवस	रू. 50.00 +18%GST	सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी
23.	जनपद–सोनभद्र में हिनौता माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 5.850 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य।	बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार	16000.00	20 दिवस	रू. 75.00 +18%GST	सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी
24.	जनपद–सोनभद्र में अगोखर माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 4.720 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य।	बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार	12900.00	20 दिवस	रू. 75.00 +18%GST	सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी
25.	जनपद–सोनभद्र में धोबा माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.240 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य।	बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार	4200.00	20 दिवस	रू. 50.00 +18%GST	सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी
26.	जनपद–सोनभद्र में बिमौरी माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.200 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य।	बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार	3800.00	20 दिवस	रू. 50.00 +18%GST	सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी
27.	जनपद–सोनभद्र में तिलौली माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 3.675 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य।	बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार	10000.00	20 दिवस	रू. 75.00 +18%GST	सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी
28.	जनपद–सोनभद्र में बागपोखर माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.300 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य।	बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार	4600.00	20 दिवस	रू. 50.00 +18%GST	सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी
29.	जनपद–सोनभद्र में मगरदहा माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 7.100 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य।	बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार	16600.00	20 दिवस	रू. 75.00 +18%GST	सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी
30.	जनपद सोनभद्र में बिसहार माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 1.380 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य।	बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार	2600.00	20 दिवस	रू. 50.00 +18%GST	सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी
31.	जनपद सोनभद्र में मुंगेहरी माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.400 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य।	बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार	4500.00	20 दिवस	रू. 50.00 +18%GST	सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी
32.	जनपद–सोनभद्र में बिसरेखी माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 5.245 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य।	बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार	14300.00	20 दिवस	रू. 75.00 +18%GST	सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी
33.	जनपद–सोनभद्र में दीवा माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.700 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य।	बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार	7400.00	20 दिवस	रू. 50.00 +18%GST	सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी
34.	जनपद–सोनभद्र में भरौली माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 1.700 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य।	बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार	3200.00	20 दिवस	रू. 50.00 +18%GST	सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी
35.	जनपद सोनभद्र में लक्ष्मणपुर माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 3.025 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य।	बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार	5800.00	20 दिवस	रू. 50.00 +18%GST	सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी
36.	जनपद–मीरजापुर में टिकुरिया माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.800 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य।	बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार	5400.00	20 दिवस	रू. 50.00 +18%GST	सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी
37.	जनपद–मीरजापुर में हंसावासी माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.000 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य।	बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार	4000.00	20 दिवस	रू. 50.00 +18%GST	सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी
38.	जनपद–मीरजापुर में खटखरिया माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 3.200 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य।	बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार	8800.00	20 दिवस	रू. 50.00 +18%GST	सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी
39.	जनपद–मीरजापुर में रामपुर माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 1.600 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य।	बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार	3000.00	20 दिवस	रू. 50.00 +18%GST	सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी
40.	जनपद–मीरजापुर में भीटी माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 4.450 तक जंगल सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य।	बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार	12200.00	20 दिवस	रू. 75.00 +18%GST	सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी

नोट– : जी0एस0टी0 का भुगतान नियमानुसार किया जायेगा।

यह निविदा सूचना उ0प्र0 सरकार सिंचाई विभाग के बेबसाइड (http://irrigation.up.nic.in) पर उपलब्ध है। नियम व शर्तें सिंचाई विभाग के बेबसाइड पर देखी जा सकती है। यह निविदा बजट आवंटन की प्रत्याशा में निकाली जा रही है।

उ.प्र.:- 258116
दिनांक–13.10.2026

(दिलीप कुमार)
सहायक अभियन्ता–तृतीय
मीरजापुर नहर प्रखण्ड
मीरजापुर

वेबसाईट:- **www.upgov.nic.in** पर उपलब्ध है।

शारदीय नवरात्र : भक्तिभाव से पूजी गयीं मां कुष्मांडा

चौथे दिन मंदिरों में गूंजा घंटा घड़ियाल, दर्शन-पूजन के लिए सुबह से ही कतारबद्ध रहे श्रद्धालु

जौनपुर। शारदीय नवरात्र के चौथे दिन बुधवार को देवी कुष्मांडा की श्रद्धा के साथ आराधना की गई। सुबह से ही मंदिरों में घंटा घड़ियाल गूंजने लगे। हवन-पूजन के बाद पंडालों में पूजन का दौर जारी रहा। शीतला चौकिया धाम और मैहर मंदिर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मत्था टेका। दर्शन पूजन के लिए सुबह से ही लोग कतारबद्ध होने लगे थे। चारों ओर माता के जयकारे गूंजते रहे। आदि शक्ति के दर्शन के लिए देवी मंदिरों में भक्तों का हुजूम उमड़ा। नवरात्र भगवती दुर्गा की आराधना का सर्वोत्तम पवित्र अवसर होती है। नौ दिन मां भगवती के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा की जाती है। श्रद्धालु भगवती के रूप को पूजकर कृतार्थ होते हैं। गुरुवार को

नवरात्र के चौथे दिन श्रद्धालुओं ने अपने परिवार वालों के साथ देवी कूष्मांडा की पूजा की गई। दुर्गा सप्तशती और दुर्गा चालीसा का पाठ किया गया। भोर से ही शहर के देवी मंदिरों में शीतला चौकिया धाम, मैहर देवी, विसर्जन घाट स्थित नवदुर्गा मंदिर, सिटी स्टेशन स्थित काली मां मंदिर में दिनभर पूजन-अर्चन का सिलसिला जारी रहा। शाम होते ही पूजा पंडालों में पुरोहितों ने हवन-पूजन के बाद देवी प्रतिमाओं के पट खोल दिए। इसके साथ ही देवी के जयकारे गूंज उठा। शहर में दुर्गा पूजा समितियों द्वारा पंडालों में दुर्गा का भव्य व आकर्षण प्रतिमा स्थापित की गई है। सभी समिति समेत नगर मां के जयकारो से देर रात तक गूंज रहा है।

मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं-बच्चियों को बताये सुरक्षा के उपाय

बरसठी। मिशन शक्ति फेज-6.0 के तहत बरसठी पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश यादव के नेतृत्व में एंटी रोमियो और मिशन शक्ति टीम ने बुधवार को क्षेत्र के रायपुर गांव स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में जागरूकता अभियान चलाया। टीम ने महिलाओं और बच्चियों को सुरक्षा, अधिकारों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी,टीम ने पुलिस सहायता 112, वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102 व 108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 और साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी दी। साथ ही विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, सुकन्या समृद्धि, प्रधानमंत्री आवास और मातृ वंदना योजना के बारे में बताया। उत्पीड़न की स्थिति में तत्काल पुलिस सहायता लेने और नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया।

बयालसी इंटर कालेज में निर्माण कार्यों का भूमि-पूजन

जलालपुर। बयालसी इंटर कॉलेज, जलालपुर में बुधवार को प्रोजेक्ट अलंकार योजना के अंतर्गत मल्टीपरपज हॉल, पुस्तकालय एवं दो अतिरिक्त शिक्षण कक्षों के निर्माण के लिए विधिवत पूजा-पाठ के साथ भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय के प्रबंधक श्री देवानन्द सिंह एवं प्रधानाचार्य डॉ. शैलेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ। उत्तर प्रदेश शासन की इस योजना के तहत माध्यमिक विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए अनुदान दिया जाता है। स्वीकृत निर्माण कार्यों में 75 प्रतिशत धनराशि शासन तथा 25 प्रतिशत विद्यालय प्रबंध तंत्र द्वारा वहन की जाएगी। प्रबंधक देवानन्द सिंह ने बताया कि विद्यालय प्रबंधन ने अपने निजी स्रोतों से 25 प्रतिशत धनराशि की व्यवस्था कर शासन से शेष 75 प्रतिशत अनुदान प्राप्त करने में सफलता हासिल की है। उन्होंने इसके लिए विद्यालय परिवार एवं क्षेत्र के अभिभावकों के प्रति

आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय में लगभग 3000 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। विद्यार्थियों की संख्या अधिक होने के कारण अतिरिक्त शिक्षण कक्षों की आवश्यकता थी। वहीं, विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के लिए मल्टीपरपज हॉल और विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए, पुस्तकालय की भी जरूरत महसूस की जा रही थी। प्रधानाचार्य डॉ. शैलेन्द्र कुमार सिंह ने सभी सहयोगियों एवं उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अनिल कुमार शर्मा, कृष्ण पाल सिंह, विनय कुमार सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, चंद्रमणि यादव, सत्यप्रकाश सिंह, मिथिलेश, गौरवप्रदीप सिन्हा, सत्यनारायण पटेल, नीलू विश्वकर्मा, सिंधु यादव, पाल सरिता, संतोष सोनकर, कमल नयन यादव सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

एक नज़र इधर भी

फर्जी अधिवक्ताओं को चिह्नित करने के लिए चला अभियान

अभियान के पहले दिन १२ फर्जी अधिवक्ता चिन्हित

मछलीशहर। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जितेंद्र श्रीवास्तव, महामंत्री ने बुधवार को तहसील परिसर में फर्जी अधिवक्ताओं को चिह्नित करने के लिए अभियान चलाया। अभियान के पहले दिन 12 फर्जी अधिवक्ताओं को चिह्नित किया गया और उनको अल्टीमेटम दिया गया। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष और महामंत्री आलोक कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि काफी दिनों से शिकायत मिल रही थी कि तहसील परिसर में कई दर्जन अधिवक्ता काली कोट पहनकर जनता एवं वादकारियों को गुमराह कर रहे हैं और अवैध वसूली कर रहे हैं। जबकि इनके पास न तो कोई डिग्री है न ही तहसील में पंजीकृत ही हैं। ऐसे अधिवक्ताओं को अल्टीमेटम दिया कि अविलंब परिसर छोड़ दें और भोली भाली जनता को गुमराह न करें। यह अभियान अनवरत जारी रहेगा और फर्जी अधिवक्ताओं के खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज कराई जाएगी।

लड़की के भगाने का आरोप, युवक के खिलाफ मुकदमा

मछलीशहर। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के एक पिता ने पड़ोसी गाँव के एक युवक पर अपनी पुत्री भगाने का आरोप लगाया है। कोतवाली पुलिस युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी अनुसार मछलीशहर जंघई मार्ग पर एक गाँव निवासी पिता ने आरोप लगाया कि उनकी पुत्री मछलीशहर में एक पार्लर में रोज ब्यूटिशियन का कोर्स सीखने जाती थी। 3 अक्टूबर को भी वह रोज की भाँति वह कोर्स सीखने गई थी। वापस लौटी तो उसने बताया कि मेरे बगल गांव बंधवा थाना मीरगंज निवासी अदनान शेख पुत्र मुस्लम शेख उसके साथ बत्तमीजी और गाली गलौज दिया था। दूसरे दिन मेरी बेटी कोर्स सीखने गई। वापस नहीं लौटी मैने पार्लर में फोन किया तो बताया गया कि वहां से निकल चुकी थी। मैने तब उसकी काफी खोजबीन की किंतु कही कुछ पता नहीं चला। जिस दिन से मेरी बेटी गायब है, उसी दिन से अदनान भी गायब है। उसका मोबाइल बंद आ रहा है। मुझे लगता है अदनान मेरी बेटी के साथ कोई अनहोनी न कर दे। मामले बाबत प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार सिंह ने बताया कि पिता की तहरीर पर आरोपित युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर खोजबीन की जा रही है।

दुर्गा पूजा महासमिति के नियंत्रण कक्ष का उद्घाटन आज

केराकत। श्री दुर्गा पूजा महासमिति के नियंत्रण कक्ष का उद्घाटन आज गुरुवार को एस डी एम अखिलेश कुमार सिंह करेंगे, उक्त जानकारी देते हुए महा समिति के अध्यक्ष अनिल सोनकर गांगुली एडवोकेट ने बताया कि इस वर्ष नियंत्रण कक्ष का स्थान बदल दिया गया है। नया स्थान तहसीलदार आवास प्रांगण में स्थित श्री दुर्गा जी मंदिर है। आपके अनुसार कक्ष का उद्घाटन मुख्य अतिथि एसडीएम अखिलेश कुमार सिंह करेंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि पुलिस उपाधीक्षक गिरेंद्र सिंह व अध्यक्ष नगर पंचायत ज्योति कृष्णा जयसवाल होंगे।

दो महिलाओं के खिलाफ मुकदमा

पवांरा। पुरानी रंजिश को लेकर वृद्ध महिला को मारने-पीटने पर पुलिस ने दो महिलाओं के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया है। थानाक्षेत्र के कुड़रिया गांव निवासी चनरा देवी पत्नी रामचन्द्र पटेल ने थाने पर लिखित तहरीर दिया कि बुधवार की सुबह करीब सात बजे पुरानी रंजिश को लेकर जानकी देवी व निर्मला देवी ने उसको भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए लात-घूंसों से मारेपीटे तथा जान से मारने की धमकी दिये। मारने-पीटने से उसको ज्यादा चोटे आयी हैं। इस प्रकरण में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि पीड़िता का मेडिकल कराकर एवं उसकी तहरीर के आधार पर दो महिलाओं के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया गया है और आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

दुर्गा पूजा पंडालों में अजय शंकर दुबे का तूफानी दौरा

मुंगराबादशाहपुर। शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर मुंगराबादशाहपुर क्षेत्र में आस्था और जनसंपर्क का सिलसिला तेजी से चल रहा है। इसी क्रम में

भाजपा के भाजपा नेता अजय शंकर दुबे अज्जू ने क्षेत्र के विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों का तूफानी दौरा कर मां दुर्गा के दरबार में मत्था टेका और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। अजय शंकर दुबे अज्जू ने अपने इस दौरे के दौरान भीखपुर, पुरुऊपुर, पाण्डेयपुर, कोदहूँ, लौह, जंघई, बभनियाँव, असवा सेमरी, गोपालपुर, गोधना, मोलनापुर, करौर, रखौली सराय रुस्तम सहित दर्जनों गांवों का सघन दौरा किया। इन सभी स्थानों पर पहुंचकर उन्होंने मां दुर्गा के दर्शन किए और पूजा-अर्चना में हिस्सा लिया। दुर्गा पंडालों में पहुंचने पर स्थानीय समितियों और श्रेत्रवासियों द्वारा अजय शंकर दुबे का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने आमजन से मिलकर उनका हालचाल जाना और सभी को दुर्गा पूजा व आगामी पर्वों की शुभकामनाएं दीं। इस तूफानी दौरे से क्षेत्र के राजनीतिक और सामाजिक गलियारों में सरगर्मी काफी बढ़ गई है।

शिक्षक-स्नातक खंड चुनाव में सपा ने आलोक यादव को बनाया जौनपुर का प्रभारी

अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश नेतृत्व ने बनाया प्रभारी, पार्टी में हर्ष

खेतासराय। समाजवादी पार्टी ने शिक्षक-स्नातक खंड चुनाव को लेकर संगठन को सक्रिय करने की कवायद तेज कर दी है। इसी क्रम में खेतासराय क्षेत्र के जमदहा गांव निवासी सपा छात्र सभा के प्रदेश सचिव आलोक कुमार यादव को जौनपुर का प्रभारी बनाया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल और छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है। उनकी नियुक्ति से पार्टी कार्यकर्ताओं में हर्ष है। संगठन की ओर से जारी सूची में आलोक यादव को शिक्षक-स्नातक

खंड चुनाव के लिए, जौनपुर की जिम्मेदारी दी गई है। उनके सामने चुनाव से जुड़ी संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने और पार्टी के निर्देशों के अनुरूप कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय स्थापित करने की जिम्मेदारी होगी। नई जिम्मेदारी मिलने पर आलोक ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए कहा कि वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। इससे पहले पार्टी ने उन्हें वाराणसी में छात्र-नौजवान पीडीए जागरूकता अभियान के प्रभारी बनाया था। उनकी नियुक्ति पर सपा जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य, पूर्व विधायक अरशद खान, राष्ट्रीय प्रवक्ता अमीक जामई, वरिष्ठ नेता लालचंद यादव लाले, गजराज यादव और आरिफ हबीब ने खुशी जताई है।

महिलाओं के प्रति सुरक्षित, सम्मानजनक वातावरण बनाना सभी की जिम्मेदारी-वंशिका

मड़ियाहूं। बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जौनपुर विभाग के मछलीशहर ज़िला द्वारा संघ शताब्दी वर्ष से संदर्भित तेजशा युवती सम्मेलन का आयोजन क्षेत्र के जंगी सिंह गर्ल्स इंटर कॉलेज बेलवा मड़ियाहूं में आयोजित किया गया, जिसका शुभारंभ प्रांत प्रवासी के रूप में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य वंशिका शुक्ला, मुख्य अतिथि चित्रा सिंह, कार्यक्रम सयोंजक अनन्या मिश्रा, कॉलेज के संचालक देव नारायण पांडेय ने ज्ञान की देवी माँ सरस्वती एवं युवाओं के प्रेरणाश्रोत स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। युवतियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि चित्रा सिंह ने कहा कि आज का भारत अपने युवा शक्ति से नयी अपेक्षाएं रखता है और इस युवा शक्ति में युवतियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुख्य वक्ता वंशिका शुक्ला ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा कार्यकर्ताओं की भूमिका केवल कार्यक्रमों तक सीमित नहीं है, विद्यार्थी जीवन में नेतृत्व विकसित करना, सैक्षणिक विषयों पर संवाद करना सामाजिक समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहना और राष्ट्रहित के प्रश्नों पर विचार करना भी महत्वपूर्ण है। जब छात्राये किसी सैक्षणिक समस्याओं को उठाती है, तो वे अपने अधिकारों और ज़िम्मेदारियों के प्रति जागरूकता का परिचय देती है। जब वे सामाजिक कुरीतियो के विरुद्ध आवाज़ उठाती हैं तो वे समाज में सकारात्मक परिवर्तन की संभावना पैदा करती है। छोटे छोटे प्रयास भी बड़े बदलाव की शुरुआत कर सकते है। इसलिए सभी युवतियों को बढ़ चढ़ के आगे आना होगा और यह विकसित भारत बिना युवतियों के योगदान के संभव नहीं है। पंच परिवर्तन विषय पर संबोधित करते हुए पूर्व विभाग संगठन मंत्री डॉ. राजेश पांडेय ने कहा कि पंच परिवर्तन का उद्देश्य समाज और राष्ट्र में सकारात्मक बदलाव लाकर एक सशक्त, समरस एवं संस्कारवान भारत का निर्माण करना है। इसके पाँच प्रमुख आयाम हैं सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी का भाव और नागरिक कर्तव्य। सामाजिक समरसता से समाज में भेदभाव समाप्त कर समानता एवं भाईचारे को बढ़ावा देना, कुटुंब प्रबोधन से परिवार में संस्कार एवं संवाद को मजबूत करना, पर्यावरण संरक्षण के माध्यम से जल, जंगल, जमीन और जीवों की रक्षा करना, स्वदेशी के माध्यम से स्वदेशी वस्तुओं को अपनाना तथा नागरिक कर्तव्यों का पालन करना इसका मूल उद्देश्य है। इन पाँच आयामों को

जीवन में अपनाकर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। कॉलेज के संचालक ने सभी का धन्यवाद करते हुवे पुनः ऐसे कार्यक्रम करने का आग्रह किया उन्होंने कहा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विद्यार्थियों में संस्कार, राष्ट्रवाद की भावना उत्पन्न करने का कार्य कर रही है, जीवन में आत्मसंयम, समयबद्धता, मर्यादा और जिम्मेदारी का पालन करना। अनुशासन युवतियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, निर्णय लेने की योग्यता तथा लक्ष्य के प्रति समर्पण विकसित करता है। अनुशासित युवतियाँ अपने व्यक्तित्व को निखारकर समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम का संचालन अनन्या मिश्रा ने किया इस दौरान राजेश पाण्डेय, विभाग संगठन मंत्री अश्वनी कुमार सिंह, जिला संगठन मंत्री वैभव पाण्डेय, कन्हैया पाल, सृष्टि उपाध्याय, ऋचा आदि लोग उपस्थित रहे।

ड्रोन संचालन से जुड़े कानूनी प्रावधान पर चर्चा

सरायख्वाजा। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संस्थान के इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग द्वारा सी-डैक, नोएडा के सहयोग से

आयोजित पांच दिवसीय मानव रहित विमान प्रणाली एवं उसका उपयोग बूटकैंप का तीसरा दिन ज्ञानवर्धक एवं प्रायोगिक गतिविधियों से भरपूर रहा। बूटकैंप में विद्यार्थियों ने ड्रोन नियमन, सेंसर तकनीक, लिडार तकनीक तथा ड्रोन असेंबली का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने कार्यशाला स्थल का निरीक्षण किया और विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त किए जा रहे तकनीकी कौशल की सराहना की। बूटकैंप में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी और उत्साह देखकर उन्होंने आयोजक टीम को भी बधाई दी। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में सी-डैक, नोएडा की वैज्ञानिक-एफ डॉ. कल्पना जौहरी ने ड्रोन रूल्स एंड रेगुलेशंस पर विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने भारत में ड्रोन संचालन से जुड़े कानूनी प्रावधान, उड़ान सुरक्षा, पंजीकरण एवं जिम्मेदार दूसरे सत्र में सी-डैक के विद्यार्थियों को उद्योग की समकालीन आवश्यकताओं और ड्रोन तकनीक के व्यावहारिक उपयोगों से रूबरू कराया गया। प्रायोगिक सत्र में

पीयू में ड्रोन बूटकैंप का तीसरा दिन संपन्न

विद्यार्थियों ने स्वयं ड्रोन के विभिन्न घटकों को जोड़ना अर्थात असेंबल करना सीखा। इस अभ्यास ने उनके तकनीकी आत्मविश्वास, समस्या-समाधान कौशल और विज्ञान के प्रति रुचि को और मजबूत किया। इस आयोजन को सफल बनाने में इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग के शिक्षकों एवं सहयोगियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

महिला की पिटाई, तीन पर मुकदमा

मछलीशहर। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के जमुहर गांव निवासी सुशीला देवी ने आरोप लगाया कि मंगलवार शाम वह अपनी बैनामे की जमीन की साफ सफाई कर रही थीं, तभी पड़ोस की तीन महिलाओं ने गाली-गलौज कर मारपीट की। प्राप्त जानकारी अनुसार आरोप है कि सत्ता देवी, प्रमिला और दुलारी देवी ने फरुहा छीनकर बाल खींचकर मारा। बीच-बचाव करने आई देवरानी और चाची को भी डंडे से पीटा और जान से मारने की धमकी दी। महिला का कहना है कि घटना का वीडियो भी बनाया गया है। प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

पशु चिकित्सा शिविर में बीमार पशुओं का हुआ उपचार, दवाओं का वितरण

मुफ्तीगंज। स्थानीय ब्लॉक के घुरहूपुर गांव में कुमुदेश्वर नाथ तिवारी के बगीचे में बुधवार को सुबह पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार के नेतृत्व में पशु चिकित्सा टीम ने विपिन तिवारी के हाथों गौपूजन के बाद शिविर की शुरुआत की। इसमें बड़ी संख्या में पशुपालकों ने भाग लिया। शिविर में पशु चिकित्सा अधिकारी ने पशुपालकों को पशुओं के बीमा, लंपी रोग से बचाव के लिए टीकाकरण तथा मुख्यमंत्री सहभागिता पशुपालन से संबंधित योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने पशुओं की नियमित देखभाल करने, समय पर टीकाकरण कराने और बीमार होने पर तत्काल चिकित्सकीय परामर्श लेने की सलाह दी। शिविर के दौरान लगभग एक दर्जन पशुओं का बांझपन का इलाज, 17 बीमार पशुओं का उपचार और 11 पशुओं का बंध्याकरण किया गया। इसके साथ ही 15 पशुओं की गर्भ जांच की गई तथा कृमिनाशक दवा मिनरल मिक्चर कैल्शियम आदि दवाओं का वितरण किया गया। पशुपालकों को पशुओं को विभिन्न बीमारियों से सुरक्षित रखने के उपाय भी बताए गए। इस अवसर पर पशु चिकित्सा विभाग की ओर से जोगेश्वर प्रकाश, अनिल राय, महेंद्र यादव और लाल बहादुर तिवारी सहित जनार्दन प्रसाद तिवारी, रमेश तिवारी, बिलखावन मनिका यादव राम दुलार यादव और करिया समेत सैकड़ों पशुपालक उपस्थित रहे।

विवाहिता की हत्या कर फांसी पर लटकाने का आरोप

पति सास-ससुर, ननद, अन्य पर मुकदमा दर्ज

जफराबाद। क्षेत्र के हौज नवाबाद गांव में मंगलवार की देर रात को एक विवाहिता का शव फाँसी के फंदे पर लटकता मिला। मृतका के पिता ने दहेज के लिए ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा हत्या कर शव को फाँसी पर लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। क्षेत्र के ही कादीपुर गांव निवासी लक्ष्मी नारायण की पुत्री शशिबाला की शादी कुछ वर्ष पूर्व उक्त गांव निवासी दुर्गेश पुत्र राजपत के साथ हुई थी। लक्ष्मी नारायण ने आरोप लगाया कि शादी में उसने एक लाख नगद, सोने की चैन, अंगूठी सहित अन्य गृहस्थी

का सामान दहेज में दिया था। समय के साथ शशिबाला को एक पुत्र भी पैदा हुआ जो इस समय दो वर्ष का है। शादी के बाद से ही पति, सास ससुर व ननद आदि दहेज से संतुष्ट नहीं थे। वह लोग लगातार बुलेट मांग रहे थे। इसके साथ ही बुलेट न देने पर शशिबाला को जान से मार देने की धमकी दे रहे थे। उन्होंने कहा कि मंगलवार की रात को मुझे फोन कर करके मेरे समधी ने बताया कि शशिबाला ने आत्महत्या कर लिया है। घटना की जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया। मायके पक्ष के लोग शशिबाला के घर पहुंचे। वहां से पुलिस को जानकारी दी गयी। घटना की सूचना पर जलालपुर थानाप्रभारी सत्येंद्र विक्रम सिंह, एसआई सुजीत ओझा के साथ मय फोर्स मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पिता लक्ष्मी नारायण ने पुलिस को तहरीर दिया। थानाप्रभारी सत्येंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर शशिबाला के पति, सास-ससुर,ननद सहित कुछ रिश्तेदारों पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

श्री दुर्गा पूजा महासमिति के ४८वें नियंत्रण कक्ष का उद्घाटन

जौनपुर। जनपद की समस्त मां दुर्गा पूजन समितियों की एकीकृत संगठनात्मक शक्ति की केंद्रीय कमेटी श्री दुर्गा पूजा महासमिति जौनपुर के 48 वें नियंत्रण कक्ष का उद्घाटन समारोह 13 अक्टूबर 2026 मंगलवार को सायंकाल का 8:00 बजे से नगर के कोतवाली चौराहा हनुमान मंदिर के सामने आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर्चुनिटी अधिकारी अजय अम्बष्ट एवं विशिष्ट अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक नगर अनंत चंद्रशेखर व क्षेत्राधिकारी नगर सम्यक चौधरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। तदोपरांत माता दुर्गा जी के समक्ष पूजन- अर्चन व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। प्रारम्भ मे भजन गायक रविंद्र सिंह, गुलाब राही आदि ने सुन्दर भजन की प्रस्तुति किया। इस मौके पर महासमिति के अध्यक्ष मनीष देव मंगल द्वारा मंचासीन अतिथियों को माल्यार्पण कर व मां की चुनरी एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर निर्णायक मण्डल सदस्य देवेश गुप्ता, वंशिका सिंह, विष्णु सहाय, गायत्री जायसवाल, डॉ. योगेन्द्र प्रताप सिंह, सीमा चक्रवाल एवं प्रदीप सिंह को पद व गोपनीयता की शपथ मुख्य अतिथि सी. आर. ओ. अजय अम्बष्ट जी ने दिलाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासमिति के अध्यक्ष मनीष देव मंगल ने किया। कार्यक्रम में सभी का स्वागत व अभिनंदन महासचिव मनीष गुप्ता ने किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि श्री दुर्गा पूजा महासमिति के संघटनात्मक व्यवस्था व दुर्गा पूजा आयोजन मे महासमिति के महत्व का उल्लेख करते हुए पवित्र विसर्जन के लिए महासमिति के सुझाव पर सुन्दर, सुरक्षित व विसर्जन मे उत्कृष्ट व्यवस्था का आश्वासन दिया। इसी क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक महोदय ने पर्याप्त सुरक्षाबल उपलब्ध कराने एवं महासमिति के सुझाव पर यातायात नियंत्रण व सुरक्षा सुदृढ करने का आश्वासन कार्यक्रम मे दिया। कार्यक्रम मे अपने अध्यक्षीय उद्बोधन को देते हुए अध्यक्ष मनीष देव मंगल ने कहा अभी तक प्रशासन, नगर पालिका, बिजली विभाग, जल निगम, पी. डब्लू. डी. का अपेक्षित सहयोग मिला साथ ही साथ उन्होंन पूजन समितियों को आश्वस्त किया की किसी भी समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा आगे उन्होंने ने कहा की विजय दशमी के दिन पूरी भव्यता के साथ मां प्रतिमा विसर्जन शोभायात्रा के आयोजन के साथ शक्ति विसर्जन कुंड मे पूरी पवित्रता के विसर्जित किया जाएगा। सभा को संरक्षक इंद्रभान सिंह इन्दू, संतोष सिंह, पूर्व अध्यक्ष मोतीलाल यादव और अनिल अस्थाना के साथ आरिफ हबीब ने संबोधित किया। कार्यक्रम में 50 वर्ष पूर्ण कर चुकी पूजन समिति गीतांजली जौनपुर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका अन्य गणमान्य व्यक्ति के अतिरिक्त कलाकारों को भी सम्मानित किया गया। उक्त जानकारी महासमिति के मीडिया प्रभारी दीपक श्रीवास्तव द्वारा प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से दिया गया।

ज्वेलर्स एंड वस्त्रालय की दुकान का ताला तोड़ चोरी का प्रयास

धर्मापुर। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के धर्मापुर पोखर के पास बीती रात चोरों ने खुशी ज्वेलर्स एंड वस्त्रालय की दुकान का ताला तोड़कर चोरी करने का प्रयास किया। हालांकि, दुकान में रखे लॉकर को तोड़ने में चोर सफल नहीं हो सके। इसी दौरान गश्त कर रही पुलिस के हूटर की आवाज सुनकर चोर मौके से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, धर्मापुर गांव निवासी शिवधनी यादव की धर्मापुर पोखर के पास ज्वेलर्स एंड वस्त्रालय की दुकान है। बीती रात चोरों ने दुकान का ताला तोड़ दिया और अंदर घुसकर चोरी का प्रयास किया। बताया जाता है कि उसी समय पुलिस की गश्ती गाड़ी का हूटर सुनाई देने पर चोर भाग निकले। सुबह स्थानीय लोगों ने दुकान का ताला टूटा देखा तो इसकी सूचना दुकान स्वामी को दी। मौके पर पहुंचे शिवधनी यादव ने दुकान की जांच की। उन्होंने बताया कि चोर दुकान में रखे लॉकर को तोड़ नहीं पाए। हालांकि, उनके अनुसार दुकान से दो-चार साड़ियां गायब हैं। चोरों ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों को भी तोड़ दिया। घटना की सूचना गौराबादशाहपुर पुलिस को दे दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी।

योजनाओं का लाभ, विवादों का पंचायत स्तर पर हो समाधान-धनंजय

कलवारी में नवनिर्मित पंचायत भवन का किया लोकार्पण

सिकरारा। क्षेत्र के कलवारी गांव में नवनिर्मित ग्राम पंचायत भवन का लोकार्पण बुधवार को पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने, ग्रामीणों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान करने और पात्र लोगों तक सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने पंचायतों को गांव के विकास की मजबूत इकाई बताते हुए कहा कि सरकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन होने से ग्रामीण क्षेत्रों की तस्वीर बदल सकती है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद ने खंड विकास अधिकारी एवं संबंधित कर्मचारियों से कहा कि मुख्यमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, पेंशन योजना, शौचालय निर्माण और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाया जाए। ग्राम पंचायतें यदि अपनी जिम्मेदारियों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करें तो गांवों में विकास कार्यों को गति मिलने के साथ ही ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। उन्होंने पंचायत भवन को ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान, जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी और विकास कार्यों के बेहतर संचालन का महत्वपूर्ण केंद्र बनाने पर बल दिया। इसके साथ ही पंचायत स्तर पर उपलब्ध संसाधनों का समुचित उपयोग कर गांवों को विकास के मामले में आत्मनिर्भर बनाने की आवश्यकता जताई। लोकार्पण के बाद पूर्व सांसद ने पंचायत भवन परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान खंड विकास अधिकारी पवन कुमार प्रजापति, एडीओ पंचायत नवीन यादव, ग्रामप्रधान जवाहर लाल गौतम, सचिव अमरेंद्र सिंह, प्रदीपशंकर श्रीवास्तव और राजकुमार पांडेय ने पुष्पगुच्छ भेंटकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. रामचरित्र निषाद ने की, जबकि संचालन एडीओ कोऑपरेटिव ब्रह्मजीत सिंह ने किया। इस अवसर पर दीनानाथ सिंह, संजय उपाध्याय, नरसिंह गौतम, सभाजीत मिश्रा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

सेवा के रंग, राष्ट्र के संग कार्यक्रम में रंगोलियों से उभरी विकसित भारत की तस्वीर

राज्य मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ, रंगोलियों की सराहना की

जौनपुर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मंगलवार को तिलकधारी पीजी कॉलेज, जौनपुर में 'सेवा के रंग, राष्ट्र के संग' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चंद्र यादव ने फीता काटकर किया। इस दौरान उन्हें पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डिजिटल इंडिया, वंदे भारत, अंतरिक्ष में भारत और स्वस्थ भारत सहित विभिन्न विषयों पर आधारित आकर्षक रंगोलियां बनाई गईं। राज्यमंत्री ने रंगोलियों का अवलोकन करते हुए उनकी सराहना की। उन्होंने कहा कि रंगोलियों के माध्यम से भारत की विविधता में एकता, राष्ट्रीय एकजुटता और विकसित भारत की

परिकल्पना को सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया गया है। इनमें मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को दर्शाकर देश की प्रगति और समृद्धि का संदेश दिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के जन्मदिवस 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न जनसेवा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य जनभागीदारी के जरिए सेवा की भावना को मजबूत करना और राष्ट्र निर्माण में प्रत्येक नागरिक की भूमिका सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम का संचालन नुपुर श्रीवास्तव ने किया। इसी क्रम में जनपद के विभिन्न विकासखंडों में भी 'विकसित भारत-2047' की थीम पर रंगोली प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। मड़ियाहूं, बरसठी, रामपुर, खुटहन, मछलीशहर और रामनगर समेत अन्य विकासखंडों में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कृषि, महिला सशक्तीकरण और समृद्ध गांव जैसे विषयों पर आकर्षक रंगोलियां बनाई गईं।

विद्यालय निर्माण में खामियां देख भड़के डीएम, कार्यदायी संस्था को लगायी फटकार

चकिया। विकासखंड के गणेशपुर में निर्माणाधीन मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय के निर्माण कार्य में खामियां मिलने पर जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग ने कड़ी नाराजगी जताई। बुधवार को औचक निरीक्षण के दौरान उन्होंने भवन निर्माण की गुणवत्ता परखी और संबंधित अधिकारियों व कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय भवन की प्रगति, निर्माण में इस्तेमाल की जा रही सामग्री और निर्धारित मानकों की जांच की। उन्होंने मौके पर मौजूद सामग्री गुणवत्ता परीक्षण मशीन की कार्यप्रणाली का भी जायजा लिया। ईंट, सीमेंट और कंक्रीट सहित सभी निर्माण सामग्रियों का मानकों के अनुरूप उपयोग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जांच के दौरान विद्यालय के पिलर और अन्य ढांचागत कार्यों में कमियां सामने आने पर डीएम ने संबंधित अभियंताओं को तत्काल सुधार कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालय का निर्माण बच्चों की सुरक्षा और बेहतर शैक्षिक वातावरण से जुड़ा महत्वपूर्ण कार्य है। ऐसे में गुणवत्ता के साथ किसी भी स्तर पर समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को चिह्नित खामियों को दूर कर निर्धारित मानकों के अनुरूप निर्माण कार्य पूरा कराने को कहा। साथ ही चेतावनी दी कि भविष्य में गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागीय अधिकारी, कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि और अभियंता मौजूद रहे।

विद्यालय का निरीक्षण करते डीएम। छाया: आज

हाईवा की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

चकिया। कोतवाली क्षेत्र के उचेहरा गांव के पास बुधवार की शाम अनियंत्रित हाईवा ट्रक की चपेट में आने से 65 वर्षीय बुजुर्ग बाढ़ू की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद गांव में शोक का माहौल छा गया। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने चकिया-अहरौरा मार्ग पर चक्काजाम कर दिया, जिससे सड़क पर आवागमन प्रभावित हो गया। जानकारी के अनुसार, उचेहरा गांव निवासी बाढ़ू बुधवार की शाम अपने घर के बाहर गुमटी के पास कुर्सी पर बैठे थे। इसी दौरान एक हाईवा ट्रक अनियंत्रित होकर उनकी ओर बढ़ा और उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में बाढ़ू की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। बुजुर्ग की मौत की खबर मिलते ही ग्रामीणों ने चकिया-अहरौरा मार्ग पर जाम लगा दिया। सूचना मिलने पर उपजिलाधिकारी विकास मित्तल और सीओ अजीत चौहान मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत कराया, जिसके बाद चक्काजाम समाप्त हुआ। पुलिस ने घटना के संबंध में आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी।

लोहे की सीढ़ी से टकराकर मासूम की मौत

चकिया। कोतवाली क्षेत्र के सिकंदरपुर गांव में बुधवार दोपहर एक दर्दनाक हादसे में छह वर्षीय मासूम की मौत हो गई। घर की छत से नीचे उतरते समय लोहे की सीढ़ी की रेलिंग से टकराकर गिरने से बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया,वहीं पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सिकंदरपुर गांव निवासी जावेद हाशमी के तीन पुत्रों में सबसे छोटा मोहम्मद फैज बुधवार दोपहर घर की छत से नीचे उतर रहा था। इसी दौरान सीढ़ी पर लगी लोहे की रेलिंग से टकराने के बाद वह नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद परिजन आनन-फानन में उसे निजी साधन से जिला संयुक्त चिकित्सालय लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद बच्चे को मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत की खबर मिलते ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। पिता जावेद हाशमी और मां सहाना का रो-रोकर बुरा हाल है। घर के चिराग की असमय मौत से परिजनों का दुख देखकर हर किसी की आंखें नम हो गईं। घटना के बाद सिकंदरपुर गांव में मातम पसरा हुआ है।

महिला महाविद्यालय में धूमधाम से मना नवरात्रि, दशहरा समारोह

चंदौली। क्षेत्र के पचफेड़वा स्थित स्व. राम विलास सिंह शिक्षण संस्था महिला महाविद्यालय में बुधवार को नवरात्रि एवं दशहरा के उपलक्ष्य में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ छात्राओं द्वारा मां नवदुर्गा की आरती के साथ हुआ। इस दौरान पूरा परिसर भक्तिमय माहौल से सराबोर रहा। समारोह में महिला महाविद्यालय एवं लॉ कॉलेज की बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए, बीसीए, एमए, एमएससी, एमकॉम, एलएलबी और बीए-एलएलबी की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। छात्राओं ने नवरात्रि, दशहरा, मां दुर्गा की महिमा और डांडिया पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। उनकी प्रस्तुतियों पर परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर मुगलसराय की नगर पालिका अध्यक्ष सोनू किन्नर उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में सूर्या हॉस्पिटल, चंदौली के डॉ. गौतम त्रिपाठी एवं डॉ. यशी त्रिपाठी ने सहभागिता की। इस अवसर पर संस्था के प्रबंध निदेशक छत्रबली सिंह ट्रस्टी प्रीमियम सिंहए महाविद्यालय प्रशासक एवं प्राचार्य डॉण् वसुंधरा चरण, सचिव अशोक सिंह, प्रवक्तागण तथा बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रहीं। समारोह के माध्यम से छात्राओं ने भारतीय संस्कृति धार्मिक परंपराओं और नारी शक्ति के महत्व को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. वसुंधरा चरण ने सभी अतिथियों, शिक्षकों और छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया।

चाकू से युवक ने चाचा, मां को किया घायल

मुगलसराय। अलीनगर थाना क्षेत्र के धपरी गांव में बुधवार रात चाचा और भतीजे के बीच झगड़ा हो गया। इस दौरान भतीजे ने चाचा और अपनी मां पर हॉकी और चाकू से हमला कर दिया। आरोप है कि 22 साल के दीपक ने अपने 45 साल के चाचा सुनील कुमार पर पहले हॉकी से वार किया, फिर चाकू से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। बीच-बचाव करने आईं दीपक की मां चानी की कलाई पर भी उसने चाकू से वार किया। घटना के बाद दोनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। अलीनगर थाना प्रभारी गगन राज सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

नवरात्रि पर बिजली विभाग अलर्ट, दुर्गा पूजा समितियों को सुरक्षा के निर्देश

चंदौली। जनपद में नवरात्रि और दुर्गा पूजा के मद्देनजर बिजली विभाग अलर्ट हो गया है। त्यौहार के दौरान विद्युत संबंधी दुर्घटनाओं को रोकने और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विभाग ने दुर्गा पूजा समितियों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। अधिशासी अभियंता आशीष कुमार ने पूजा समितियों के पदाधिकारियों से पंडाल निर्माण से लेकर विद्युत झालर और लाइट लगाने तक सावधानी बरतने की अपील की। अधिशासी अभियंता ने कहा कि दुर्गा पूजा पंडाल बनाते समय बिजली के तारों की स्थिति का विशेष ध्यान रखा जाए। पंडाल का निर्माण इस तरह कराया जाए कि वह बिजली के तारों के संपर्क में न आए। इसके साथ ही झालर और सजावटी लाइट जलाने के लिए बिजली के तारों के साथ किसी प्रकार की छेड़छाड़ न की जाए। असुरक्षित तरीके से बिजली का कनेक्शन लेने से शॉर्ट सर्किट और करंट लगने जैसी घटनाओं का खतरा बना रहता है। उन्होंने पूजा समितियों से अपील की कि पंडालों में विद्युत व्यवस्था सुरक्षित तरीके से कराई जाए और किसी भी प्रकार की खराबी या खतरे की आशंका होने पर संबंधित बिजली कर्मचारियों को इसकी जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा पंडालों में दर्शन-पूजन के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में समितियों की जिम्मेदारी है कि वे श्रद्धालुओं और आम लोगों की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखें। बिजली विभाग ने सभी समितियों से नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित माहौल में नवरात्रि और दुर्गा पूजा संपन्न कराने में सहयोग करने की अपील की है।

संक्षिप्त

पुलिस ने अवैध खनन में शामिल ट्रैक्टर को मिट्टी सहित किया जब्त

सकलडीहा। पुलिस ने अवैध खनन में लगे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। यह कार्रवाई मंगलवार रात की गई। पुलिस के मुताबिक, ट्रैक्टर में करीब 150 फीट मिट्टी लदी थी, जो ओवरलोडेड थी। पुलिस ने बताया कि एक ठेकेदार कंपनी सड़क निर्माण से निकली मिट्टी को गैरकानूनी तरीके से बेच रही थी। यह मिट्टी स्टेट हाईवे के निर्माण से निकली थी। कंपनी पर आरोप है कि वह आधी रात में जेसीबी से खनन कर ट्रैक्टरों से मिट्टी की ढुलाई कर बाजार में बेच रही थी। थानाध्यक्ष भूपेंद्र कुमार निषाद गश्त कर रहे थे, तभी उन्होंने ट्रैक्टर को पकड़ा। चालक कोई सही कागजात नहीं दिखा पाया। इसके बाद पुलिस ने मिट्टी से लदे ट्रैक्टर को जब्त कर थाने ले आई। थानाध्यक्ष ने कहा कि अवैध खनन के खिलाफ लगातार एक्शन लिया जाएगा। इसमें शामिल लोगों पर कार्रवाई होगी और जेसीबी व अन्य ट्रैक्टरों को भी जब्त किया जाएगा।

पेंशनभोगी नवंबर-दिसंबर से पहले जमा करें जीवित प्रमाण-पत्र

चंदौली। वरिष्ठ कोषाधिकारी आलोक चंद्र ने जिले के सभी पेंशनरों और पारिवारिक पेंशनरों को नवंबर-दिसंबर से पहले जीवित प्रमाण-पत्र अपडेट कराने को कहा है। पेंशनभोगी अब घर बैठे वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें कोषागार आने की जरूरत नहीं है। नजदीकी पोस्ट ऑफिस, जन सुविधा केंद्र, साइबर कैफे या अपने मोबाइल /कंप्यूटर से भी डिजिटल प्रमाण-पत्र भेजा जा सकता है।

अस्मिता मुगलसराय ने दी नाना पाटेकर को श्रद्धांजलि

मुगलसराय। रंग कर्म को समर्पित जनपद की रंग संस्था अस्मिता सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था ने अभिनय जगत को रिक्त कर इस जहां से जाने वाले रंगमंच व फिल्म अभिनेता नाना पाटेकर को सुभाष पार्क मुगलसराय मे उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण,मोमबत्ती जलाते हुए दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी। तत्पश्चात संस्था के महा सचिव विजय कुमार गुप्ता ने कहा कि पाटेकर अभिनय के स्कूल थे सिर्फ उनको देख कर ही बहुत कुछ सिखा जा सकता है। स्क्रिप्ट राईटर सुनील चतुर्वेदी ने कहा कि जब नाना पाटेकर कारगील युद्ध मे अपनी जान की परवाह न करते हुए भी रणभुमी मे जाने को तैयार हुए। तब उनके दिल मे अभिनय के साथ साथ देश भक्ति का जज्बा भी दिखा। संस्था के सचिव व फिल्म कलाकार प्रमोद अग्रहरि ने कहा कि आंच फिल्म के दौरान वाराणसी मे पाटेकर सर से आत्मिक मुलाकात हुई थी। ईतना सरल स्वभाव और अभिनय की पराकाष्ठा को संजोने वाले ऐसे कलाकार पहले पर्दे पर कम ही मिलते है।श्रंद्धाजलि देने वालो मे फिल्म मेकअप मैन जमील सिद्दीकी, रंगकर्मी,अनवर सादात,निक्की गुप्ता,राजू पासवान,संजय शर्मा,राकेश अग्रवाल ,देवेश महाराज ,रमेश गुप्ता अमजद, रामदुलार विश्वकर्मा, अंजू चौहान,मधू सिंह,रहे।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत ४८ जोड़े बंधे

चंदौली। जनपद के विकास खंड-सदर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत भव्य सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुल 48 जोड़ों का विवाह पूरी भव्यता के साथ संपन्न कराया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय विधायक रमेश जायसवाल की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। आयोजित कार्यक्रम के दौरान परिणय सूत्र में बंधे सभी जोड़ों को शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार उपहार सामग्री का वितरण किया गया, जिससे नवदंपतियों के जीवन की एक नई शुरुआत सुगम हो सके। आयोजन में क्षेत्र के कई गणमान्य लोग और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। उनके साथ विकास खंड-सदर के ब्लॉक प्रमुख, जनपद स्तर से नामित नोडल अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, विकास खंड स्तरीय समस्त अधिकारी व कर्मचारी तथा समाज कल्याण विभाग के तमाम कर्मचारी मौजूद रहे।

चलती ट्रेन से गिरकर एक यात्री घायल

मुगलसराय। व्यास नगर में चलती ट्रेन से मोबाइल छीनने की कोशिश के दौरान एक यात्री नीचे गिरकर घायल हो गया। आरपीएफ व्यास नगर ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है,जबकि तीसरा आरोपी मोबाइल लेकर फरार हो गया। यह घटना मंगलवार रात पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन और व्यास नगर के बीच हुई। अभिषेक पाल नाम का यात्री ट्रेन दानापुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस के जनरल कोच में बक्सर से सिकंदराबाद जा रहा था। ट्रेन ब्लॉक हट बी के पास धीमी गति से गुजर रही थी, तभी वह दरवाजे के पास मोबाइल फोन लेकर खड़ा था। बदमाशों ने उसका मोबाइल छीनने का प्रयास किया, जिससे अभिषेक संतुलन खोकर चलती ट्रेन से नीचे गिर गया और घायल हो गया। सूचना मिलने पर आरपीएफ व्यास नगर की टीम ने तुरंत कार्रवाई की। आरपीएफ ने विक्की (निवासी मालीपुर, रोहतास, बिहार) और विक्रम (निवासी मोहम्मदाबाद, चकिया, चंदौली) को गिरफ्तार किया। दोनों खानाबदोश बताए गए हैं। घटना में शामिल तीसरा आरोपी मोबाइल लेकर भाग गया, जिसकी तलाश जारी है।

दुर्गा पूजा को लेकर सज रहे पंडाल

मुगलसराय। आगामी दुर्गापूजा त्योहार को लेकर नगर के विभिन्न क्षेत्रों में पंडाल तैयार किए जा रहे है। जिसमें हर वर्ष की भांति षष्ठी के दिन माँ दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कि जाएगी। इसके बाद तीन दिनों का मेला भी शुरू होगा। जहाँ लोग पूजा पंडाल में पहुँचकर माँ की आराधना कर आर्शिवाद प्राप्त करेंगे। वहीं बाहर मेले में लगे विभिन्न व्यंजनों का लुत्फ उठाएंगे। साथ ही बच्चें छोटे-बड़े झूलों का भी आनन्द उठाएंगे।

दुर्गा मंदिर में मां कूष्माण्डा की हुई पूजा-अर्चना

चंदौली। शारदीय नवरात्र के चौथे दिन बुधवार को अलीनगर स्थित मानस नगर कॉलोनी के दुर्गा मंदिर में मां दुर्गा के चौथे स्वरूप मां कूष्माण्डा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। भक्तों ने मां के दर्शन-पूजन कर परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और आरोग्य की कामना की। नवरात्र के चौथे दिन मंदिर परिसर में धार्मिक माहौल बना रहा। मंदिर में बटुकों द्वारा दुर्गा पाठ का आह्वान किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-पाठ से वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने मां कूष्माण्डा को फूल, माला और प्रसाद अर्पित कर अपनी श्रद्धा प्रकट की। भक्तों ने मां के चरणों में शीश झुकाकर परिवार और समाज के कल्याण की प्रार्थना की। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मां कूष्माण्डा को सृष्टि की आदिशक्ति माना जाता है। मान्यता है कि मां की आराधना करने से जीवन में सुख, शांति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। नवरात्र के दौरान मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा का विशेष महत्व है।

रामलीला में शूर्पणखा की नाक, खर-दूषण वध का किया गया मंचन

कमालपुर। ऐतिहासिक रामलीला में बीती रात रामलीला मैदान में रामलीला समिति के सौजन्य से नक्कटैया और खर-दूषण वध की लीला का अत्यंत मनोहारी व संदेश परक मंचन किया गया। लीला में श्रीराम के इशारे पर लक्ष्मण जी ने शूर्पणखा के नाक-कान कांट लिए। शूर्पणखा क्रोधित होकर बोली जिसने यह नाक-कान काटा है मैं उसका समूल नष्ट कर दूंगी। सूर्पणखा का अहंकार, वासना, दुष्परिणामों को देखकर दर्शक भाव विभोर हो उठे। दर्शकों ने अनुभव किए कि अनियंत्रित इच्छाएं और घमंड इंसान के पतन का कारण पैदा होता है। सूर्णपखा प्रतिशोध की ज्वाला में धधकते हुए खर दूषण के पास गई और सारी बात कही। खर और दूषण अपनी विशाल सेना के साथ प्रभु श्री राम से युद्ध करने आ धमका।भीषण युद्ध हुआ अंत में प्रभु श्री राम ने अपने अचूक दिव्य वाणों से अत्याचारी खर-दूषण का वध कर वन को आतंक मुक्त कर दिया। इस धर्म विजय पर पूरा रामलीला मैदान में जय श्रीराम के गगन भेदी जयकारों से वायु मंडल गूंज उठा। मौके पर रामलीला समिति अध्यक्ष हरवंश उपाध्याय, व्यास रविन्द्र दुबे, लल्लन रस्तोगी, श्याम बिहारी दुबे, संजीवन मिश्रा, बसंत मिश्रा, संजय मिश्रा, गणेश अग्रहरि, विकास गुप्ता, जयकृष्ण रस्तोगी, महेश अग्रहरि, मनीष मौर्या, यश दुबे, भरत रस्तोगी, शिव रस्तोगी, नीरज अग्रहरि, मुन्ना अग्रहरि, निकेश जायसवाल, नंदलाल जायसवाल आदि रहें।

बेटी के साथ घटित घटना पर काररवाई न होने से परिजन मायूस

धानापुर। स्थानीय कस्बे में विगत माह 17 सितंबर को रायपुर जगनिया मार्ग पर मोहम्मद यूनुस शाह की 18 साल की बेटी नाजमा बानो मजार के पास बेहोश मिली थी। उसके गले पर गंभीर चोट के निशान थे। युवती की हालत गंभीर होने पर वाराणसी के ट्रामा सेंटर रेफर किया गया था । काफी इलाज के बाद लड़की पांच दिन पहले घर आयी है । उक्त घटना मे शामिल आरोपी की पहचान भुक्त भोगी ने पुलिस को बयान मे बता दी गयी मगर धानापुर की लापरवाह पुलिस ने अपराधियों के दबाव में आकर कई दिन बाद भी अभियुक्त की गिरफ्तारी न होने से परिजनों में डर का माहौल है। लोगों की निगाहें अब पुलिस कार्रवाई पर टिकी हैं नाजमा के पिता यूनुस शाह ने बेटी के साथ मारपीट करने वाले आरोपी पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है और कहा कि अपराधी मुसलमान होता तो उसके घर बुलडोजर चल गया होता योगी का बुलडोजर कहां है आरोपी कहां है अगर पकड़ा गया तो उसे जेल क्यों नहीं भेजा गया। वही नाजमा की बड़ी बहन ने भी कड़ी कार्रवाई की मांग की है। नाजमा के घर सुरक्षा को देखते हुए एक सिपाही की तैनाती की गई है और परिवार को सुरक्षा का ध्यान रखा जा रहा है। कम्युनिस्ट पार्टी माले के नेता श्रवण कुशवाहा ने पीड़ित परिजनों से मुलाकात की और कहा कि परिवार को न्याय दिलाने के लिए अखिल भारतीय किसान महासभा और कम्युनिस्ट पार्टी सड़क पर उतरने कि चेतावनी दी है। वही स्थानीय लोगों के अनुसार लड़की के बयान के तुरंत बाद ही रात्रि 7 बजे के करीब आरोपी सोनू मौर्य को पुलिस उठा ले गयी और क्या कार्रवाई हुई कुछ भी नहीं चल पा रहा है। इस सम्बन्ध मे थाना प्रभारी सूर्यप्रकाश मिश्रा द्वारा गिरफ्तारी से इनकार करने की बात कही गयी है जों चर्चा का विषय बना हुआ है। सोनू को ले जाते समय आसपास के कई लोगों ने देखा है और सोनू इस समय कहां है, पता नहीं चलने से परिजन भी परेशान हैं और सोनू के पिता चंदौली एसपी से गुहार भी लगा चुके हैं।

११ पूजा जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

मुगलसराय। आगामी पर्व-त्योहारों के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है । इसी कड़ी में हुब्बल्लि, बेंगलुरु, नागपुर, उधना, अमृतसर, दिल्ली, गोरखपुर एवं टाटा जैसे प्रमुख शहरों तथा पूर्व मध्य रेल के विभिन्न स्टेशनों के मध्य स्पेशल ट्रेनों के परिचालन किया जाएगा है। गाड़ी संख्या 07315/07316 हुब्बल्लि-मुजफ्फरपुर-हुब्बल्लि स्पेशल (हाजीपुर-पाटलिपुत्र- डीडीयू-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर-भुसावल-पुणे के रास्ते के रास्ते) गाड़ी संख्या 07315 हुब्बल्लि-मुजफ्फरपुर स्पेशल 13 अक्टूबर से 24 नवम्बर तक प्रत्येक मंगलवार को हुब्बल्लि से 16:45 बजे खुलकर बुधवार को 04:45 बजे पुणे सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए गुरूवार को 08:30 बजे डीडीयू, 09:40 बजे बक्सर, 10:33 बजे आरा, 11:23 बजे दानापुर, 12:00 बजे पाटलिपुत्र, 13:00 बजे हाजीपुर रुकते हुए 14:30 बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी।

सैदूपुर में १६, इलिया में १७ को सजेगी डांडिया की महफिल

इलिया । शारदीय नवरात्र की भक्ति, उल्लास और उमंग के बीच चकिया क्षेत्र में इस बार डांडिया उत्सव की अनूठी छटा बिखरने जा रही है। क्षेत्र में पहली बार भव्य डांडिया उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत 16 अक्टूबर को सैदूपुर और 17 अक्टूबर को इलिया में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित होंगे। आयोजन को लेकर क्षेत्रवासियों, विशेषकर महिलाओं और युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। नवरात्र की सप्तमी तिथि पर गुरुवार की शाम सैदूपुर में डांडिया उत्सव की धूम मचेगी। रंग-बिरंगी रोशनी,संगीत की मधुर स्वर लहरियों और डांडिया की खनक के बीच उत्सव का माहौल भक्तिमय होने के साथ हीउल्लासपूर्ण बनेगा। वहीं शुक्रवार को इलिया में इस आयोजन की रौनक देखने को मिलेगी। उत्सव में डांडिया, नृत्य और संगीत के माध्यम से लोगों को मनोरंजन के साथ अपनी सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलेगा। महिलाओं और परिवारों के लिए विशेष रूप से डांडिया की व्यवस्था की गई है, ताकि लोग अपनों के साथ नवरात्र के पावन पर्व की खुशियां साझा कर सकें। दोनों स्थानों पर आयोजन को यादगार बनाने के लिए तैयारियां की जा रही हैं। आयोजकों को उम्मीद है कि यह उत्सव क्षेत्र में सामाजिक मेल-मिलाप,आपसी सौहार्द और सांस्कृतिक एकता को नई ऊर्जा देगा। नवरात्र की आराधना के बीच डांडिया की थाप पर थिरकते कदम उत्सव में चार चांद लगाएंगे।

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान का अपर आयुक्त ने की जांच

चंदौली। प्रदेश के युवाओं को आत्मनिर्भर और उद्यमी बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के तहत जनपद में संचालित ऋण प्राप्त इकाइयों का स्थलीय सत्यापन किया गया। कानपुर मुख्यालय से आए अपर आयुक्त उद्योग हरीश प्रताप सिंह ने आज औचक निरीक्षण कर धरातल पर चल रहे कार्यों का जायजा लिया और प्रगति की समीक्षा की। सत्यापन अभियान के दौरान अपर आयुक्त उद्योग ने जनपद में विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित स्वरोजगार इकाइयों का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान ऑटोमोबाइल रिपेयरिंग यूनिट, स्वीट मेकिंग (मिष्ठान निर्माण) इकाई, आरओ प्लांट यूनिट इकाइयों का भौतिक सत्यापन किया गया। अधिकारियों ने इकाइयों के संचालन, उत्पादन गुणवत्ताए और ऋण राशि के सदुपयोग की स्थिति को परखा तथा उद्यमियों से संवाद कर उनकी समस्याओं को भी सुना। जनपद में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान हेतु कुल लक्ष्य 1700 इकाइयां प्राप्त हुआ है जिसके सापेक्ष बैंकों को प्रेषित आवेदन 1510 आवेदन, ऋण वितरण (वितरित मामले) बैंकों के सहयोग से अब तक 580 आवेदनों में सफलतापूर्वक ऋण का वितरण किया जा चुका है। इस निरीक्षण और सत्यापन प्रक्रिया के दौरान उपायुक्त उद्योग उदय प्रकाश, सहायक आयुक्त उद्योग ध्रुव सिंह, तथा सीएम युवा फेलो पूरी टीम के साथ उपस्थित रहे।

मौसम के बदलने से वायरल फीवर का प्रकोप

चंदौली । अक्टूबर का महीना आगे बढ़ने के साथ ही जिले के मौसम में बदलाव दिखने लगा है। दिन और रात के तापमान में गिरावट से ठंड का असर धीरे-धीरे बढ़ रहा है। मौसम के बदलने से वायरल फीवर का प्रकोप बढ़ रहा है। बुधवार को अधिकतम तापमान सोमवार के 31 डिग्री के मुकाबले एक डिग्री गिरकर 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, न्यूनतम तापमान भी 23 से एक डिग्री कम होकर 22 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। दिन में धूप निकलने से गर्मी का एहसास हो रहा है, लेकिन शाम ढलने के बाद मौसम ठंडा होने लगता है। रात 10 बजे के बाद ठंड का असर बढ़ जाता है, जो भोर तक बना रहता है। सुबह बाहर निकलने वाले लोगों को भी ठंड महसूस होने लगी है। मौसम में बदलाव के साथ रात और सुबह हल्के गर्म कपड़ों की जरूरत पड़ने लगी।

गरबा बुराई पर अच्छाई की जीत का उत्सव-अश्वनी

मुगलसराय। नगर के एक लॉन में मंगलवार की रात्रि डांडिया नाईट गरबा नित्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अतिथि प्रमुख समाज सेवी अश्वनी शुक्ला, युवा भारतीय मंच के संरक्षक सुनील कुमार यादव देवता व किन्नर समाज की सलमा चौधरी रही। इस दौरान अतिथियों को पुष्प गुच्छ व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर आयोजको द्वारा समाजसेवा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाले लोगों के प्रति सम्मान व प्रोत्साहन कि भावना व्यक्त की गई। कार्यक्रम के दौरान पारम्परिक गरबा और डांडिया की सांस्कृति छटा देखने को मिली। रंग बिरंगी रौशनी आर्कषक साज-सज्जा व उत्साह पूर्ण माहौल ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर प्रमुख समाज सेवी अश्वनी शुक्ला ने कहा की गरबा समारोह का अपना एक धार्मिक महत्व है । हमारे देश में गरबा समारोह सदियों से आयोजित किया जाता रहा है। गरबा शब्द संस्कृत के गर्भ से बना है, जिसका अर्थ है गर्भ या गर्भाशय। पारंपरिक रूप से यह नृत्य एक छिद्रित मिट्टी के चारो ओर किया जाता है। जिसके भीतर एक जलता हुआ दीपक होता है, जिसे गर्भदीप भी कहा जाता है। यह दीपक शरीर के भीतर मौजूद जीवंत उर्जा और आत्मा का प्रतिक है। गरबा के माध्यम से भक्त ब्रम्हांड की मूल शक्ति को नमन करते और बुराई पर अच्छाई की जीत का उत्सव मनाते है। इस अवसर पर प्रमुख समाज सेवी व पूर्व प्राचार्य डा. अनिल यादव भी उपस्थित थे।

मिशन शक्ति ५.0 के तहत कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम

चकिया। सावित्रीबाई फुले राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण के तहत कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. संगीता सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना की जानकारी देते हुए उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और कैरियर निर्माण के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. पवन कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को कैरियर के बेहतर विकल्प चुनने, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने और निर्धारित लक्ष्य को हासिल करने के तरीके बताए। उन्होंने कहा कि सफलता के लिए आत्मविश्वास, अनुशासन और निरंतर मेहनत आवश्यक है। सही दिशा में किया गया प्रयास विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य तक पहुंचाने में सहायक होता है। प्राचार्य प्रो. संगीता सिन्हा ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन करने और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाते हुए अपने भविष्य को बेहतर बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए मिशन शक्ति 5.0 के प्रभारी डॉ. रोहित यादव ने मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं की योजनाबद्ध तैयारी पर जोर दिया। इस अवसर पर डॉ. रमाकांत गौड़, डॉ.मिथिलेश कुमार सिंह, डॉ. अमिता सिंह, डॉ. शमशेर बहादुर, डॉ. सुरेंद्र कुमार सिंह सहित महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी मौजूद रहे।

मांगें पूरी होने तक आशा, संगिनी का कार्य बहिष्कार

कमालपुर। बरहनी विकास खण्ड में आशा और आशा संगिनी कार्यकर्ताओं ने अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार का एलान किया है। बुधवार को जिला महामंत्री रेशमा के नेतृत्व में ब्लॉक की आशा और आशा संगिनी कार्यकर्ताओं ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरहनी के चिकित्सा अधिकारी डॉ. शैलेंद्र कुमार को अपनी मांगों से संबंधित पत्र सौंपा। कार्यकर्ताओं ने कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक कार्य बहिष्कार जारी रहेगा। कार्यकर्ताओं ने टीकाकरण, नसबंदी कार्य, संचारी रोग अभियान, एएए की बैठक और क्लस्टर मीटिंग का बहिष्कार करने की बात कही। उन्होंने कहा कि आशा और आशा संगिनी ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इसके बावजूद उनकी मांगों पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने से उनमें नाराजगी है। इसी के चलते उन्होंने अपनी मांगों के समर्थन में आंदोलन का रास्ता अपनाया है। कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट किया कि मांगों के समाधान तक वे नियमित विभागीय गतिविधियों में सहयोग नहीं करेंगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से समस्याओं का जल्द समाधान कराने की मांग की, ताकि कार्य बहिष्कार समाप्त कर स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारु रूप से संचालित किया जा सके। इस दौरान रेशमा, संतोषी, इंदु, आरती, मेहरू, निशा सहित ब्लॉक की अन्य आशा और आशा संगिनी कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

मुख्यमंत्री की जनसभा की तैयारियों का लिया जायजा

जिलाध्यक्ष ने पार्टी कार्यकर्ताओं संग किया निरीक्षण, सफल बनाने की अपील

मीरजापुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की 15 अक्टूबर को विंध्याचल के पास कालीखोह मोड़ पर प्रस्तावित जनसभा को सफल बनाने के लिए भाजपा ने तैयारियां तेज कर दी हैं। बुधवार शाम भाजपा जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने जनसभा स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया इस दौरान मंच निर्माण, लोगों के बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा, आवागमन तथा अन्य आवश्यक तैयारियों की जानकारी ली गई। पार्टी पदाधिकारियों ने सभी व्यवस्थाओं को समय से पूरा करने और आपसी समन्वय के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने पर जोर दिया भाजपा जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा और उत्साह के साथ जुटे हैं। उन्होंने सभी जिम्मेदार पदाधिकारियों से व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित ढंग से पूरा करने तथा अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया निरीक्षण के दौरान क्षेत्र महामंत्री विद्याधर तिवारी, एमएलसी विनीत सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कनौजिया, पूर्व जिलाध्यक्ष उत्तर कुमार मौर्य, जिला उपाध्यक्ष हेमंत त्रिपाठी, गौरव उमर, इंद्र कुमार सिंह, सुनीता शर्मा, जिला महामंत्री स्वामीनाथ सिंह, डॉ. सीएल बिंद, संध्या पटेल, रोहित त्रिपाठी, जिला मीडिया प्रभारी पं. भावेश शर्मा, मनोज दुबे, अमित सिंह, सुरेंद्र सिंह, तारांचद अग्रहरि, रुद्रेश प्रताप सिंह, राकेश बिंद, संतोष पाठक, पुष्पेंद्र द्विवेदी, विजय शक्ति दुबे, रतन कुमार सिंह और प्रवीण दुबे सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

निरीक्षण करते जिलाध्यक्ष व अन्य। छायाः आज

मुख्यमंत्री का दौरा आज, विंध्य की पौड़ी का करेंगे निरीक्षण

मीरजापुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज मां विंध्यवासिनी धाम में दर्शन-पूजन करने पहुंचेंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार, मुख्यमंत्री सुबह 10-50 बजे विंध्याचल स्थित मोतिया झील पर उतरेंगे। इसके बाद मां विंध्यवासिनी मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे। मुख्यमंत्री गंगा घाट पर निर्माणाधीन विंध्य की पौड़ी का निरीक्षण कर परियोजना की प्रगति का जायजा लेंगे। इसके बाद कालीखोह मंदिर के पास आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। शिक्षक विधान परिषद प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित जनसभा को मुख्यमंत्री संबोधित करेंगे। कार्यक्रम संपन्न होने के बाद मुख्यमंत्री प्रयागराज के लिए रवाना होंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिला प्रशासन सतर्क है। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक सहित विभिन्न अधिकारियों ने हेलीपैड तथा विशिष्ट अतिथि गृह का निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा की। सुरक्षा व्यवस्था और अन्य आवश्यक इंतजामों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

कालीखोह के पास शिक्षक विधान परिषद प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को करेंगे संबोधित

लूना-मैजिक में भिड़ंत, एक की मौत, एक घायल

पड़री। थाना क्षेत्र के मोहनपुर पहाड़ी के पास लूना मोटरसाइकिल और छोटी मैजिक के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में लूना सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के भरपुरा गांव निवासी भोलानाथ उर्फ नन्हकू 55 पुत्र कल्लू अपने गांव के प्यारेलाल उर्फ बऊ 58 पुत्र सहदू को लूना मोटरसाइकिल पर बैठाकर मोहनपुर में रामलीला देखने जा रहे थे। जैसे ही दोनों मोहनपुर पहाड़ी के पास पहुंचे, सामने से आ रही छोटी मैजिक ने उनकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों

रामलीला देखने जा रहे थे दोनों

गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पड़री पहुंचाया गया। वहां प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. आनंद कुमार सिंह ने भोलानाथ उर्फ नन्हकू को मृत घोषित कर दिया। वहीं, प्राथमिक उपचार के बाद प्यारेलाल उर्फ बऊ की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि मृतक के बेटे लालबहादुर की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सीएम आगमन पर गंगा घाट से भिक्षुओं को हटाया

विन्ध्याचल। शारदीय नवरात्र के पांचवे दिन प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विन्ध्य दरबार में आगमन हो रहा है। कार्यक्रम के अनुसार, मां विन्ध्यवासिनी का दर्शन पूजन करने के पश्चात गंगाघाट पर निर्माणाधीन विन्ध्य की पैड़ी का भी अवलोकन करेंगे। सीएम के कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन व पुलिस ने घाटों के किनारों पर स्थित भवनों के ऊपर भी सुरक्षा कारणों से पुलिसकर्मियों की तैनाती सुनिश्चित कर रखी है, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण विषय वर्षों से प्रत्येक नवरात्र में दूर दराज से भिक्षाटन के लिए आने वाले दर्जनों भिक्षुओं को परिवार सहित नवरात्र के तीसरे दिन पुलिस डेरा डंडा सहित घाटों से खदेड़ दिया।

आभूषण साफ करने के बहाने चोरों ने उड़ाये गहने, दो गिरफ्तार

सीखड़। चुनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत शिल्पी गांव में मंगलवार को दो चोर आभूषण साफ करने के बहाने एक महिला की सोने की मंगलसूत्र व झुमका उड़ा कर नकली आभूषण देकर रफूचक्कर हो लिए। महिला के पति के घर आने पर सच्चाई पता चली तो पति द्वारा चुनार पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने जाल बिछाया शुरू किया और देर रात दोनों चोर पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दोनों को जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार चुनार थाना क्षेत्र के शिल्पी गांव निवासी गीता देवी पत्नी राम सिंह मंगलवार की दोपहर में घर पर अकेली थी और दो युवक आभूषण साफ करने के बहाने गीता से मंगलसूत्र और झुमका साफ करा लेने को कहा और आभूषण साफ करने के बहाने नकली आभूषण देकर फरार हो गए। गीता देवी के पति राम सिंह जब घर वापस आया तो गीता देवी ने घटना की जानकारी दी। राम सिंह ने इसकी सूचना चुनार थाना को दी। सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई और मुखबिर की सूचना पर चुनार थाना क्षेत्र के पैगापुर मोड़ से दो संदिग्ध युवक चुलबुल पुत्र राजेन्द्र निवासी बिसौरी जनपद चंदौली व गोविंद पुत्र चाऊ निवासी छितौनी थाना लोहता वाराणसी को हिरासत में लेकर पुछताछ की तो चोरी की बात स्वीकार किया। उपनिरीक्षक सरोज चौबे ने बताया कि चोरों के पास से सोने की मंगलसूत्र व झुमका बरामद कर लिया गया है।

जहरीले जंतु के काटने से छात्र अचेत

हलिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के बेदउर गांव के एक प्राथमिक विद्यालय में अध्ययन रत कक्षा पांच के छात्र को मंगलवार को किसी जहरीले जंतु ने काट लिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के बेदउर गांव निवासी विकास का बेटा विशाल (10) प्राथमिक विद्यालय बेदउर में कक्षा 5 का छात्र है। मंगलवार को लगभग दो बजे दिन विद्यालय रूम के बाहर कैम्पस में एक पटिया पर कोर्स पूरा कर रहा था इसी दौरान दहिने पैर में एक जहरीले जंतु ने काट लिया शिक्षक ने इसकी सूचना परिजनों को दी परिजनों ने तत्काल एक विद्या के यहां दवा उपचार हेतु ले गए जहां बुधवार सुबह आराम न मिलने के कारण पैर में जलन होने लगी। हालत खराब होने पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए जहां पर उपचार चल रहा है।

तीसरे दिन भी भक्तों से भरा रहा मां का दरबार

विन्ध्याचल। शारदीय नवरात्र के तीसरे दिन भी श्रद्धालुओं से मां विन्ध्यवासिनी का दरबार भरा रहा। गंगा घाटों से लेकर पहाड़ पर स्थित मंदिर भी भक्तों से गुलज़ार दिखाई दिए। वाहन पार्किंग से लेकर समस्त मार्गों पर स्थित दुकानदारों के भी चेहरे खिले दिखाई दिए। मध्य रात्रि से लेकर दोपहर दो बजे तक अच्छी खासी श्रद्धालुओं की संख्या अच्छी खासी रही। फिर धीरे धीरे संख्या कम होती दिखी। इस नवरात्र में विशिष्ट प्रवेश में पारदर्शिता के चलते आम श्रद्धालुओं की कतार बढ़ी। आसानी से आगे बढ़ती दिखाई दे रही है। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार और पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक लगातार मेला क्षेत्र की मॉनिटरिंग करते हुए दिखाई दे रहे हैं। नगर मजिस्ट्रेट अविनाश कुमार की कुशल संवाद कौशल से व्यवस्था और भी सुदृढ़ होती दिख रही है। नवरात्र की पूर्व संध्या पर अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी नवीन अरोरा के इस निर्देश का पालन भी ड्यूटीरत पुलिसकर्मी करते नजर आ रहे हैं कि आम श्रद्धालुओं से सरलतापूर्वक व्यौहार करते हुए उन्हें सुगम दर्शन सुविधा उपलब्ध कराएं।

नवरात्र मेला एटीएस के हवाले, चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात

विंध्याचल। विंध्याचल धाम में चल रहे नवरात्र मेले की सुरक्षा व्यवस्था एटीएस के हवाले कर दिए गए हैं। हालांकि पुलिस प्रशासन चप्पे चप्पे पर तैनात किए गए हैं। सीसीटीवी कैमरे से निगरानी हो रही है। मां विंध्यवासिनी मंदिर प्रांगण, परिक्रमा पथ, पुरानी वीआईपी रोड, नई वीआईपी रोड व गंगा घाटों पर पर भ्रमण करते नजर आए। वहीं, रेलवे स्टेशन रोडवेज एवं त्रिकोण परिक्रमा पथ पर एटीएस के जवान निगरानी कर रहे हैं। मेला क्षेत्र में 24 घंटे ड्यूटी में जुटे हुए हैं। नवरात्र के चौथे दिन 8 लाख संख्या में श्रद्धालु दर्शन पूजन करने पर आए। उनकी सुरक्षा की दृष्टि से दिनभर भ्रमण करते रहे। एंटेंस प्लाजा के छत पर सीसीटीवी कंट्रोल रूम बनाए गए हैं। 24 घंटे निगरानी हो रही है, इसके अलावा पुलिस प्रशासन के जवान चप्पे चुप्पे पर ड्यूटी करते नजर आए भक्तों की सेवा के लिए सादे वर्दी में पुलिस के जवान तैनात किए गए हैं।

जयप्रकाश भारतीय भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष

मीरजापुर। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय बरौंधा कचार स्थित सभागार में बुधवार को भाजपा अनुसूचित मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष जयप्रकाश भारतीय का स्वागत एवं अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज मुख्य अतिथि तथा काशी क्षेत्र महामंत्री विद्या तिवारी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का स्वागत कर उन्हें नई जिम्मेदारी की बधाई दी। भाजपा जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज ने जयप्रकाश भारतीय को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संगठन ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करें। उन्होंने संगठन के विस्तार और मजबूती के लिए सक्रियता से कार्य करने की अपील की। काशी क्षेत्र महामंत्री विद्या तिवारी ने भी उनके सफल कार्यकाल की कामना की। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष जयप्रकाश भारतीय ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व एवं जिला नेतृत्व के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि संगठन ने एक सामान्य कार्यकर्ता पर विश्वास जताकर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है। वह अनुसूचित समाज के सभी वर्गों तक केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने, बूथ स्तर पर मोर्चे को मजबूत करने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्य करेंगे। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष अनिल पासी ने किया। इस दौरान इंद्र कुमार सिंह, प्रदीप कुमार सोनकर, रामासरे सरोज, विजय शंकर दुबे, वीरेंद्र कुमार मौर्य, विनोद कुमार चौधरी, रामनरेश सोनकर समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्वागत करते जिलाध्यक्ष व अन्य। छायाः आज

गड़बड़ा धाम में मां के दरबार में लगी भक्तों की कतार

हलिया। नवरात्र के चौथे दिन बुधवार को मां गड़बड़ा शीतला धाम में मां के दरबार में पहुंचकर भक्तों ने माथा टेका और अपने परिवार की सुख शांति की मन्नत मांगी। कोई घर परिवार की खुशहाली के लिए पहुंचा तो कोई बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य की कामना लेकर मां के चरणों में हाजिरी लगाने आया। उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर प्रयागराज सोनभद्र के दूर दराज गांवों सहित मध्य प्रदेश के रीवा मऊगंज, हनुमना, सिंगरौली व सीधी तक के लोगों में आज भी गड़बड़ा मां शीतला के प्रति गहरी आस्था बनी हुई है। घर के बड़े बुजुर्ग जिस श्रद्धा से मां के दरबार में आते रहे, उसी राह पर आज की नई पीढ़ी भी चल रही है। नवरात्र आते ही लोगों के मन में मां के दर्शन की चाह जाग उठती है। यही वजह है कि मां के दरबार से लोगों का जुड़ाव आज भी बना हुआ है। भक्त मां के दरबार में सुख समृद्धि तथा परिवार की सलामती की अरदास लगाते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार, नवरात्र के चौथे दिन मां दुर्गा के स्वरूप मां कूष्मांडा की पूजा की जाती है। भक्त मां की आराधना कर जीवन में सुख और खुशहाली की कामना करते हैं। नवरात्र में श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर धाम परिसर में स्थानीय पुलिस के साथ महिला कांस्टेबल तैनात रहीं। पुलिसकर्मियों ने सुरक्षा व्यवस्था पर नजर बनाए रखी, ताकि दर्शन पूजन के लिए पहुंचने वाली महिलाओं और अन्य श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। भक्तों के लिए मां का दरबार केवल पूजा अर्चना की जगह नहीं, बल्कि मन की मुराद लेकर आने और परिवार की भलाई की प्रार्थना करने का भी स्थान है।

सात माह की बच्ची की मिली लाश

हलिया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया के परिसर में बुधवार को करीब सात माह की बच्ची का शव मिलने से हड़कंप मच गया। परिसर में बाउंड्रीवाल के किनारे घास में बच्ची का शव पड़ा देख मरीजों ने स्वास्थ्य कर्मियों को इसकी जानकारी दी, इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की ओर से हलिया पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक निर्मल ने बताया कि परिसर में बाउंड्रीवाल के किनारे घास में बच्ची मृत अवस्था में पड़ी थी। मरीजों की नजर शव पर पड़ने के बाद इसकी जानकारी स्वास्थ्य कर्मियों को दी गई। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र में किसी बच्ची का जन्म मृत अवस्था में नहीं हुआ है। आशंका है कि किसी व्यक्ति द्वारा बच्ची को लाकर परिसर में छोड़ दिया गया हो। मामले की लिखित सूचना हलिया पुलिस को दी गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग से सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की।

सड़क दुर्घटनाओं में दो महिलाएं जख्मी

हलिया। क्षेत्र में बुधवार को हुए दो अलग अलग सड़क हादसों में दो महिलाएं गंभीर रूप से चोटिल हो गईं। दोनों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लाया गया, यहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। पहला हादसा बुधवार दोपहर करीब दो बजे हलिया ड्रमंडगंज मार्ग पर हुआ। हलिया गांव निवासी कांति देवी अपने घर की ओर जा रही थीं। इसी बीच पीछे से आ रही बाइक ने उन्हें धक्का मार दिया। टक्कर लगने से वह सड़क पर गिर पड़ीं और गंभीर रूप से घायल हो गईं। आसपास मौजूद लोगों की सहायता से उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया पहुंचाया गया। वहां चिकित्सक डॉ. रीना ने उनका उपचार किया और हालत को देखते हुए आगे के इलाज के लिए रेफर कर दिया। दूसरी घटना ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के भैसोड़ बलाय गांव की है। गांव निवासी रामकली (60) बाइक पर सवार होकर दवा कराने ड्रमंडगंज जा रही थीं। रास्ते में बाइक का संतुलन बिगड़ गया, जिससे वह सड़क पर गिरकर बुरी तरह चोटिल हो गईं। जानकारी मिलने पर 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और परिजन की मदद से उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लाया गया, यहां डॉ. रीना ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें ट्रामा सेंटर भेज दिया।

संक्षेप

दिव्यता, भव्यता से चमक उठा विंध्य कारिडोर

विंध्याचल। भव्य दिव्य और नव्य विंध्य कॉरिडोर विंध्याचल में लगभग बनकर तैयार हो चुका है विशेष रोशनी से की गई भव्य सजावट एक अलौकिक छठा बिखेर रही है कॉरिडोर के निर्माण हो जाने से संपूर्ण विन्ध्य क्षेत्र धार्मिक उत्साह से सराबोर है विंध्य कॉरिडोर की अनुपम छटा हर कोई निहार रहा है अपने दिव्यता और भव्यता से संपूर्ण विंध्याचल चमक उठा है नागर शैली में बने बिना कॉरिडोर की अनुपम छटा देखते ही बन रही है सूर्यास्त होते ही विंध्याचल मंदिर की तरफ जाने के लिए रास्तों पर बने भव्य सिंह द्वार पर की गई लाइटिंग की अलौकिक छटा मन मोह ले रही है शारदीय नवरात्र में देवी दरबार में आने वाले श्रद्धालुओं ने मुख्य गेट पर एवं परिक्रमा पंथ में बने नकासीदार परकोटा में अपने परिजनों के साथ सेल्फी पोज लेते नजर आ रहे हैं जो रात्रि में एक अद्भुत नजारा देखने को मिल रहा है।

जिला प्रशासन, आपूर्ति विभाग ने की भक्तों की सेवा

विंध्याचल। शारदीय नवरात्र मेले के दौरान मां विंध्यवासिनी माता के दरबार में दर्शन पूजन करने के लिए ट्रेनों से सफर करते हैं उनके लिए विन्ध्य विद्यापीठ इंटर कॉलेज के प्रांगण में निशुल्क और बसेरा बनाए गए हैं विशाल टेंट शौचालय बिजली पानी आदि की व्यवस्थाएं की गई है वह खाद एवं रसद विभाग की ओर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी पूड़ी सब्जी इंस्टाल लगाए गए हैं कोटेदार संघ अध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल ने बताया कि प्रत्येक नवरात्र में आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा की जाती है जो सुबह से लेकर रात्रि तक सेवा भाव से चल रहे हैं।

महाकाली के दरबार में उमड़े श्रद्धालु

विंध्याचल । शारदीय नवरात्र की चतुर्थी तिथि पर काली खोह पहाड़ पर विराजमान महाकाली के दरबार में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी तरह-तरह के पुष्पों से मां का किया गया भव्य श्रृंगार का दर्शन पाकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे माता का दर्शन पूजन करने के बाद भक्तजनों ने मंदिर परिसर में रक्षा बांध मन्नते मांगी तत्पश्चात श्रद्धालुओं ने पहाड़ पर लगूरों को चना गुड आदि ग्रहण करा कर पुण्य कमाया देवी मंदिर में सुबह से लेकर देर रात तक दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा मां के जयकारे से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो रहा ।

मां अष्टभुजी देवी का दर्शन पाकर श्रद्धालु निहाल

विंध्याचल । अष्टभुजा पहाड़ पर पहुंचे दर्शनार्थी मां अष्टभुजी देवी के भव्य स्वरूप का दर्शन करके अभिभूत हो उठे मां विंध्यवासिनी देवी का दर्शन पूजन करने के बाद किसी ने रोपवे के माध्यम से तो किसी ने सीढ़ियां चढ़कर देवी मां का दर्शन पूजन किया मां का दर्शन पूजन करने के लिए अष्टभुजा पहाड़ के नीचे श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रही कतार में खड़े आस्थावान हाथ में नारियल चुनरी माला फूल प्रसाद लिए मां का जय जय कार लगाते हुए देवी धाम की तरफ बढ़े चढ़े जा रहे थे नवरात्र की चतुर्थी तिथि पर अष्टभुजी मंदिर की भव्य और अलौकिक छटा देखते ही बन रही थी।

लापता युवती बरामद, जांच में जुटी पुलिस

छानबे। जिगना थाना क्षेत्र के एक गांव से लापता युवती को जिगना पुलिस ने डेढ़ माह बाद बुधवार को सुबह बिहसडा बाजार के पास से बरामद कर विधिक कार्रवाई में जुटी है। थाना क्षेत्र के एक गाँव से पांच सितम्बर को लापता 20 वर्षीय युवती के सम्बन्ध में परिजनों ने जिगना थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जिसकी तलाश पुलिस कर रही थी।

मैजिक की टक्कर से बाइक सवार घायल

छानबे। गैपुरा लालगंज मार्ग कठवैया कर्णावती नदी के पास बुधवार की सुबह आठ बजे मैजिक की टक्कर से बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया, जिसे मंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि बाइक सवार रमेश पाल (30) विजयपुर की ओर से गैपुरा की तरफ़ आ रहा था। पीछे से तेज रफ़्तार से आ रही मैजिक ने टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र विजयपुर सरोंई ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉ. पुनीत अग्रवाल ने मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र विजयपुर के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. पुनीत अग्रवाल ने बताया कि गैपुरा लालगंज मार्ग पर कठवैया नदी के पास मैजिक की टक्कर से गम्भीर रूप से घायल बाइक सवार रमेश पाल (30) निवासी कटरा बाजार औराई संत रविदास नगर को प्राथमिक उपचार के बाद मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

छात्राओं के स्वास्थ्य, स्वच्छता की पहल, एसबीआई ने बांटे सेनेटरी पैड

इमिलियाचट्टी। छात्राओं के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारतीय स्टेट बैंक की चुनार शाखा की ओर से राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, चुनार में सेनेटरी पैड का वितरण किया गया। इस पहल के माध्यम से छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने तथा अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में एसबीआई चुनार शाखा के शाखा प्रबंधक सितेश सिंह एवं राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या रश्मि सिंह उपस्थित रहीं। इस दौरान छात्राओं के स्वास्थ्य और व्यक्तिगत स्वच्छता से जुड़े विषयों को महत्व देते हुए सेनेटरी पैड की उपयोगिता पर जोर दिया गया। मासिक धर्म महिलाओं के जीवन की एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। इस दौरान स्वच्छता का ध्यान रखना स्वास्थ्य की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। छात्राओं को सेनेटरी पैड उपलब्ध कराने जैसी पहल से स्वच्छता संबंधी आवश्यकताओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने में मदद मिल सकती है। साथ ही, किशोरियों को स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर सहजता से जानकारी उपलब्ध कराना भी आवश्यकता भी रेखांकित होती है। एसबीआई की चुनार शाखा की इस पहल को छात्राओं के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है। विद्यालय में इस तरह के कार्यक्रम छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति सजग बनाने और स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित कर सकते हैं।

देवांश सोनकर ने जीता कांस्य पदक

मीरजापुर। डैफोडिल्स पब्लिक स्कूल, लोहिया तालाब के कक्षा 12 के छात्र देवांश सोनकर ने सीबीएसई राष्ट्रीय ताइक्कांडो चैंपियनशिप 2026 में कांस्य पदक जीतकर विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। 19 से 24 सितंबर तक हरियाणा के पानीपत स्थित बाल विकास प्रोग्रेसिव स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता में देशभर के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इसमें देवांश ने अंडर-19 आयु वर्ग के 54 किलोग्राम से कम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। देवांश की इस सफलता के पीछे उनकी कड़ी मेहनत, लगन, निरंतर अभ्यास और खेल के प्रति समर्पण रहा है। उनकी उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय की निर्देशिका अपराजिता सिंह ने देवांश की सफलता पर हर्ष जताते हुए कहा कि उनकी उपलब्धि पूरे विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने उम्मीद जताई कि देवांश भविष्य में भी इसी तरह मेहनत और लगन के साथ सफलता की नई ऊंचाइयां हासिल करेंगे। देवांश की इस उपलब्धि से अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों में आगे बढ़ने और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने की प्रेरणा मिलेगी।

पदक जीतने वाले देवांश। छायाः आज

हर्षोल्लास के साथ मना जन्मदिवस

मीरजापुर। डॉ. सरला सर्राफ पब्लिक स्कू में विद्यालय के चेयरमैन वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पत्रकार दिनेश चंद्र सर्राफ का जन्मदिवस हर्षोल्लास, आत्मीयता एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सदस्यों ने उन्हें जन्मदिवस की शुभकामनाएँ देते हुए उनके स्वस्थ, सुखमय एवं दीर्घायु जीवन की मंगलकामना की। दिनेश चंद्र सर्राफ का व्यक्तित्व सेवा, त्याग, समर्पण, संघर्ष और सामाजिक प्रतिबद्धता का प्रेरणादायी उदाहरण है। पत्रकारिता, राजनीति, न्याय के क्षेत्र से जुड़े अनुभवों और अब शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान ने समाज के प्रति उनकी बहुआयामी सोच को अभिव्यक्त किया है। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक आयुष कुमार सर्राफ एवं निदेशिका श्रीमती प्रीति सर्राफ सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं, कर्मचारियों एवं अन्य सदस्यों ने चेयरमैन सर के प्रति अपना सम्मान एवं स्नेह व्यक्त किया।

जन्मदिन मनाते स्कूल स्टाफ। छायाः आज

भगवान के मंदिर की तरह मानव शरीर को भी रखें स्वच्छ-पंकज महाराज

अदलहाट। क्षेत्र के खजुरौल स्थित छत्रपति शिवाजी इंटर कॉलेज परिसर में बुधवार को जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था, मथुरा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत पंकज महाराज ने सत्संग के माध्यम से भक्तों को भक्ति, सदाचार और नशामुक्त जीवन का संदेश दिया। उन्होंने लोगों से शाकाहारी बनने और आपसी भेदभाव मिटाकर प्रेम से रहने की अपील की। प्रवचन में पंकज जी महाराज ने कहा कि परमात्मा एक है, लेकिन मनुष्य जाति-पाति, छुआछूत और हिंदू-मुस्लिम जैसे भेदभाव में उलझा हुआ है। उन्होंने कहा कि गृहस्थ जीवन छोड़ने की आवश्यकता नहीं है। अपने दैनिक कार्यों के साथ प्रतिदिन दो घंटे परमात्मा की भक्ति के लिए निकालने चाहिए। महाराज ने माया, लोभ, मोह और क्रोध जैसी बुराइयों से दूर रहने तथा सभी के प्रति प्रेमभाव रखने का संदेश दिया।

टेम्पो की टक्कर से बाइक सवार मां, पुत्र घायल

अहरौरा। थाना क्षेत्र के जसवां पेट्रोल पंप के समीप टेम्पो की टक्कर से बाइक सवार युवक और उसकी मां घायल हो गए। हादसे के बाद टेम्पो चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। मिली जानकारी के अनुसार, सूरज प्रसाद 21 वर्ष, पुत्र चुन्नी लाल, निवासी मदारपुर, अहरौरा अपनी मां चंद्रवती देवी 52 वर्ष को बाइक पर बैठाकर चुनार से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान जैसे ही वह अहरौरा के जसवां पेट्रोल पंप के समीप पहुंचा, तभी एक टेम्पो ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार युवक और उसकी मां घायल हो गए। हादसे के बाद टेम्पो चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने पर डायल 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उनका उपचार कराया गया।

भीड़ जुटाने के लिए विधायक ने किया जन संपर्क

पटेहरा। विधायक मड़िहान रमाशंकर सिंह पटेल ने अपने विधानसभा क्षेत्र के बहुती न्यायपंचायत के हरदी मिश्र, गुलालपुर, बेलहरा, किरहा आदि दर्जन भर गांव में बैठक करके बृहस्पतिवार को प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ को सुनने हेतु चंदईपुर पहुंचने हेतु प्रेरित किया। साथ ही एमएलसी चुनाव में राष्ट्रवाद और सुशासन के पक्ष में भाजपा प्रत्याशीयो को जिताने हेतु अपील किया। कार्यक्रम में भाजपा के स्थानीय पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता, ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य के साथ सम्मानित लोग रहे। सभी ने भाजपा प्रत्याशियों को जिताने का संकल्प लिया।

निधन के बाद कराया गया नेत्रदान

इमिलियाचट्टी। सार्वदेशिक आर्यवीर दल मिर्जापुर के प्रयास से ग्रामसभा बगही में हीरामनी देवी पत्नी स्व. शिवानंद सिंह के निधन के बाद 14 अक्टूबर को नेत्रदान कराया गया। यह ग्राम पंचायत बगही का आठवां नेत्रदान है। नेत्रदान की प्रक्रिया साह हॉस्पिटल, रामकटोरा, वाराणसी और वाराणसी आई बैंक सोसाइटी के सहयोग से डॉ. अजय सिंह एवं उनकी टीम ने पूरी की। परिजनों की सहमति से किए गए इस पुनीत कार्य से जरूरतमंद लोगों के जीवन में रोशनी आने की उम्मीद जगी है। इस अवसर पर मृतका के परिजन, रिश्तेदार, ग्रामवासी और क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने नेत्रदान के इस निर्णय को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। ग्राम प्रधान रेशु पटेल ने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए इस नेक कार्य के लिए आभार जताया।

दिल्ली प्रदर्शन : विदेश मंत्रालय की यूएन को दो टूक, कहा- भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं

नयी दिल्ली (आससे.)। दिल्ली में विरोध प्रदर्शन को लेकर संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय (ओएचसीएचआर) की टिप्पणी पर भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि इस मामले में जताई गई चिंताएं अनुचित और अस्वीकार्य हैं, क्योंकि यह भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप के समान है।जायसवाल ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय का रवैया चुनिंदा प्रतीत होता है। उन्होंने आरोप लगाया कि दुनिया के अन्य हिस्सों में हो रहे विरोध प्रदर्शनों और कानून लागू करने वाली एजेंसियों की कार्रवाई पर संगठन ने अपने सार्वजनिक बयानों में इसी तरह प्रतिक्रिया नहीं दी है।विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, अगर वे इसी रास्ते पर चलते रहे, तो इससे बहुपक्षवाद में लोगों का विश्वास कम होगा। साथ ही, इससे एक संगठन के रूप में उनकी विश्वसनीयता भी कमजोर होती है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बिम्सटेक देशों के गृह मंत्रियों के संवाद के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत के गृह मंत्री ने इस बैठक की मेजबानी की और इसमें बिम्सटेक के सभी सदस्य देशों ने हिस्सा लिया। जायसवाल के मुताबिक, बातचीत और बैठक के बाद दिल्ली घोषणा को भी स्वीकार किया गया। इसमें बिम्सटेक देशों ने कई क्षेत्रों में सहयोग मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने बताया कि सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई, मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के उपाय और मनी लॉन्ड्रिंग के खिलाफ सहयोग शामिल हैं।

पूर्व मध्य रेल

पत्र संख्या: ECR-DDU0PERS(Misc)/0048/2026 दिनांक: 12.10.2026

सूचना

वॉक–इन इंटरव्यू का स्थगन

शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए पूर्व मध्य रेल इंटर कॉलेज (CBSE), पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में संविदा आधार पर PGT एवं TGT शिक्षकों के नियोजन हेतु अधिसूचना संख्या ECR-DDUOPERS (Misc)/0048/2026 दिनांक 01.10.2026 के तहत **दिनांक 13.10.2026 (PGT) एवं 14.10.2026 (TGT)** को आयोजित होने वाले वॉक–इन इंटरव्यू को प्रशासनिक कारणों से अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। साक्षात्कार की संशोधित तिथियों की सूचना शीघ्र ही दी जाएगी।

सभी संबंधित अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि इस संबंध में अग्रिम जानकारी के लिए पूर्व मध्य रेल की आधिकारिक वेबसाइट **www.ecr.indianrailways.gov.in → Division → Pt. Deen Dayal Upadhyaya → Personnel → Notice** का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें।

किसी भी पूछताछ के लिए: ई–मेल. ecrddugazettedsection@gmail.com, पता: मंडल रेल प्रबंधक (कार्मिक) कार्यालय, डीडीयू, मुगलसराय, चंदौली, उत्तर प्रदेश–232101 (कार्यलयीन समय के दौरान)।

मंडल रेल प्रबंधक (का.),
पूर्व मध्य रेल, डीडीयू

पीआर/1113/डीडीयू/पीईआरएसएल/नोटिस/26–27/56

भारत सरकार, रेल मंत्रालय

रेलवे भर्ती बोर्ड, गोरखपुर

(सांकेतिक सूचना)

वाहन किराये पर लिये जाने हेतु कोटेशन आमंत्रण

रेलवे भर्ती बोर्ड, गोरखपुर द्वारा आयोजित DV एवं CBT परीक्षाओं के संचालन हेतु उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड के विभिन्न शहरों–गोरखपुर, लखनऊ (अयोध्या सहित), इज्जतनगर (बरेली एवं हल्द्वानी सहित) तथा वाराणसी (गाजीपुर सहित)–में दैनिक आधार पर लगभग 70-72 वाहनों (Ertiga/Equivalent एवं Sedan/ Equivalent) की आवश्यकता है। इस हेतु अनुभवी वाहन/टैक्सी सेवा प्रदाताओं से कोटेशन आमंत्रित किए जाते हैं।

आगामी DV एवं CBT परीक्षाओं के लिए 31-03-2027 तक के लिए आवश्यकता के अनुसार वाहन उपलब्ध कराने होंगे। वाहन की दरें 12 घंटे/120 किमी एवं 08 घंटे/80 किमी के आधार पर, सभी लागू करों सहित, अलग–अलग शहरवार प्रस्तुत की जाएँ।

इच्छुक फर्म/एजेंसी अपना कोटेशन दिनांक 20-10-2026 तक अध्यक्ष, रेलवे भर्ती बोर्ड, गोरखपुर के नाम से कार्यालय में जमा कर सकते हैं अथवा रजिस्टर्ड डाक द्वारा भेज सकते हैं। विस्तृत नियम एवं शर्तों की जानकारी हेतु रेलवे भर्ती बोर्ड, गोरखपुर से संपर्क किया जा सकता है।

कोटेशन स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार रेलवे भर्ती बोर्ड, गोरखपुर के पास सुरक्षित रहेगा।

अध्यक्ष
रेलवे भर्ती बोर्ड, गोरखपुर

उत्तर मध्य रेलवे

ई-टेन्डर नं0: पी0आर0वाई0जे0-सिग-410-2026-27 **दिनांकः** 13.10.2026

ई-निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियन्ता/समन्वय/उत्तर मध्य रेलवे/प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए **ई-निविदा** निर्धारित प्रपत्र पर **दिनांक 04.11.2026 को 15:00 बजे** तक आमन्त्रित की जाती है। **कार्य का विवरण निम्न प्रकार हैः-**

कार्य का विवरणः प्रयागराज मण्डल के अलीगढ़ से गाज़ियाबाद सेक्शन में सैक्शनल सिगनलिंग रखरखाव का अनुबंध।

अनुमानित मूल्य (रूपये में): ₹ 7087241.49 (सत्तर लाख सत्तासी हज़ार दो सौ इकतालीस रूपये और उनचास पैसा मात्र)

निविदा प्रतिभूति/धरोहर राशि (रूपये में): ₹ 141800.00 | **कार्य समापन की अवधिः** 12 माह

निविदा बन्द होने/खुलने की तिथि : 04.11.2026

निविदा प्रपत्रों की उपलब्धताः निविदा प्रपत्र **www.ireps.gov.in** पर निविदा खुलने की तिथि से 21 दिन पहले उपलब्ध हो जायेंगे। **बयाने की राशि जमा करना एवं उसका रूपः** निविदाओं में निर्धारित उपरोक्त धरोहर राशि निविदा प्रपत्र के साथ जमा की जाएगी, बिना उचित धरोहर राशि के निविदा किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी और पूर्णतः अस्वीकृत कर दी जाएगी। **निविदा खुलने का समय, तिथि एवं स्थानः** निविदा पूर्व निर्धारित तिथि **15.30 बजे** या उसके बाद ई-निविदा द्वारा मण्डल रेल प्रबंधक, प्रयागराज के कार्यालय में खोली जायेगी। अगर उस दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहे तो निविदा अगले दिन, कार्य दिवस पर खोली जायेगी। **निविदा की वैधताः** निविदा खुलने के 60 दिन तक। **निविदा सम्बंधित रेलवे के अधिकारः** रेलवे प्रशासन का, किसी भी समय बिना कारण बताये कोई एक या सारी निविदाओं को स्थगित/संशोधित/निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। **2341/26(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

उत्तर मध्य रेलवे

ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या. 26/48 दिनांक 13.10.2026

ई-प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रधान मुख्य प्रबन्धक, उ0म0रे0, प्रयागराज (आई.एस.ओ.9001: 2015 प्रमाणित इकाई) निम्नलिखित मदों के लिए ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं।

क्र. सं.	निविदा संख्या	संक्षिप्त विवरण	मात्रा	निविदा खुलने की तिथि
1	70263502	पेंट इनेमल जेंटियन ब्लू	124973 लीटर	10.11.2026
2	70262680	डेकोरेटिव थर्मोसेटिंग सिंथेटिक रेज़िन	25897 नग	10.11.2026
3	70263044	इलेक्ट्रोड होल्डर टाइप ए-600 एम्पियर	13862 नग	10.11.2026
4	6326RGC07A	दिस इंज टेंडर टू इंटर इन्टू रनिंग कान्ट्रैक्ट फॉर मैनुफैक्चर एंड सप्लाई ऑफ पीएससी स्लीपर ऑफ डिफरेंट आरडीएसओ ड्राविंग नं0 टी-4865, टी-4218, टी-6068 & टी-8970-	26855.00 सेट	16-NOV-26
5	6326RGC18	दिस इंज टेंडर टू इंटर इन्टू रनिंग कान्ट्रैक्ट फॉर मैनुफैक्चरिंग एंड सप्लाई ऑफ एचवीएन-इन्सुलेटिंग लाइनर फॉर यूज विथ वाइडर पीएससी स्लीपर टू ड्राविंग नं0 आरडीएसओ/टी-8746 सूटेबल फॉर 60 केजी (यूआईसी)/60ई1 एंड 52 केजी रेलस (एप्लीकेबल फॉर ड्रॉविंग नं0 आरटी-8751) डीआरजीः (आरडीएसओ) आरटी 8751-53.	7763217.00 नग	25-NOV-26
6	38262870	पी यू लाईनिंग (टॉप एंड बॉटम) ऑफ सीसीपीयू साईड बियरर पैड एसेम्बली	44636 सेट	30.10.2026
7	38264244	राउण्ड हेड लॉक बोल्ट-22.22 एमएम डाया, ग्रिप रेंज- 31.75 एमएम टू 38.10 एमएम	296197 पेयर	12.11.2026
8	6326RGC15	दिस इंज टेंडर टू इंटर इन्टू रनिंग कान्ट्रैक्ट फॉर मैनुफैक्चर एंड सप्लाई ऑफ 6.2 एमएम थिक कम्पोजिट ग्रूव्ड रबर सोल प्लेट्स फॉर प्लेसिंग बेनिथ सी.आई. चेयर ऑफ एसईजे (टी-6902) ऑन कंक्रीट स्लीपर कंफर्मिंग टू आरडीएसओ ड्राइंग नं0 टी-10346.	4914.00 सेट	10-NOV-26
9	6326RGC09A	दिस इंज टेंडर टू इंटर इन्टू रनिंग कान्ट्रैक्ट फॉर मैनुफैक्चर एंड सप्लाई ऑफ नायलॉन कार्ड रीइन्फोर्स्ड जीआरएसपी फॉर 1 इन 12 एंड 1 इन 8.5 टर्नआउट विथ ओआरसीएस।	5317.00 सेट	02-NOV-26
10	30262643	स्टैनलेस स्टील वॉश बेसिन	1348 नग	03.11.2026
11	40263188	सेट ऑफ 120 AH VRLA बैटरीज	473 सेट	02.11.2026
12	20263467	आयल कूलर रेडियेटर फॉर कनवर्टर/ ट्रांसफार्मर	22 नग	05.11.2026
13	40261323	BLDC फैन	4353 नग	12.11.2026

नोटः- उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण **IREPS** वेबसाईट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाओं में किसी भी बदलाव/शुद्धि-पत्र के लिए कृपया इस वेबसाईट को नियमित रूप से देखें। **2331/26 (PH)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

आईडीबीआई बैंक की ६०.७२ प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगी सरकार, फेयरफैक्स की कनाडाई कंपनी करेगी अधिग्रहण

